आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी 03:31
उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 16 जून 2025
वर्ष 5, अंक 115, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पर्यटन उद्योग में भारी वृद्धि का अनुमान 12

अमेरिका को निशाना बनाने की न सोचे ईरान : ट्रंप 14

हर नागरिक को तीन साल के अंदर न्याय दिलाने की होगी व्यवस्था : शाह

लखनऊ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी नवनियुक्त सिपाही को नियुक्ति पत्र देते हुए।

गृहमंत्री ने सिपाहियों को दिए नियुक्ति पत्र, कहा- योगी सरकार में अब गुंडों का फरमान नहीं चलता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: अमृत विचार: केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने योगी सरकार की पारदर्शी व समावेशी पुलिस आरक्षी भर्ती प्रक्रिया की जमकर सराहना की। कहा कि नियुक्तियों में न खर्ची, न पर्ची, न सिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ।

पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर हुई। योगी सरकार में अब गुंडों का फरमान नहीं चलता। उन्होंने कहा कि अगले 5 साल में ऐसी व्यवस्था बनने जा रही हैं जिससे हर नागरिक को प्राथमिकी दर्ज होने तीन साल के अंदर न्याय मिल सके। किसी भी एफआईआर के बाद तीन साल में सुप्रीम कोर्ट तक का फैसला हो जाएगा।

वे रविवार को लखनऊ के वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ क साथ भव्य समारोह में 60244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित करने के बाद बोल रहे थे। शाह ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला। शाह ने यूपी में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि यूपी अब दंगों का गढ़ नहीं रहा, बल्कि दंगामुक्त हो चुका है, और गुंडों का फरमान अब नहीं चलता। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से इस परंपरा को और मजबूत करने का आह्वान किया।

पारदर्शी भर्ती और तकनीक के योगदान की सराहना करते हुए दावा किया कि 60,244 युवाओं में से किसी को भी एक पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी, जो किसी भी शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने पुलिसबल का आधुनिकीकरण और नए कानून की चर्चा की।

ट्रेनिंग में जितना पसीना बहेगा, ड्यूटी पर उतना कम खून बहेगा : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्दीधारी बलों के लिए एक नियम है कि जितना पसीना प्रशिक्षण में बहाओगे, जीवन में उतना ही कम खून बहेगा। महाकुंभ में जो भी आया उसने पुलिस के व्यवहार की प्रशंसा की। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश पुलिस ने अपने खिलाफ विकृत धारणा को बदलने का काम किया है। आज आप सभी देश के सबसे बड़े पुलिस बल का हिस्सा बनने जा रहे हैं। अपने व्यवहार से जन हितैषी बनिएगा।

रुद्रप्रयाग में हेलीकॉप्टर क्रैश, 7 की मौत

घने कोहरे में शून्य दृश्यता से पहाड़ी या फिर पेड़ से टकराने का अंदेशा

- मृतकों में महाराष्ट्र का दंपती व उनकी दो साल की बच्ची बिजनौर के एक ही परिवार की दो महिलाएं और बीकेटीसी का एक कर्मचारी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: उत्तराखंड में रविवार सुबह चारधाम यात्रा के दौरान रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में हेलीकाप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट सहित उसमें सवार सात लोगों की मौत हो गई। बाबा केदारनाथ के दर्शन कराकर यह हेलीकॉप्टर गुप्तकाशी जा रहा था। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण घना कोहरा और शून्य दृश्यता के चलते हेलीकॉप्टर का किसी पहाड़ी या पेड़ से टकराना माना जा रहा है।

हादसे के बाद हेलीकॉप्टर के साथ ही शव भी बुरी तरह से जल गए। हेलीकॉप्टर में महाराष्ट्र का दंपती और उनकी दो साल की बेटी के अलावा बिजनौर (यूपी) के एक ही परिवार की दो महिलाएं (नानी-नातिन) और बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) का एक कर्मचारी भी सवार बताए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उच्चस्तरीय बैठक करते हुए कई बड़े फैसले लिए हैं।

हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे के अनुसार, रविवार सुबह 5:30 बजे आर्यन एविएशन कंपनी का हेलीकॉप्टर वीटीबीकेए/बीईएलएल 407 केदारनाथ धाम से श्रद्धालुओं को दर्शन कराकर गुप्तकाशी जा रहा था। गौरीकुंड क्षेत्र में गौरी माई खर्क से ऊपर जंगल में यह हेली 5:30 से 5:45 बजे के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गौरीकुंड के ऊपर घास काट रहीं नेपाली मूल की महिलाओं ने हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने और गुबार उठने की सूचना दी। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि हेलीकॉप्टर केदारनाथ से प्रातः 5:21 बजे गुप्तकाशी को रवाना हुआ था। प्रातः 5:24 बजे इसे वैली प्वाइंट के पास देखा गया था। उस समय क्षेत्र में अत्यधिक कोहरा था जिससे दृश्यता शून्य हो गई थी। जिला आपदा मोचन बल टीम के साथ एसडीआरएफ की छह, एनडीआरएफ की आठ टीमों के अलावा 22 पुलिसकर्मी घटनास्थल गौरीकुंड से लगभग पांच किलोमीटर ऊपर स्थित गौरी में खड़क नामक स्थान पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी के अनुसार, संयुक्त दलों द्वारा पूरे क्षेत्र को घेरकर खोज और बचाव अभियान चलाया गया। हेली हादसे के शिकार लोगों के शव बुरी तरह से जल चुके थे। मौके पर ही राख के ढेर मिले। फॉरेन्सिंक और डीएनए सैंपलिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर सैंपलिंग की।

(संबंधित पेज-2 पर)

हादसे में इनकी गईं जानें

- कैप्टन राजबीर सिंह चौहान निवासी जयपुर, राजस्थान (पायलट, आर्यन एविएशन कंपनी),
- विक्रम सिंह रावत (45) निवासी रांसी ऊखीमठ, रुद्रप्रयाग (कर्मचारी बीकेटीसी)
- विनोद देवी (66) निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश
- तुष्टी सिंह (19) निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश
- राजकुमार सुरेश जायसवाल (41) निवासी महाराष्ट्र
- श्रद्धा राजकुमार जायसवाल (35) निवासी महाराष्ट्र
- काशी (02) पुत्री राजकुमार निवासी महाराष्ट्र

हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद राहत कार्य में जुटे कर्मी।

प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस से किया धामी को फोन

देहरादून। प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस से मुख्यमंत्री धामी से फोन पर केदारनाथ हेलीकॉप्टर दुर्घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री ने इस दुःखद घटना में दिवंगत हुए लोगों के प्रति गहरी संवेदना और शोक व्यक्त किया। मृतकों के परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति हेतु प्रार्थना की। उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

हेली सेवा सोमवार तक बंद

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेली हादसे की सूचना मिलने के बाद तुरंत बाद बैठक की। चारधाम के लिए हेली सेवा को सोमवार तक के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया। मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ हादसे की उच्चस्तरीय जांच कराने के अलावा हेली उड़ानों के बेहतर समन्वय के लिए 'कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर' की स्थापित करने के भी निर्देश दिए। वहीं, इस हेली हादसे की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) करेगा।

एसओपी की अनदेखी की, आर्यन एविएशन कंपनी पर मुकदमा

- कोतवाली सोनप्रयाग में कंपनी और उसके दो अधिकारियों को नामजद किया गया

देहरादून। केदारनाथ क्षेत्र में रविवार सुबह आर्यन एविएशन कंपनी के हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद जहां सरकार ने तत्काल प्रभाव से चार धाम यात्रा के लिए आर्यन एविएशन के परिचालन को निलंबित कर दिया है। वहीं, आर्यन एविएशन कंपनी परिचालन के दौरान निर्धारित एसओपी का पालन न करने के आरोप में बुरी तरह फंस गयी है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, अगर कंपनी द्वारा एसओपी का पालन किया जाता तो सात निर्दोष लोगों की जान न जाती। राजस्व उप निरीक्षक फाटा, गुप्तकाशी रुद्रप्रयाग राजीव नखोलिया ने रविवार को कोतवाली सोनप्रयाग पर आर्यन एविएशन कंपनी, उसके मैनेजर विकास तोमर और एकाउंटेबल मैनेजर कोशिक पाठक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अभियोग दर्ज कराया है। दर्ज अभियोग के अनुसार, आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड को 15 जून 2025 को हेली संचालन के लिए प्रातः 6 बजे से प्रातः 7 बजे तक का प्रथम स्लॉट आवंटित हुआ था जबकि यह हेली दुर्घटना सुबह प्रातः 5:30 बजे हुई। डीजीसीए और उकाडा द्वारा जारी एसओपी के अनुसार, प्रत्येक हेली ऑपरेटर द्वारा एसओपी के पालन के लिए एक व्यक्ति की तैनाती की जाएगी तथा जो फ्लाइंग स्लॉट आवंटित किए गए हैं, उनका कड़ाई से अनुपालन किया जाएगा, जो बेस मैनेजर द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, डीजीसीएस और उकाडा द्वारा जारी एसओपी के अनुसार, टेक ऑफ से पूर्व मौसम की स्थिति को चेक किया जाना आवश्यक है जबकि रविवार सुबह से ही बादल और धुंध छायी हुई थी, जिसके बावजूद हेलीकॉप्टर का संचालन किया गया और एसओपी की अनदेखी की गई जबकि आर्यन एविएशन और इसके मैनेजर विकास तोमर और एकाउंटेबल मैनेजर कोशिक पाठक बखूबी जानते थे कि एसओपी की अनदेखी करने पर यात्रियों की जान-माल की क्षति हो सकती है।

रूपाणी के पार्थिव शरीर की पहचान हुई, अब तक 47 के डीएनए मैच

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के पार्थिव शरीर की पहचान डीएनए परीक्षण के जरिए कर ली गई है। साथ ही अहमदाबाद में 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे की जांच तेज हो गई है। विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) के नेतृत्व में केंद्रीय और राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियां हवाई दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए दुर्घटना स्थल पर हैं।

अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले 47 लोगों की शिनाख्त अब तक डीएनए परीक्षण के जरिए कर ली गई है तथा 14 लोगों के शव परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। विमान हादसे के तीन दिन बाद डीएनए परीक्षण के जरिए मृतकों की पहचान की प्रक्रिया तेज होने के बीच अतिरिक्त सिविल अधीक्षक डॉक्टर रजनीश पटेल ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने बताया, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के डीएनए नमूने आज पूर्वाह्न 11.10 बजे (उनके परिवार के सदस्यों के डीएनए नमूने से) मेल खा गए। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रूपाणी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें डीएनए मिलान के बारे में जानकारी दी। सरकारी बी जे मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के प्रोफेसर पटेल ने कहा, अब तक 47 डीएनए नमूने मेल खा चुके हैं और 14 शवों को उनके परिजन को सौंप दिया गया है। ये लोग उदयपुर, वडोदरा, खेड़ा, महेसाणा, अहमदाबाद और बोटाद जिलों से ताल्लुक रखते थे। राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एएआईबी की एक टीम जांच का नेतृत्व कर रही है और वे पिछले तीन दिनों से यहां हैं।

अहमदाबाद विमान दुर्घटना

- राजकोट में सोमवार को किया जाएगा अंतिम संस्कार

जांच को गठित उच्चतस्तरीय समिति की बैठक आज

नई दिल्ली। अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच के लिए सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय बहु-विषयक समिति की पहली बैठक यहां सोमवार को होगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गृह सचिव की अध्यक्षता वाली समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। सूत्रों ने बताया कि समिति की पहली बैठक सोमवार दोपहर होगी।

यूपी में बिगड़ा मौसम का मिजाज, 25 की गई जान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मानसून आने से पहले मौसम के बिगड़ते मिजाज के बीच प्रयागराज, गोरखपुर, बरेली और बिजनौर में बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। इसमें 25 लोगों की मौत हो गई। इन जिलों में घटनाएं बीती रात से लेकर रविवार सुबह तक हुईं जिसमें प्रयागराज की घटना हृदयविदारक रही। यहां आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिरने से पति, पत्नी और दो मासूम बच्चियां जिंदा जलकर राख हो गई। प्रयागराज के ही बारा तहसील में 30 वर्षीय अक्षय कुमार की भी मौत आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हो गई।

प्रयागराज में जिला मुख्यालय से 60 किमी दूर बारा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा हल्ला बोल गांव में बीती शनिवार की रात आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिरने से पति, पत्नी और दो मासूम बच्चियां जिंदा जलकर राख हो गई। इस घटना में जान गंवाने वालों में मृतक वीरेंद्र वनवासी (40 वर्ष), पत्नी पार्वती (32) वर्ष बड़ी बेटी सोनू कुमारी (10), बेटी आंचल (8), तीसरी बेटी राधा और चौथी बेटी करिश्मा (4) शामिल रही।

हमारे बिजनौर संवाददाता के मुताबिक, बिजनौर के स्योहारा क्षेत्र के गांव मुकरपुरी निवासी सविता देवी (41) पत्नी स्व. राहुल गांव के बाहर अपने खेत से चारा लेने गई थी। रविवार को इस दौरान महिला के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गयी। महिला की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि, नूरपुर के गांव नंगली जाजू निवासी 58 वर्षीय किसान नन्दू पुत्र बल्देव सिंह रविवार सुबह खेत पर काम करने गया था, हल चलाते हुए उस पर आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली गिरने से किसान की मौत हो गई। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने हादसे की सूचना पुलिस व परिजनों को दी। उधर, संभल कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव मल्लाह मुस्तफाबाद में रविवार बारिश के दौरान तेज आंधी में पिलखन के पेड़ की टहनी छत की चाहरदीवारी पर गिर गई। चाहरदीवारी का मलबा चारपाई पर बैठे विजयपाल यादव (55 वर्ष) पुत्र शौकाली यादव के ऊपर गिरा तो उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, गोरखपुर के सहजनवां थाना क्षेत्र के भरपही गांव में रविवार की सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोरी की मौत हो गई। जबकि, दो बच्चे घायल हो गए।

प्रयागराज में चलती धूल भरी आंधी।

- कानपुर देहात, प्रयागराज, गोरखपुर, बरेली लखनऊ, संभल समेत 14 जिलों में तूफान और बिजली गिरने की घटनाओं में हुईं मौतें

पुणे में नदी पर बना पुल ढहा चार की मौत, 32 घायल

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे के मावल तहसील में इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का एक पुल रविवार दोपहर ढह जाने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए।

तालेगांव दाभाडे पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना कुंदमाला इलाके में हुई, जहां पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण नदी का बहाव तेज था। उन्होंने बताया कि जब पुल ढहा, तब बारिश नहीं हो रही थी। उन्होंने कहा, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि कुछ के बह जाने की आशंका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पांच से छह लोगों को बचा लिया गया है और उन्हें जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पिकअप से टकराई एंबुलेंस, 5 की मौत

संवाददाता, शुकुल बाजार(अमेठी)

अमृत विचार: पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह करीब छह बजे के आसपास शव लेकर बिहार जा रही एंबुलेंस में सवार पांच लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना बाजार शुकुल क्षेत्र के सेवरा गांव के पास माइल स्टोन संख्या 59.70 पर हुई। हादसे की वजह चालक को झपकी आना बताया गया है।

पुलिस के अनुसार हरियाणा के फिरोजपुर में रहने वाले अशोक शर्मा की मौत के बाद शव को लेकर बिहार के समस्तीपुर स्थित पैतृक गांव उनके परिजन ले जा रहे थे। एंबुलेंस में उनके बेटे रामभद्रपुर निवासी राजकुमार शर्मा उर्फ सतीश शर्मा (26), गांव के ही रवि शर्मा (28), रिश्तेदार फुलो शर्मा (45) निवासी रवि टोला, हथौड़ी और पुरनाही गांव निवासी शंभू राय (46) सवार थे। वाहन चला रहे हरियाणा के नूंह जिले के आबिद (28) और सरफराज (30) भी साथ में थे। रविवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस के माइल स्टोन संख्या 59.70 पर एंबुलेंस ने आगे चल रही पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी।

इस हादसे में राजकुमार, रवि, फुलो, आबिद और सरफराज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शंभू राय गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल और फिर एम्स रायबरेली रेफर किया गया। हादसे की सूचना मिलते ही डीएम संजय कुमार चौहान, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, यूपीडा टीम और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। राहत और बचाव कार्य के बाद वाहनों को हटाकर यातायात बहाल किया गया।

दर्दनाक हादसा

- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह शव को लेकर जा रही थी एंबुलेंस

आतंकवाद से लड़ाई में साथी देशों का आभार जताने का मौका : मोदी

- प्रधानमंत्री तीन देशों यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे, जी-7 शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि कनाडा में होने वाला जी-7 शिखर सम्मेलन अहम वैश्विक मुद्दों और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विचारों को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा।

ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने तीन देशों की अपनी यात्रा से पहले अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि वह कनानास्किस में शिखर सम्मेलन के दौरान साझेदार देशों के नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर इस शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीन देशों की यह यात्रा, सीमापार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को लगातार समर्थन देने के लिए साझेदार देशों को धन्यवाद देने तथा आतंकवाद से निपटने के लिए दुनियाभर के देशों को एकजुट करने का भी अवसर है। वह राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर सबसे पहले साइप्रस की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा, साइप्रस एक करीबी मित्र और भूमध्य सागर क्षेत्र में तथा यूरोपीय संघ में महत्वपूर्ण साझेदार है। यह यात्रा ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करने तथा व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में हमारे संबंधों को बढ़ाने और लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करती है।

साइप्रस में हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस।

साइप्रस में राष्ट्रपति निकोस ने मोदी का किया स्वागत

निकोसिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर साइप्रस पहुंचे। इस यात्रा के दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे। विशेष गर्मजोशी प्रदर्शित करते हुए राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने प्रधानमंत्री मोदी का लार्नाका अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत किया।

हादसे के बाद सरकार सख्त, हेली हादसे की होगी उच्चस्तरीय जांच

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हाईलेवल बैठक में अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश-आदेश

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : सोमवार तक चार धाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा पूर्ण रूप से बंद रहेगी। चार धाम में लगे सभी हेली ऑपरेटरों एवं पायलटों के उच्च हिमालय क्षेत्रों में उड़ान अनुभवों की जांच होगी और सभी हेली ऑपरेटरों के साथ बैठक के बाद ही पुनः हेली सेवा को सुचारू किया जाएगा।

राज्य में अब हेली उड़ानों के बेहतर समन्वय और सुरक्षित संचालन के लिए देहरादून में एक कॉमन 'कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर' की स्थापना की जाएगी, जिसमें डीजीसीए, आपदा विभाग, सिविल एविएशन, यूकाडा, हेली आपरेटर कम्पनी के अधिकारियों की तैनाती होगी। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में हुई उच्चस्तरीय बैठक के दौरान दिए। मुख्यमंत्री ने सचिव गृह उत्तराखंड की अध्यक्षता में एक समिति गठित किए जाने के निर्देश दिए, जिसमें डीजीसीए, यूकाडा, नागरिक उड्डयन विभाग भारत सरकार, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में रहेंगे।

यह समिति जन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मानक प्रचालन नियमावली का प्रारूप बनाएगी। समिति अपनी रिपोर्ट सितंबर माह से पूर्व प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री ने आगामी समय के लिए प्रदेश में हेली सेवाओं के संचालन के लिए सख्त एडमिनिस्ट्रेटिव एंड टेक्निकल एसओपी तैयार किए जाने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने रुद्रप्रयाग में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के संबध में उच्च स्तरीय जांच के भी आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि, जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है, उन्हें चिन्हित कर उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आम जन के जीवन की रक्षा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। किसी भी कीमत में जिंदगियों के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

दीर्घकालीन अनुभवी पायलट को ही अनुमति

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हीं पायलटों को अनुमति दी जाएगी, जिनका उच्च हिमालय क्षेत्रों में हेली उड़ाने का दीर्घकालीन अनुभव होगा। डीजीसीए द्वारा निर्धारित गाइडलाइन को और सख्त बनाया जाए, जिसका अनुपालन शत प्रतिशत किया जाए। मुख्यमंत्री ने हिमालय क्षेत्रों में अधिक संख्या में मौसम पूर्वानुमान के अत्याधुनिक उपकरण लगाने के भी निर्देश दिए, जिससे मौसम की और सटीक जानकारी प्राप्त की जा सके। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन रुद्रप्रयाग को दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से संपर्क कर उनके पार्थिव शरीर को संबंधित राज्यों में भेजने की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

- **चारधाम में सोमवार तक हेली सेवा बंद, लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी**
- **हेली उड़ानों के बेहतर समन्वय को 'कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर' की होगी स्थापना**

बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में वर्चुअल माध्यम से मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव नागरिक उड्डयन समीर कुमार सिन्हा, डीजीसीए के महानिदेशक फैज अहमद किदवई , सचिव शैलेश बगौली, सचिव सचिन कुर्वे, सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन, सीईओ युकाडा सोनिका, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) के अधिकारी मौजूद रहे।

हेलीकॉप्टर हादसे पर राज्यपाल ने व्यक्त किया दुख

नैनीताल : राज्यपाल गुरमीत सिंह ने केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में हताहत हुए लोगों के प्रति गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है।

वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फ़ोन पर केदारनाथ हेली दुर्घटना की जानकारी ली और केंद्र से हर संभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।

हेली दुर्घटना में जवाबदेही तय हो: नेता प्रतिपक्ष

देहरादून : नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने चारधाम यात्रा में लगातार हो रही हेलीकाप्टर दुर्घटना पर गंभीर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सड़क से लेकर आसमान तक नियोजन और जवाबदेही में बुनियादी तौर पर कुछ गड़बड़ है, जिसके चलते दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसके लिए अब जवाबदेही तय होनी ही चाहिए। एक बयान में उन्होंने कहा कि, दो मई को केदारनाथ के कपाट खुलने के बाद यह पांचवीं दुर्घटना है। गत आठ मई को सबसे पहले गंगोत्री जा रहा हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ और इसमें छह लोगों की मृत्यु हुई। तब से लगातार दुर्घटना सामने आ रही हैं। आरोप लगाया कि हर बार हादसे के बाद सरकार जागती है और फिर जांच का आदेश देकर सो जाती है। यदि सुधार नहीं हो रहा तो ऐसी जांच सिर्फ औपचारिकता बन जाती हैं। उन्होंने कहा कि लोगों की जिंदगी भगवान के भरोसे नहीं, सिस्टम की जिम्मेदारी पर होनी चाहिए और इसके लिए अब जवाबदेही तय होनी चाहिए।

चारधाम में आर्यन एविएशन का परिचालन हुआ निलंबित

रुद्रप्रयाग में हेलीकॉप्टर हादसे के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के जवान।

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- **दो पायलटों के लाइसेंस छह महीने के लिए सस्पेंड किए गए**

अमृत विचार : केदारनाथ क्षेत्र में रविवार सुबह आर्यन एविएशन के एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद सरकार ने तत्काल प्रभाव से चार धाम यात्रा के लिए इसके संचालन को निलंबित कर दिया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है।

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि हेलीकॉप्टर ने रविवार तड़के 5:10 बजे गुप्तकाशी से उड़ान भरी और 5:18 बजे श्री केदारनाथ जी हेलीपैड पर उतरा। यह सुबह 5:19 बजे गुप्तकाशी के लिए फिर से रवाना हुआ और 5:30 से 05:45 बजे के बीच गौरीकुंड के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में पांच यात्री, एक शिशु और एक चालक दल का सदस्य सवार था।

इससे पहले उत्तराखंड सरकार ने सुरक्षा एहतियात के तौर पर 15 और 16 जून को क्षेत्र में चार्टर और शटल हेलीकॉप्टर परिचालन को निलंबित करने की घोषणा की थी।

मंत्रालय ने कहा कि प्रारंभिक संकेत बताते हैं कि इसका संभावित कारण 'नियंत्रित उड़ान क्षेत्र' (सीएफआईटी) हो सकता है, क्योंकि घाटी के प्रवेश क्षेत्र में खराब दृश्यता और व्यापक बादल होने के बावजूद हेलीकॉप्टर कथित तौर पर हवा में था। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा विस्तृत जांच के बाद ही दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाया जा सकेगा। इसमें कहा गया है कि नागर विमानन मंत्रालय ने डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) को तत्काल उड़ान योग्यता, सुरक्षा और संचालन से संबंधित अधिकारियों को तैनात करने का निर्देश दिया है, ताकि केदारनाथ घाटी में हेलीकॉप्टर की सभी गतिविधियों पर सक्रिय रूप से निगरानी रखी जा सके और यूसीएडीए नियंत्रण कक्ष के कामकाज की गहन समीक्षा की जा सके। ट्रांसभारत एविएशन के दो हेलीकॉप्टर-वीटी-टीबीसी, जिसके पायलट योगेश ग्रेवाल कमांड में थे और वीटी-टीबीएफ, जिसके पायलट जितेन्द्र हरजाई पीआईसी थे, समान अनुपयुक्त मौसम स्थितियों में उड़ान भरते पाए गए। मंत्रालय ने कहा कि तदनुसार, दोनों पायलटों के लाइसेंस छह महीने के लिए निलंबित कर दिए गए हैं।

उत्तराखंड में बनेगी सख्त एसओपी: मुख्यमंत्री

- **राज्य में हेलीकॉप्टर संचालन को लेकर मुख्यमंत्री धामी ने दिए सख्त निर्देश**

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : राज्य में हाल में हुईं हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेलीकॉप्टर संचालन को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हेली सेवाओं के संचालन के लिए सख्त मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाए, जिसमें हेलीकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की पूर्ण जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि तकनीकी विशेषज्ञों की समिति का गठन किया जाए, जो हेली संचालन की सभी तकनीकी व सुरक्षा पहलुओं की गहन समीक्षा कर एसओपी तैयार करेगी। यह समिति यह सुनिश्चित करेगी कि हेली सेवाओं का संचालन पूरी तरह से सुरक्षित, पारदर्शी और निर्धारित मानकों के अनुसार हो। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि राज्य में पूर्व में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति पूर्व में हुई हेली दुर्घटनाओं के साथ ही रविवार को रुद्रप्रयाग के हेली क्रैश की भी हर पहलू की गहनता से जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी। यह समिति प्रत्येक घटना के कारणों की गहराई से जांच करेगी और दोषी व्यक्तियों या संस्थाओं की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की संस्तुति करेगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य में हेली सेवाओं का महत्व तीर्थाटन, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं के लिए अत्यधिक है, इसलिए इनमें सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

खराब मौसम में उड़ान का खामियाजा

- **चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से पांचवां हादसा**

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : रविवार सुबह केदारनाथ से श्रद्धालुओं को लेकर आ रहे आर्यन एविएशन लिमिटेड के बेल 407 हेलीकॉप्टर के क्रैश होने से पायलट समेत सात यात्रियों की मौत हो गई। तीस अप्रैल को तीर्थयात्रा शुरू होने के बाद से चारधाम यात्रा मार्ग पर यह पांचवां हेलीकॉप्टर हादसा है। खराब मौसम के बीच जिम्मेदारों द्वारा खतरा उठाने का खामियाजा निर्दोष यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

यह हादसा सबसे दुखद हवाई दुर्घटनाओं में से एक अहमदाबाद विमान दुर्घटना के केवल तीन दिन बाद हुआ है। अहमदाबाद से लंदन जाने वाला एअर इंडिया का एक विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में विमान में सवार 241 लोगों समेत कई अन्य लोग मारे गए थे। नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि उसने चारधाम मार्ग पर आर्यन एविएशन का संचालन तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है और डीजीसीए को निर्देश दिया है कि वह केदारनाथ घाटी में सभी हेलीकॉप्टर गतिविधियों की सक्रिय निगरानी करने के लिए उड़ान योग्यता, सुरक्षा और संचालन से संबंधित अधिकारियों की तत्काल तैनाती करे। मंत्रालय ने कहा कि प्रारंभिक संकेतों से पता चलता है कि दुर्घटना का संभावित कारण नियंत्रित उड़ान-टकराव (सीएफआईटी) यानि पायलट के पूरे नियंत्रण में हेलीकॉप्टर या विमान के अनजाने में भूखंड, पानी या अन्य किसी बाधा से टकरा जाना हो सकता है क्योंकि खराब दृश्यता और बादल छाए होने के बावजूद हेलीकॉप्टर कथित तौर पर हवा में था। बयान के अनुसार, हादसे की सही वजह का पता विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की विस्तृत जांच से ही चलेगा। नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि ऐसी ही स्थितियों में उड़ान भरने वाले दो हेलीकॉप्टरों के पायलटों के लाइसेंस छह-छह महीने के लिए निलंबित कर दिए गये हैं।

लापरवाही भरी उड़ान दे गई जमाने भर का दुख

देहरादून : खराब मौसम के बीच लापरवाही भरी उड़ान कई परिवारों को जमाने भर का दुख दे गई। आर्यन एविएशन के एकाउंटेबल मैनेजर कौशिक पाठक तथा मैनेजर विकास तोमर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 और वायुयान अधिनियम 134 के तहत रुद्रप्रयाग जिले के सोनप्रयाग थाने में दर्ज मुकदमे में कहा गया है कि आरोपी कंपनी के मैनेजरों ने सुबह छह बजे से शुरू होने वाले अपने आवंटित फलाईंग स्लॉट से पहले ही उड़ान भरी तथा सुबह से ही आसमान में बादल और धुंध छाए होने के बावजूद उड़ान भरने से पहले मौसम की स्थिति की जांच नहीं की, जो डीजीसीए और यूसीएडीए की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का उल्लंघन है। शिकायत में कहा गया है कि ऐसा करके आर्यन कंपनी और उसके प्रबंधकों ने अपने दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही बरती गयी जिसके कारण दुर्घटना हुई और सात लोगों की मृत्यु हो गयी।

होते रहे हैं हादसे-दर-हादसे

केदारनाथ जा रहे केस्ट्रल एविएशन के एक हेली को सात जून को उड़ान भरने के तत्काल बाद एक तकनीकी समस्या के कारण सड़क पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा था। हालांकि, घटना में केवल पायलट को ही चोटें आयीं और सवार पांचों श्रद्धालु सुरक्षित बच गए। इससे पहले आठ मई को उत्तरकाशी जिले के गंगनानी में गंगोत्री धाम जा रहा निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें छह लोगों की मौत हो गयी थी जबकि एक अन्य गंभीर घायल हुआ था। 12 मई को भी श्रद्धालुओं को लेकर बदरीनाथ से सिरसी लौट रहे हेलीकॉप्टर को खराब दृश्यता के कारण उखीमठ में एक स्कूल के मैदान में उतरना पड़ा था। हालांकि, एक घंटे बाद मौसम सुधरने पर हेलीकॉप्टर ने पुन: उड़ान भर ली थी। 17 मई को एम्स ऋषिकेश की एक हेली एम्बुलेंस का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। हालांकि, इसमें सवार तीनों व्यक्ति-एक चिकित्सक, एक पायलट और एक मेडिकल स्टाफ सदस्य सुरक्षित बच गए थे।

मलबे की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत

देहरादून, अमृत विचार : केदारनाथ पैदल मार्ग पर जंगलचट्टी के समीप रविवार को मलबे की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। रुद्रप्रयाग प्रशासन ने खराब मौसम को देखते हुए केदारनाथ की पैदल यात्रा पर फिलहाल रोक लगा दी। पुलिस ने बताया कि भारी बारिश के बाद केदारनाथ पैदल रास्ते पर गौरीकुंड और रामबाड़ा के बीच जंगलचट्टी के पास बरसाती नाले में मलबा और पत्थर आने से पैदल मार्ग बाधित हो गया, जिसे देखते हुए सोनप्रयाग से आगे केदारनाथ यात्रा पर फिलहाल रोक लगा दी गयी है। पुलिस ने केदारनाथ धाम आ रहे श्रद्धालुओं से अपील की कि वे जहां पर हैं, वहीं पर सुरक्षित रहें तथा आसपास के निकटवर्ती स्थलों पर होटल इत्यादि में रुक जाएं। रुद्रप्रयाग पुलिस की ओर से कहा गया कि मौसम पूर्वानुमान में इस पूरे सप्ताह के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है और उसी के अनुरूप निरंतर बारिश हो रही है। जंगलचट्टी में मार्ग बाधित होने तथा सम्पूर्ण पैदल मार्ग पर अनेक भूस्खलन संभावित क्षेत्रों को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत केदारनाथ धाम की पैदल यात्रा को अग्रिम आदेशों तक सोनप्रयाग से स्थगित कर दिया गया है।

ADMISSION OPEN (2025-26)
SURAJMAL AGARWAL GIRLS P.G. COLLEGE
Kishanpur, Kichha, U.S.Nagar-263148, Uttarakhand
(Approved by: NCTE, Govt. of India (Affiliated to Kumaun University, Nainital, UAU & HNB Uttarakhand Medical University DDN)
Website : www.sapkam.org
Email: sapkm.edu@gmail.com
COURSES OFFERED
UG COURSES
• BBA • B.Com (Hons.) • BCA • B.Sc. (IT) • B.Sc. (PCM, ZBC, PSM)
• B.Sc. (Biotechnology) • B.Sc. Home Science
• B.Sc. (Food Technology) • B.Lib. • B.Ed.
PG COURSES
• M.Com • M.Sc. (Microbiology) • M.Sc. (Biotechnology)
• M.Sc. (Food Technology) • M.Lib.
• M.Sc. (Physics, Botany, Zoology, Chemistry, Mathematics)
• M.Sc. Home Science (Foods & Nutrition, Textile & Apparel Designing)
OTHER COURSES
• Computer Basics • Tally Complete • CCC
SCHOLARSHIP AS PER GOVT. RULE
BUS FACILITY AVAILABLE FROM RAMPUR
No.1 GIRLS COLLEGE IN UTTARAKHAND
SURAJMAL AGARWAL COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL SCIENCES
• GNM • Post Basic B.Sc. (Nursing) • B.Sc. Nursing • M.Sc. Nursing (Medical Surgery, Community Health Nursing, Mental Health Nursing, Child Health Nursing)
• Bachelor in Medical Lab Technology (BMLT) • B.Sc in Optometry
• B.Sc. in Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT)
SURAJMAL MEDICAL COLLEGE OF AYURVED & HOSPITAL
• Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery (BAMS) Mob.: 9758643374
100% Placement Assistance | Transport Facility Available | Safe Hostel with Air Cooler
LIMITED SEATS
Safest Girl Hostel (24x7 Security, Electricity Back up, Wifi Campus)
CONTACT SOON FOR ADMISSION
9412920331, 9837242760, 7902103001
7902103002, 8192801031, 7500005217, 8650079393

मौत की उड़ान | धार्मिक प्रतिज्ञा पूरी करने महाराष्ट्र से निकले थे ट्रांसपोर्टर राजकुमार

आखिरी मुलाकात.. हमेशा के लिए दे गई दर्द

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : रुद्रप्रयाग हेली हादसे में जहां महाराष्ट्र का दंपती और दो साल की मासूम की वीभत्स मौत हो गई तो बिजनौर निवासी परिवार की इस यात्रा में परिजनों के साथ यह आखिरी मुलाकात हमेशा के लिए एक दर्द भरा इंतजार दे गई।

रविवार को गौरीकुंड के पास हेली दुर्घटना के शिकार महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के वाणी कस्बा निवासी ट्रांसपोर्टर राजकुमार जायसवाल (41), पत्नी श्रद्धा (35) और दो वर्षीय पुत्री काशी को लेकर चार धाम की तीर्थयात्रा पर आए हुए थे। उन्होंने 12 जून को यात्रा शुरू की थी, ताकि वे लंबे समय से चली आ रही धार्मिक प्रतिज्ञा को पूरा कर सकें। जायसवाल परिवार के सदस्यों ने बताया कि दंपती का छह वर्षीय पुत्र विवान अपने दादा-दादी के साथ महाराष्ट्र के पंढरकवाड़ा में रुक गया था, जिससे वह इस हादसे का शिकार होने से बच गया। उधर, इस हेली हादसे में उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर निवासी एक ही परिवार की दो महिलाओं की भी मौत हो गई। नगीना में धामपुर मार्ग पर रहने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मपाल सिंह एडवोकेट शुक्रवार को अपनी पत्नी विनोद देवी (66), नातिन तुष्टि रानी (15), पौत्र ईशान (16) वर्ष व गौरांश (13) के साथ केदारनाथ यात्रा पर गए थे। परिजनों के अनुसार रविवार तड़के करीब 5 बजे धर्मपाल सिंह की पत्नी विनोद देवी व नातिन तुष्टि रानी हेलीकॉप्टर से केदारनाथ के लिए जा रहे थे। धर्मपाल सिंह को दूसरी बार में हेलीकॉप्टर में शेष सदस्यों के साथ जाना था और वे बेस कैंप में दोनों पोतों के साथ रुक गए थे। कुछ देर में ही हेलीकॉप्टर क्रैश होने की दुखद सूचना आ गई। हेली हादसे में विनोद देवी और तुष्टि की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

हेली हादसे की जांच एएआईबी करेगा

देहरादून : रुद्रप्रयाग हेली हादसे की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) करेगा। एक जानकारी में बताया गया। एहतियाती उपाय के रूप में डीजीसीए ने पहले ही चार धाम तक हेलीकॉप्टर संचालन की आवृत्ति को कम कर दिया है। आगे की किसी भी कार्रवाई के लिए ऑपरेशन की समीक्षा कर रहा है। दुर्घटना की जांच एएआईबी द्वारा की जाएगी।

26 सौ घंटे से ज्यादा उड़ान का था पायलट को अनुभव

देहरादून, अमृत विचार : रुद्रप्रयाग हेली हादसे में जान गंवाने वाले जयपुर निवासी पायलट राजवीर सिंह चौहान 15 साल से अधिक समय तक सेना में सेवाएं दे चुके थे। उन्हें विभिन्न इलाकों में उड़ान मिशन, हवाई संचालन की देखरेख का व्यापक अनुभव था और वह विभिन्न प्रकार के हेलीकॉप्टर तथा उनके रखरखाव में प्रशिक्षित थे। पायलट राजवीर इस यात्रा सीजन में पहली बार केदारनाथ हेली सेवा में सेवाएं दे रहे थे। उनके पास 26 सौ घंटे उड़ान भरने का अनुभव था। जयपुर के शास्त्री नगर निवासी चौहान अक्टूबर 2024 से आर्यन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ पायलट के रूप में काम कर रहे थे। चौहान की मौत की जानकारी उनके पिता गोविंद सिंह को दी गई तो परिवार में कोहराम मच गया। बताया गया कि राजवीर चार महीने पहले जुड़वा बच्चों के पिता बने थे। यह भी बताया गया कि पायलट राजवीर ने हादसे से पहले आगे चल रहे हेलीकॉप्टर के पायलट से धुंध और मौसम खराब होने से वापस लौटने की बात कही थी। फिर उनका दूसरे हेलीकॉप्टर के पायलटों से संपर्क नहीं हो सका था। तब दूसरे हेलीकॉप्टर के पायलट ने डीजीसीए को सूचना दी थी।

रविवार को कैंचीधाम के 61वें स्थापना दिवस के अवसर पर दर्शन करने के लिए मंदिर से करीब दो किमी तक श्रद्धालुओं की कतार लग गई। भारी बारिश में श्रद्धालुओं का आस्था का ज्वार कम नहीं हुआ। ।● अमृत विचार

कैंची धाम: दो लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी

श्रद्धा एवं हर्ष के साथ मनाया गया कैंची धाम का 61 वां स्थापना दिवस, शनिवार की रात 1 बजे से ही दर्शनों के लिए लगने लगी कतारें

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: विश्व प्रसिद्ध बाबा नीब करौरी महाराज के धाम का 61वां स्थापना दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान करीब दो लाख से अधिक भक्तों ने बाबा के दर्शन कर मालपुए का प्रसाद ग्रहण किया। स्थापना दिवस समारोह में देश के कोने-कोने जिसमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार, मुंबई समेत अन्य राज्यों से पहुंचे भक्तों ने बाबा नीब करौरी महाराज के मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया।

ब्रह्म मुहूर्त में बाबा नीब करौरी महाराज की आरती के बाद मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिए गए। जिसके बाद से मंदिर बाबा के जयकारों से गूंज उठा चारों तरफ बाबा नीब करौरी महाराज के जयकारे सुनाई दिए। बाबा नीब करौरी महाराज के प्रति भक्तों की आस्था इस कदर व्याप्त है कि मंदिर परिसर से करीब 5 किलोमीटर दूर तक दिन भर भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही और भक्त बाबा के लंबे इंतजार के बाद बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कैंचीधाम में सपरिवार दर्शन के लिए पहुंचे आयुक्त दीपक रावत व आईजी रिद्धिम अग्रवाल। ● अमृत विचार

डॉक्टरों की टीम भी रही मुस्तैद

कैंची धाम में देश विदेश और अन्य राज्यों से आए भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड में दिखा और डॉक्टरों की टीम में कैंची धाम के मुख्य गेट के पास कैंप लगाया ताकि आवश्यकता पड़ने पर लोगों को उपचार दिया जा सके। इस दौरान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बाबा के दर्शन करने पहुंचे भक्तों ने मेडिकल कैंप में पहुंचकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवा कर डॉक्टरो से स्वास्थ्य संबंधी सलाह ली। इस दौरान मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर हरीश पंत के निर्देश पर मेला परिसर में दो 108 एंबुलेंस और डॉक्टरों की टीम मौजूद रही।

एसएसपी खुद मंदिर के मुख्य गेट पर रहे मौजूद

कैंची धाम पहुंच रहे भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए पुलिस और जिला प्रशासन हर जगह तैनात रहा। वहीं एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा सुबह से शाम तक कैंची धाम के मुख्य गेट में मौजूद रहे और आने जाने वाले लोगों और यातायात व्यवस्था को सुचारू करते नजर आए।

सुबह 7 बजे ही भवाली की पार्किंग फुल

कैंची धाम में लगातार बढ़ रही भक्तों की भीड़ को देखते हुए स्थापना दिवस के मौके पर पुलिस प्रशासन को मंदिर आने वाले भक्तों की संख्या में इजाफे का अनुमान था। जिसको देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भवाली समेत आसपास के क्षेत्रों में चौपहिया वाहनों के लिए 3 कार पार्किंग जबकि दो स्थानों पर दोपहिया वाहनों की पार्किंग का निर्माण किया था जो सुबह 7 बजे ही पूरी तरह से भर गई। बाबा के दर्शनों के लिए भक्तों का देर रात से ही भवाली में आना शुरू हो गया था। जिसके चलते भवाली मैदान और दो पहिया वाहनों की पार्किंग सुबह 7 बजे तक पैक हो गई थी। जिसके चलते अन्य वाहनों को बाईपास मार्ग और अन्य जगहों में पार्क किया गया।

धाम के दोनों मार्गों पर भक्तों का तांता

भक्तों की सुबह 4 बजे से लाइनों में लगे रहे और मंदिर के दोनों तरफ के रास्तों में लंबी लंबी कतारें लगी रही। भक्तों की पंक्ति में लगने का क्रम सुबह 4 बजे से देर शाम तक जारी रहा। सुबह पड़ी कड़ाके की धूप और दिन में हुई बारिश भी भक्तों के आस्था को डिगा नहीं पाई और भक्त बाबा के दर्शनों के लिए खड़े रहे।

चप्पे-चप्पे पर रही खाकी की निगरानी

मंदिर प्रबंधन समेत पुलिस प्रशासन को भी इस बार कैंची धाम में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने का अंदेशा था जिसको देखते हुए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद था और कैंची धाम में दो अपर पुलिस अधीक्षक, छह सीओ, दस इंस्पेक्टर, तीन कंपनी पीएसी समेत तीन सौ पुलिस के जवान मुस्तैद रहे।

घंटों कतार में लगे लेकिन दर्शन कर ही लौटे

कैंची धाम के स्थापना दिवस पर मुंबई, यूपी आदि अन्य जिलों से हजारों की संख्या में भक्त पहुंचे। तेज गर्मी, उमस और चार किमी तक लगी लंबी कतार भी भक्तों के हौसलों को नहीं डगमगा पाई। मुंबई से पहुंचे पार्थ सरकार ने बताया कि दो वह करीब तीन घंटे से बाबा के दर्शन को लंबी कतार में लगे रहे लेकिन बाबा के आशीर्वाद और आस्था से समय कब गया पता ही नहीं चला। साथ ही उन्होंने बताया कि मातृभूमि कथा सीरीज के माध्यम से बाबा के महिमा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने परखीं व्यवस्थाएं

कैंची धाम के इस महापर्व में किसी प्रकार का खलल ना पड़े इसको देखते हुए कुमाऊं रेंज की आईजी रिद्धिम अग्रवाल दिनभर कैंची धाम में मौजूद रहीं। उन्होंने चप्पे-चप्पे पर जाकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस के जवानों को निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में मंदिर आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसका ध्यान रखा जाए। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देख पुलिस प्रशासन की टीम भीड़ को व्यवस्थित करने में जुटी रही। जिलाधिकारी वंदना सिंह, कुमाऊं आईजी रिद्धिम अग्रवाल, एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा, एसपी सिटी हरबंश सिंह, मेला प्रभारी उमेश मलिक, एसडीएम केके गोस्वामी सुबह बजे से ही मंदिर में मेले को व्यवस्थित करने में लगे रहे। साथ ही श्रद्धालुओं की कतार को व्यवस्थित करने के लिए वॉलिंटियर की टीम भी लगी रही।

देर रात 1 बजे से लगने लगी कतार

बाबा के प्रति भक्तों की असीम श्रद्धा और विश्वास, भक्ति है। इसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि देर रात करीब 1 बजे से ही बाबा के धाम भक्तों का आना शुरू और लंबी कतार लगना शुरू हो गई थी। वहीं कई भक्त सड़क के किनारे आराम करते नजर आए।

सामाजिक संगठनों ने बुजुर्गों विकलांगों की मदद की

कैंची धाम में बाबा के दर्शन करने आ रहे भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए बाबा के कई भक्तों ने निशुल्क शटल सेवा लगाई। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन किए इसके अलावा समाज सेवी संगठनों ने बुजुर्ग और विकलांग दिव्यांगों को मंदिर तक पहुंचा कर बाबा के दर्शन कराने में मदद की।

450 शटल सेवा के माध्यम से धाम पहुंचे भक्त

कैंची धाम आने वाले भक्तों के लिए प्रशासन ने हल्द्वानी, भवाली और नैनीताल से कैंची धाम तक करीब 450 से अधिक शटल सेवा की व्यवस्था की थी। जिनके माध्यम से बाबा के भक्तों में मंदिर तक पहुंच सके इसके बावजूद भी सैकड़ों भक्त पैदल ही बाबा नीम करोली महाराज के मंदिर तक पहुंचे।

जगह-जगह लगाए गए भंडारे

बाबा के दर्शन के लिए कैंची धाम पहुंचने वाले भक्तों के लिए विभिन्न स्थानों पर पेयजल, शरबत, कचौड़ी और भंडारे लगाए गए। कैंची धाम पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं मंदिर में मालपुआ का प्रसाद दिया गया।

झलकियां

मालपुए का प्रसाद वितरित हुआ।

फूलों से सजा कैंचीधाम। ● अमृत विचार

कैंचीधाम में बाबा के दर्शन के लिए लगी भक्तों की कतार। ● अमृत विचार

लालकुआं में प्रसाद वितरित करते व्यापारी। ● अमृत विचार

लालकुआं में भी हुआ भंडारे का आयोजन

लालकुआं : कैंची धाम के स्थापना दिवस पर लालकुआं में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल व गुप्ता परिवार ने नगर में शरबत वितरण व भंडारा किया। इसमें हजारों क्षेत्र वासियों एवं राहगीरों को शरबत व प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, नंदन सिंह राणा, नरेश चौधरी, दिनेश लोहानी, मीना रावत, कृष्ण भट्ट, जगदीश अग्रवाल, गोविंद सिंह राणा, नगर पंचायत के सभासद धन सिंह बिष्ट, योगेश उपाध्याय व भुवन पांडे ने सहयोग किया। गुप्ता नमकीन भंडार ने विशाल भंडारे का आयोजन किया।

ज्योलीकोट में श्रद्धालुओं के लिए जूस सेवा

हल्द्वानी : ज्योलीकोट नैनीताल बाबा निबकरोरी के साधना स्थल कैंची धाम में आज आयोजित हुए मेले में आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए ज्योलीकोट मुख्य बाजार में जूस का वितरण कर सेवा की गई। मुख्य आयोजक गौरांग रघु और क्षेत्रीय युवाओं के दल ने सुबह आठ बजे से प्रारंभ सेवा नौ घंटे तक चली, जिसका सैकड़ों श्रद्धालुओं पर्यटकों और यात्रियों ने लाभ उठाया। आयोजन में सुरेन्द्र कोटलिया, पुष्कर जोशी, पवन बिष्ट, विवेक साह, उदय जीना, नरेश चमियाल, नवल, सुधांशु, भुवन जोशी, आशु पंत, हरगोविंद रावत, वीरेंद्र, हरीश रहे।

कालाढूंगी में मुख्य बाजार में शरबत वितरण करते व्यापारी। ● अमृत विचार

कालाढूंगी क्षेत्र में भंडारा लगाया

कालाढूंगी: कैंची धाम के स्थापना दिवस पर नगर में कई जगह पर भंडारे व शरबत वितरण हुआ। बाबा नीब करौरी महराज के भक्तों ने मेथीसाह पुल के पास, हनुमान मंदिर, चकलुवा, वन निगम डिपो व मुख्य बाजार में प्रसाद व शरबत वितरण किया। इस से पहले उन्होंने पूजा-पाठ कर हनुमान चालीसा के साथ भजन-कीर्तन किया। चन्द्रशेखर कांडपाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश गोयल, मुकेश नेगी, भगवत सिंह बिष्ट, गोपाल मेहरा, हरीश मेहरा, ललित कांडपाल, मनमोहन रावत, पूरन जोशी, पंकज सती, वकील अहमद, आनंद जोशी, करन नेगी, गजानंद मारवाड़ी, पंकज सती, सोनू सती, भुवन जोशी, दीप चंद्र, जनकराज उप्पल व हरीश अग्रवाल रहे ।

स्केच आर्टिस्ट ने बनाई बाबा नीब करौरी की पेंटिंग

हल्द्वानी, अमृत विचार : शहर के उभरते स्केच पेंटिंग आर्टिस्ट अरुण कुमार ने बाबा नीब करौरी आश्रम के 61 वें स्थापना दिवस पर बाबा नीब करौरी की पोट्रेट बनाई है। कैंची धाम स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर अरुण ने रातों-रात यह पोट्रेट बनाई खूबसूरत अंदाज में बनाई है। इससे पूर्व वह कई हॉलीवुड एवं बॉलीवुड एक्ट्रेस की खूबसूरत तस्वीरें बना चुके हैं। वह लोगों की मांग के अनुसार पेंटिंग, पोट्रेट, स्केच पेंटिंग बनाते हैं। अरुण कुमार ने इसी वर्ष राजकीय इंटर कॉलेज कठघरिया से कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण की है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश शाहजहांपुर के रहने वाले अरुण कुमार के पिता हल्द्वानी में मिस्त्री हैं। उन्हें बचपन से ही पेंटिंग का शौक था, कक्षा 9 से ही उन्होंने पेंटिंग की बारीकियां सीखना शुरू कर दिया था।

लेक्स इंटरनेशनल विद्यालय में कैंची धाम की स्थापना पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यालय परिवार।

लेक्स इंटरनेशनल में भी मना कैंची धाम का स्थापना दिवस

भीमताल, अमृत विचार: लेक्स इंटरनेशनल स्कूल भीमताल में कैंची धाम का स्थापना दिवस मनाया गया। विद्यालय सभागार में विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएस नेगी ने दीप जलाकर नीब करौरी महाराज के चित्र पर पुष्प भेंट किए। शिक्षकों और कर्मचारियों ने हनुमान चालीसा भजन कीर्तन और आरती के माध्यम से बाबा का आह्वान किया और अपनी श्रद्धा व्यक्त की। प्रसाद वितरण के उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य एसएस नेगी ने बाबा नीब करौरी से सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

भवाली रूट पर दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

कैंची धाम जा रही गाड़ियां आपस में टकराईं

नैनीताल : कैंची धाम के दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं की चार गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसा उस समय हुआ जब आगे चल रही एक कूड़ा गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे आ रही वाहन एक-दूसरे से भिड़ गए। जिसमें आधा दर्जन भक्त मामूली रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने गाड़ियों के अंदर से लोगों को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों और पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला गनीमत रही कि कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। इस घटना के बाद यातायात कुछ समय के लिए बाधित रहा, लेकिन जल्द ही स्थिति सामान्य कर दी गई।

सार-संक्षेप

रामनगर में प्रसाद वितरण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कैंची धाम की स्थापना पर राहगीरों को बांटा प्रसाद

रामनगर : कैंची धाम के स्थापना दिवस पर बाबा नीब करौरी महाराज की प्रेरणा से बाबा के भक्तों ने राह चलते लोगों को शरबत के साथ चने का प्रसाद वितरित किया। रानीखेत रोड पर बाबा के जयकारे लगाते हुए भक्तों ने बस, ट्रैक्टर, दुपहिया वाहनों एवं कार सवारों के अलावा पैदल चलने वाले हजारों राहगीरों को प्रसाद वितरण करते हुए सभी के स्वस्थ्य रहने की कामना की। प्रसाद वितरण के दौरान इन लोगों ने कहा कि बाबा ने रामनगर में रहकर ही श्रद्धालुओं की सेवा करने का निर्देश दिया था। उन्हीं ही की प्रेरणा यह कार्य संभव हो पाया। इस दौरान शिलपेन्द्र बंसल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, हरिकान्त गुप्ता, सत्यप्रकाश शर्मा, गोल्डी सिंह, नंदन रावत, मुकेश रावत, किशोर नेगी, चन्द्रशेखर पन्त, सुरेन्द्र यादव, प्रीति गुप्ता, हार्दिक बंसल, कुलविंदर सिंह मौजूद थे।

विधायक का स्वागत करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

नया ट्रांसफार्मर लगने पर पर खुशी जताई

हल्दूचौड़ : लालकुआं विधानसभा क्षेत्र के गंगापुर कबड़वाल ग्राम पंचायत के भानदेव नवाड़ गांव के ग्रामीणों की एक दशक से चली आ रही लो वोल्टेज की समस्या का शनिवार को नया ट्रांसफार्मर लगने से से समाधान हो गया है। जिसके लिए स्थानीय ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट का माल्यार्पण कर आभार जताया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हल्दूचौड़ विजय रोहित दुम्का, हेम सनवाल, अनिल सनवाल, पूरन तिवारी, भुवन चंद्र बमेटा, दिनेश बमेटा व मुकेश गरवाल समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

राजस्थान के शिक्षक सुरेश बिश्नोई की अद्भुत श्रद्धा और संकल्प, बाबा नीब करौरी के दरबार पहुंचने के लिए की 30 दिनों की कठिन यात्रा

स्वप्न में आदेश, 1500 किमी पैदल चलकर कैंची धाम पहुंचा भक्त

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार: श्रद्धा जब संकल्प में बदल जाए, तो दूरी और कठिनाई मायने नहीं रखती। ऐसा ही उदाहरण पेश किया है राजस्थान के सांचौर जिले के भाटीप गांव के सरकारी शिक्षक सुरेश बिश्नोई ने। जिनके अनुसार बाबा नीब करौरी महाराज का स्वप्न में आदेश मिलने के बाद वह 1500 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर कैंची धाम पहुंचने का निश्चय किया। सुरेश बिश्नोई ने यह यात्रा 17 मई को शुरू की थी और अब 30 दिनों की कठिन यात्रा के बाद वह 15 जून को कैंची धाम पहुंचें। यह तारीख विशेष है, क्योंकि इसी दिन हर साल बाबा नीब करौरी महाराज के कैंची धाम आश्रम का स्थापना दिवस मनाया जाता है। जिसमें लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। सुरेश की यात्रा को और भी असाधारण बनाता है उनका अन्न-त्याग इस संपूर्ण यात्रा के दौरान उन्होंने केवल जूस और फलाहार के सहारे सफर किया है।

सुरेश बिश्नोई। ● अमृत विचार

सुरेश बताते हैं कि उन्हें नीम करौली बाबा के बारे में तब पहली बार जानकारी मिली जब वे हल्द्वानी में अपनी बीएड परीक्षा देने उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी आए थे। बाबा के बारे में पढ़ते-पढ़ते उनका विश्वास बाबा में इतना दृढ़ हो गया कि एक दिन स्वप्न में बाबा ने उन्हें कैंची धाम आने का आदेश दिया। अगले ही दिन, उन्होंने न कोई देरी की न ही कोई संशय, बस कंधे पर बैग उठाया, हवाई चप्पल पहनी, और पैदल निकल पड़े बाबा के दरबार की ओर।

समाज को जागरूक कर रहे हैं

सुरेश की यात्रा केवल व्यक्तिगत आस्था तक सीमित नहीं रही। सुरेश समाज को जागरूक करने का संदेश भी साथ लेकर चले हैं। अपने संकल्प यात्रा के माध्यम से वह पांच प्रमुख संदेश देना चाहते हैं। वन्य जीवों और वनों का संरक्षण, राजस्थान में खेजड़ी वृक्ष की अवैध कटाई पर रोक, गौ तस्करी पर प्रतिबंध, देशभक्ति का संदेश और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि। रास्ते में जहां भी मंदिर या धर्मशाला मिलती, सुरेश वहीं रुककर विश्राम करते और अगली सुबह फिर यात्रा पर निकल जाते। उनका दृढ़ विश्वास है कि बाबा के आशीर्वाद और नाम से हर कठिनाई आसान हो जाती है। उन्होंने 15 जून को कैंची धाम में बाबा के दर्शन कर 1 महीने के बाद मालपुए का प्रसाद ग्रहण कर अन्न ग्रहण किया। उनकी यात्रा एक प्रेरणा, आस्था, संकल्प और सामाजिक चेतना की जीती-जागती मिसाल है।

बाबा ने श्री मां को देवी का स्वरूप मान सौंप दी थीं शक्तियां

नैनीताल : नीब करौरी बाबा के बारे में तो लगभग सभी लोग जानते हैं, लेकिन उनकी परम शिष्या श्री मां (सिद्धि मां) के बारे में आज भी बहुत कम लोगों को जानकारी है। श्री मां, जिनका भव्य मंदिर उत्तराखंड के नैनीताल में स्थित प्रसिद्ध कैंची धाम और हनुमानगढ़ी मंदिर में स्थित है, बाबा द्वारा कात्यायनी देवी का स्वरूप मानी जाती थीं। साल 1973 में नीब करौरी बाबा के ब्रह्मलीन होने के बाद, श्री मां ने ही कैंची धाम में आने वाले भक्तों का मार्गदर्शन किया और उन्हें बाबा की शिक्षाओं व दिव्य स्वरूप के बारे में बताया। बाबा और श्री मां की पहली मुलाकात नैनीताल के हनुमानगढ़ी मंदिर के निर्माण कार्य के दौरान हुई थी। बाबा के ब्रह्मलीन होने के पश्चात, उनकी आध्यात्मिक उत्तराधिकारी के रूप में सिद्धि मां को माना गया। भक्त उन्हें श्रद्धापूर्वक श्री मां कहकर संबोधित करते थे। बाबा के जाने के बाद श्री मां ने कैंची धाम की संपूर्ण व्यवस्था को संभाला और आश्रम को एक सशक्त आध्यात्मिक केंद्र के रूप में स्थापित किया। नीम करौली बाबा, श्री मां से अक्सर कहा करते थे। 'मां, तू जहां भी रहेगी, वहीं मंगल होगा।' सिद्धि मां का जन्म उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुआ था उनकी 7 बहिनें थीं। नैनीताल निवासी तुलाराम साह से उनका विवाह हुआ और वो नैनीताल के माल रोड में स्थित इंडिया होटल में रहती थीं। उनके पति नीब करौरी बाबा के परम भक्त थे जिसके बाद वो भी बाबा की भक्त बन गई थीं और पति के निधन के बाद उन्होंने घर त्याग दिया। बाबा के साल 1973 में ब्रह्मलीन होने से पहले नीब करौरी बाबा ने अपनी सारी शक्तियां सिद्धि मां को सौंप दी थीं।

खुलासा: प्रेम प्रसंग में हुए खूनी संघर्ष में की थी सारिम की हत्या, छह दबोचे

पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी, हत्या में प्रयुक्त हथियार भी किया बरामद

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: दो दिन पहले दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में युवक की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी को जेल भेज दिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त नुकीला हथियार और बाइक भी बरामद की।

रविवार की शाम को घटना का खुलासा करते हुए कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि हत्या का मुख्य आरोपी मोहल्ला गूलरघट्टी निवासी सिकंदर है। पुलिस के अनुसार सिंकदर की महिला प्रेमी ने उससे ग्राम बेड़ाझाल निवासी अविनाश द्वारा फोन पर परेशान करने की शिकायत की थी। जिसके बाद सिकंदर ने अविनाश को फोन कर नाराजगी जताई। इसी बीच दोनों के बीच फोन पर ही कहासुनी हो गई और 13 जून की रात को शाने पंजाब ढाबे के पास सिकंदर एवं अविनाश गुट में खूनी संघर्ष हो गया। इस संघर्ष में सिकंदर भी घायल हो गया। सिकंदर ने अपने साथियों के साथ मिलकर अविनाश गुट के ग्राम बेड़ाझाल निवासी सारिम के सीने पर धारदार नुकीले हथियार से वार कर उसकी हत्या कर दी। कोतवाल ने बताया कि इस मामले में मृतक सारिम के पिता अशरफ की तहरीर पर चार नामजद और 10 से 12 अन्य युवकों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। एसएसआई मनोज नयाल, उप निरीक्षक तारा सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटना के मुख्य आरोपी सिकंदर, मोहम्मद आसिफ, दानिश, अदनान, मोहम्मद शाहरुख, फैजान निवासीगण मोहल्ला गूलरघट्टी को गिरफ्तार करने के साथ ही हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार एवं मृतक की लापता बाइक बरामद की है। कोतवाल ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। घटना में फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी हे।

हत्या के आरोपियों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

पुलिस टीम में ये लोग थे शामिल

पुलिस टीम में कोतवाल अरुण कुमार सैनी, वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल, एसआई तारा सिंह राणा, एसआई जोगा सिंह, एसआई धर्मेन्द्र कुमार, एसआई सुनील धनिक, एसआई गगनदीप सिंह, कांस्टेबल विपिन शर्मा, कांस्टेबल संजय कुमार, कांस्टेबल महबूब आलम, कांस्टेबल विजेन्द्र सिंह, कॉन्स्टेबल अशोक कांबोज शामिल रहे।

एसएसपी ने दिया ढाई हजार का इनाम

घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने ढाई हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है।

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में शामिल विदेशी छात्र। ● अमृत विचार

भारतीय संस्कृति व भाषा से रूबरू हुए विदेशी छात्र

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार: ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर में आयोजित भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश में अंतरराष्ट्रीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का भव्य समापन समारोह अंतरराष्ट्रीय छात्रों की शानदार प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। समापन छात्रों ने पारंपरिक पहाड़ी नृत्य प्रस्तुत किया और साड़ी वॉक के माध्यम से भारतीय परिधान को की झलक पेश की।पाठ्यक्रम के दौरान छात्रों ने हिंदी भाषा को पढ़ना, लिखना और बोलना सिखाया गया। साथ ही उन्होंने कुमाऊनी पिछोड़ा बनाने की कला सीखी और कुमाऊंनी चटनी व मठ्ठा भी स्वयं तैयार किया।

फार्मेसी कॉलेज द्वारा की गई मेजबानी में छात्रों को कुमाऊनी परंपराओं के स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़े लाभों से परिचित कराया गया। इसके अतिरिक्त, छात्रों ने मेहंदी लगाने और पान बनाने की भारतीय पारंपरिक विधियों का भी अनुभव लिया। समापन समारोह में छत्रा छात्राओं ने पाठ्यक्रम के अनुभव सांझा किये। इस अवसर पर कैम्पस निदेशक सेनि. कर्नल अनिल नय्यर ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। डॉ. कविता ए. जोशी, प्रभारी कुमाऊं संस्कृति एवं विरासत केंद्र ने सभी के योगदान के लिए आभार प्रकट किया।

जनसंख्या के नहीं क्षेत्रफल के आधार पर हो परिसीमन

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की रविवार को हुई बैठक में वक्ताओं ने राज्य की अवधारणा से जुड़े सवालों का समाधान न होने पर आक्रोश जताते हुए विधानसभा ,लोकसभा क्षेत्रों का परिसीमन जनसंख्या के आधार पर न कर क्षेत्रफल पर के आधार पर करने की मांग की।

राजस्थानी उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मंच के संयोजक चंद्रशेखर जोशी की अध्यक्षता, नवीन नैथानी के संचालन में संपन्न बैठक में उत्तराखंड राज्य सम्मान परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि उत्तराखंड सरकार राज्य निर्माण आंदोलनकारियों की उपेक्षा कर रही है। आंदोलनकारियों को मिलने वाली पेंशन समय पर न मिलने के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है। धीरेंद्र प्रताप व पूर्व दर्जा मंत्री पुष्कर दुर्गापाल ने सभी राज्य आंदोलनकारियों को एक मंच पर आकर राज्य आंदोलनकारी की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होने की जरूरत पर जोर दिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि रामनगर में दिन प्रतिदिन बिगड़ रही कानून, यातायात व्यवस्था के कारण आम जनता, पर्यटन, श्रद्धालु परेशान हैं। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने का निर्णय लिया गया। बैठक मे राज्य आंदोलनकारी इंन्दर सिंह मनराल, प्रभात ध्यानी सुमित्रा बिष्ट, कमला जोशी, रईस अहमद, पान सिंह नेगी, सुरेन्द्र नेगी, डीडी सती, मनोज गोस्वामी, योगेश सती, नारायण सिंह रावत, जितेन्द्र गौड़, चंद्रशेखर जोशी आदि मौजूद रहे।

पदोन्नति की मांग को लेकर शिक्षकों का दून कूच आज

रामनगर : पदोन्नति की मांग को लेकर सोमवार को राजकीय शिक्षक शिक्षा निदेशालय देहरादून पर धरना, प्रदर्शन करेंगे, जिसमें कुमाऊं मंडल से भी सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी शिक्षक संगठन के प्रांतीय नेता नवेंदु मठपाल ने देहरादून को रवाना होने से पहले दी।

कोसी बैराज का निरीक्षण करते मुख्य अभियंता संजय शुक्ल। ● अमृत विचार

सीई ने किया कोसी बैराज का निरीक्षण

रामनगर: मानसून को लेकर सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ल ने रामनगर स्थित कोसी बैराज का निरीक्षण किया और अधिकारियों को मानसून के दौरान जल्द कार्यवाही करने के साथ ही बैराज पर 24 घंटे शिफ्ट में अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने बैराज के गेटों के ऑपरेशन और सायरन आदि को चेक करवाए। जिससे नदी के जल स्तर बढ़ने की दशा में नीचे स्थित लोगों को सतर्क किया जा सके और किसी भी प्रकार की जन हानि से बचा जा सके। इसके साथ ही उन्होंने रामनगर स्थित गर्जिया देवी मंदिर में किए गए कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों को नदी के जल स्तर की लगातार मॉनिटरिंग करने और जल स्तर बढ़ने की दशा में अलर्ट जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान निरीक्षण में अधीक्षण अभियंता महेश खरे, सहायक अभियंता जगत नारायण सिंह, एसडीओ मयंक मित्तल, महेंद्र सिंह मुस्युनी आदि रहे।

रविवार को भी जाम से परेशान रहे रामनगर के लोग

रामनगर, अमृत विचार: रामनगर में इस रविवार को फिर ट्रैफिक जाम ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों की परेशानियों को कई गुना बढ़ा दिया। उधर गर्जिया मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। रोज रोज घंटों जाम से जूझ रहे लोगों ने प्रशासन से नगर के वैकल्पिक मार्ग शिवलालपुर से कोटद्वार रोड का प्रयोग पर जोर देने की मांग की।

कहा यदि इस मार्ग को वन वे किया जाता तो एक हद तक जाम की समस्या से निजात मिल सकती थी। मुख्य मार्ग पर ट्रेक्टर ट्रालियों, छोटा हाथी में भरकर सवारियां गिरिजा मंदिर तक जा रही हैं उन्हें रोकने की कोशिश परिवहन विभाग द्वारा किया जाना भी जाम का कारण है। स्थानीय नागरिकों ने जाम न लगने के लिए ठोस रणनीति बनाए जाने की मांग की है।

नाले के उफान पर आ जाने से पर्यटक फंसे

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: कार्बेट नेशनल पार्क के ढिकाला जोन में बरसाती नाला उफान पर आ गया जिससे ढिकाला से लौट रहे पर्यटक जंगल में फंस गए। कई घंटे बाद कार्बेट पार्क से बाहर आए। बता दें कि 15 जून से कार्बेट पार्क में नाइट स्टे बंद हो गया है। 14 जून को पार्क में नाइट स्टे के लिए गए पर्यटकों को रविवार को बाहर आना था। मौसम खराब होने पर सुबह ढिकाला वन विश्राम गृह में मौजूद सभी पर्यटकों को साढ़े नौ बजे तक पार्क से बाहर निकलने के लिए कहा गया। सभी पर्यटकों ने ढिकाला से प्रातः साढ़े 9 बजे चेक आउट किया। इस बीच बारिश शुरू हो गई। ढिकाला से निकलते ही सर्पदुली रेंज के अंतर्गत जामुन स्रोत में भी उफान पर आ गया। हालांकि चार पांच पर्यटकों की जिप्सी स्रोत से निकल गई। लेकिन पर्यटकों की एक जिप्सी बीच स्रोत में फंसकर बंद हो गई। इसके साथ ही डे सफारी के कैंटर भी इसमें फंस गए। स्रोत में फंसे पर्यटकों को जिप्सी चालकों की मदद से पार निकाला गया। पर्यटकों को पानी कम होने का इंतजार करना पड़ा। जिस वजह से पर्यटक काफी देर में रामनगर पहुंचे।

> सुबह मौसम खराब हो गया था। पर्यटकों को जल्दी चेक आउट के लिए कहा गया था। जामुन स्रोत पर काफी पानी आने से जिप्सियां फंस गई थी। एक जिप्सी बीच नाले में फंसकर बंद हो गई। स्टाफ व जिप्सी चालकों की मदद से मार्ग को चलने लायक बनाया, और पर्यटकों को बाहर लाया गया। एक जगह पर पेड़ गिरने से भी पर्यटक फंस गए थे। सभी पर्यटक सुरक्षित तरीके से बाहर आ गए हैं। – **अमित गवारकोटी**, पार्क वार्डन कार्बेट पार्क

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

Admission Open
Session 2025-26

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

मुलाकात राज्यपाल गुरमीत सिंह ने एसओएस बाल ग्राम के बच्चों से किया संवाद, बच्चों को प्रेरित कर दीं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

टेक्नोलॉजी व एआई के क्षेत्रों में कौशल विकसित करें बच्चे

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: राज्यपाल गुरमीत सिंह ने राजभवन में एसओएस बाल ग्राम, भीमताल के बच्चों से आत्मीय संवाद किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे बड़े सपने देखें, कड़ी मेहनत करें और अपने जीवन से समाज व राष्ट्र को प्रेरणा देने वाला उदाहरण बनें। राज्यपाल ने एसओएस बाल ग्राम के सेवा और समर्पण भरे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था केवल एक आश्रय स्थल नहीं, बल्कि एक सजीव और स्नेहिल परिवार है, जहां बच्चों को शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्भरता का समुचित वातावरण प्रदान किया जाता है।

एसओएस बाल ग्राम के बच्चों के साथ राज्यपाल गुरमीत सिंह। ● अमृत विचार

उन्होंने संस्था के फैमिली लाइक केयर, किनशिप केयर और फॉस्टर केयर जैसे मॉडलों को समाज के लिए अनुकरणीय बताते हुए कहा कि यह संगठन न केवल सामाजिक संरक्षण का उदाहरण प्रस्तुत करता है, बल्कि सच्चे अर्थों में राष्ट्र निर्माण का कार्य कर रहा है। राज्यपाल ने कहा कि एसओएस बाल ग्राम में शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास पर दिया गया ध्यान सराहनीय है, जो बच्चों को आत्मनिर्भर और राष्ट्र का जिम्मेदार नागरिक बनाता है। उन्होंने कहा कि संस्था की यह सोच कि सच्चा परिवार प्रेम और जिम्मेदारी से बनता है, न कि केवल खून के रिश्तों से समाज के लिए एक सशक्त संदेश है।

राज्यपाल ने बच्चों से कहा कि वे कभी स्वयं को कमतर न समझें। उन्होंने बच्चों को विश्वास दिलाया कि कठिनाइयों को पार करके ही व्यक्ति एक चमकता हीरा बनता है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक क्षेत्रों में अपनी रुचि और कौशल विकसित करें ताकि वे विकसित भारत के निर्माण में भागीदार बन सकें। एसओएस बाल ग्राम भीमताल की 1984 से अब तक की यात्रा और 300 से अधिक बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के योगदान की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने संस्था के समर्पित कार्यकर्ताओं, माताओं और नेतृत्व को आश्वस्त किया कि इस प्रकार के सामाजिक प्रयासों को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। कार्यक्रम में सहायक निदेशक एसओएस बाल ग्राम, भीमताल आशीष कुमार सिंह, नंदी गोस्वामी, यशोदा सहित एसओएस बाल ग्राम, भीमताल के बच्चे उपस्थित रहे।

आज का मौसम

चटख धूप के साथ हल्की बारिश की भी संभावना

32.0°	24.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 .12	सूर्यास्त 19 .13

एक नजर

प्री-मानसून की हल्की बौछारों के बाद गिरा पारा

हल्द्वानी : प्री-मानसून की हल्की बौछारें हल्द्वानी कुछ हिस्सों में पड़ी। जिससे तापमान में काफी कमी आ गई।

रविवार की सुबह से ही हल्द्वानी में बादल छाए हुए थे। सुबह के समय ठंडी हवा चल रही थी। जिससे लोगों को भीषण गर्मी से निजात मिली। पूर्वान्ह के समय काठगोदाम, रानीबाग, गौलापार, कठघरिया आदि इलाकों में बौछारें पड़ीं। जिससे मौसम सुहावाना हो गया। अधिकतम तापमान 34 .5 डिग्री और न्यूनतम 25 .2 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि दोपहर बाद धूप निकल आई। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 20 जून तक बारिश होने की संभावना है। 21 से 22 जून के दौरान राज्य में मानसून प्रवेश कर जाएगा। उधर पहाड़ों में रुक-रुक कर हो रही बारिश की वजह से तापमान में काफी गिरावट आई है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 20 .9 डिग्री दर्ज किया गया है।

बनभूलपुरा में बच्ची से दरिंदगी, किशोरी से दुष्कर्म

शादीशुदा आरोपी ने अपने ही गांव की किशोरी को पत्नी को तलाक देकर शादी करने का झांसा देकर बुलाया होटल

महिला हिंसा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

1 **अमृत विचार :** शादीशुदा व्यक्ति ने अपने ही गांव की एक किशोरी को प्यार के जाल में फंसा लिया। लड़की को बहला-फुसला कर एक होटल में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी सेना का जवान बताया गया। इस मामले में बनभूलपुरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी पिथौरागढ़ जिले का रहने वाला है। वह पहले से शादीशुदा है। आरोपी के गांव की एक नाबालिग लड़की मुखानी थानाक्षेत्र में अपनी बुआ के घर रहती है। आरोप है कि शादीशुदा होने के बावजूद आरोपी ने नाबालिग से नजदीकी बढ़ा उसे अपने प्यार के जाल में फंसा लिया। उसने लड़की को झांसा दिया कि वह अपनी बीवी को तलाक देकर उससे शादी करेगा।

बताया जाता है कि कुछ दिन आरोपी किशोरी को झांसे में लेकर बनभूलपुरा थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में ले गया। जहां उसने नाबालिग से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसने लड़की को जान से मार डालने की धमकी दी। जब यह मामला लड़की के परिजनों तक पहुंचा तो उन्होंने बनभूलपुरा थाने में आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक नीरज भाकुनी ने इस संबंध में बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश में टीम रवाना की गई है।

बनभूलपुरा में आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म

2 **हल्द्वानी :** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने 8 साल की बच्ची से दरिंदगी की। बच्ची आरोपी के पिता से ट्यूशन पढ़ने गई थी। घर में पिता के न होने का फायदा उठाते हुए उसने बच्ची से दुष्कर्म किया। घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली 8 साल की बच्ची गौलागेट टनकपुर रोड निवासी मोहम्मद अली के घर रोजाना ट्यूशन पढ़ने जाती थी। बीते दिन भी वह ट्यूशन पढ़ने पहुंची, लेकिन उस रोज घर पर मोहम्मद अली के बेटे बिलाल के सिवा कोई और मौजूद नहीं था। बिलाल ने इसका फायदा उठाया और बच्ची को डरा-धमका कर घर के बेसमेंट में ले गया, जहां उसने बच्ची के साथ जबरन गंदा काम किया। बच्ची रोते हुए अपने घर पहुंची और मां को सारी बात बताई। जिसके बाद बच्ची के परिजन आरोपी के खिलाफ तहरीर लेकर बनभूलपुरा थाने पहुंचा। इधर, मामला पुलिस तक पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज उसे जैम फैक्ट्री के पास से गिरफ्तार कर लिया। एसआई सुशील जोशी ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है।

बच्ची के अपहरण का प्रयास, भीड़ ने पकड़ा अपहर्ता

3 **हल्द्वानी :** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक युवक ने 5 साल की बच्ची को अगवा करने की कोशिश की। घटना को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब बच्ची पड़ोसी के घर खेलने गई थी। अपहरण की नाकाम कोशिश को अंजाम देने वाला युवक भागा तो भीड़ से उसे दबोच लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

बनभूलपुरा हिंसा में महिला पुलिस कर्मी की जान बचाने वाले आबिद अहमद निवासी आस्ताना मस्जिद ने बताया कि उनकी 5 साल की बेटी अमायरा बीते शनिवार को पड़ोस की एक बच्ची के घर खेलने गई थी। इस बीच इलाके का एक नशेड़ी अमायरा के पीछे घर में घुस गया और कहने लगा कि अमायरा को उसकी मां बुला रही है। लोगों को शक हुआ तो उन्होंने शोर मचाया। इस पर आरोपी मौके से भाग खड़ा हुआ। हालांकि भीड़ ने उसे इंद्रानगर के पास से दबोच लिया। घटना के बाद उन्होंने दर्जनभर बार डायल 112 पर कॉल की, लेकिन फोन नहीं लगा। जिसके बाद उन्होंने कोतवाल को जानकारी दी। तब पुलिस मौके पर पहुंची। आबिद का आरोप है कि उन्होंने घटना की तहरीर बनभूलपुरा थाने में दी है। हालांकि एसआई सुशील जोशी का कहना है कि वह घटना की जानकारी जुटा रहे हैं।

बहू को बेरहमी से पीटने का आरोप

4 **हल्द्वानी :** मुखानी थाना क्षेत्र की एक महिला को उसके पति और ससुरालियों पर बेरहमी से पीटने का आरोप है। मारपीट में महिला के शरीर के आठ स्थानों पर गहरी चोट आना बताया गया। मामले में पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बच्चीनगर, लामाचौड़ निवासी महिला ने दी तहरीर में कहा कि पिथौरागढ़ निवासी व्यक्ति के साथ 12 साल पहले उसकी शादी हुई थी। आरोप लगाया कि पिछले एक साल से उसका पति, देवर व ननद लगातार परेशान कर रहे हैं। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट और बदसलूकी की जाती है। प्रताड़ना से परेशान होकर महिला अपने ननिहाल आ गई है। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि पति समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सार-संक्षेप

योगाभ्यास करातीं योगाचार्य ज्योति चुफाल। ● अमृत विचार

योगा मील से महिलाओं व युवाओं को मिलेगा रोजगार

हल्द्वानी : महिला महाविद्यालय की नमामि गंगे की ओर से सीता राम गोपाल गौधाम समिति प्रांगण में भारतीय ज्ञान परंपरा, योगाभ्यास, गौ-महत्ता व स्वरोजगार विषय पर जागरूकता शिविर हुआ। योगाचार्य ज्योति चुफाल ने योगाभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि फल, छाछ, हरी सब्जियां, अंकुरित अनाज जैसे आहार शरीर को स्वस्थ्य व ऊर्जावान बनाते हैं। प्री-योगा और पोस्ट-योगा मील को स्वरोजगार का माध्यम बनाया जा सकता है। बबीता चिलवाल ने बताया कि गोबर से बने दीये, मूर्तियां, धूपबत्तियां, गौमूत्र से बने कीटनाशक, फर्श क्लीनर, आयुर्वेदिक औषधियां, गौकाष्ठ काफी अच्छी गुणवत्ता के होते हैं। डॉ. सर्वेश भारती ने कहा भारत की नदी सभ्यताओं से लेकर कृषि परंपराओं तक में गाय की केंद्रीय भूमिका रही है। इस दौरान डॉ. रितुराज पंत, कार्यक्रम संचालिका मीनाक्षी पंत,कंचन पाठक, लता दुम्का, यशोधर नाथ रहे।

किंग कोबरा को रेस्क्यू करती वन टीम।। ● अमृत विचार

हल्दीखाल से12 फीट लंबा किंग कोबरा पकड़ा

हल्द्वानी : वन विभाग ने हल्दीखाल के वार्ड-37 से 12 फीट लंबा किंग कोबरा रेस्क्यू किया है। सामाजिक कार्यकर्ता मन्नू गोस्वामी ने बताया कि उन्होंने किंग कोबरा की जानकारी दी। सूचना पर फतेहपुर रेंज से वन टीम मौके पर पहुंची बामुश्किल सांप को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। टीम में मनोज रावत, दीपू जोशी, खड़क सिंह, घनश्याम मौके शामिल थे।

सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

हल्द्वानी : सड़क हादसे में घायल हुए युवक ने एसटीएच में दम तोड़ दिया। रुद्रपुर के जाफरपुर निवासी 36 वर्षीय इंद्र कुमार शनिवार को घर से घूमने के लिए निकला था। घर के पास ही उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। घायल को एसटीएच लाया गया। जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्दकरदियाहै।

कार पेड़ से टकराई, सकुशल बचा परिवार

कालाढूंगी : बाजपुर मार्ग में गड़प्पू के पास एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। कार सवार परिवार सकुशल बच गया। कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। एसओ विजय मेहता ने बताया कि दोपहर तीन बजे के करीब चंपावत निवासी कमल किशोर टम्टा (46) अपनी पत्नी और पांच साल की बच्ची संग कालाढूंगी से काशीपुर को ओर जा रहे थे। तभी गड़प्पू के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में सभी लोग सकुशल बच गए।

महिला की मौत, भाई ने लगाया जहर देने का आरोप

कालाढूंगी : पुलिस के अनुसार नलनी (मंगोली) निवासी टीकम अधिकारी ने बताया कि 20 वर्ष पूर्व उसकी बहन भावना नगरकोटी की शादी कप्तानगंज कोटाबाग निवासी संतोष सिंह पुत्र रामसिंह से हुई थी। संतोष और उसका बड़ा भाई विशन सिंह आए दिन भावना के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट करते थे। बीती 13 जून की शाम भी संतोष ने भावना के साथ मारपीट की। 14 जून की शाम करीब 4 बजे विशन सिंह ने उसकी की मौसी को फोन करके बताया कि भावना ने जहर खा लिया है। उसे अस्पताल ले गए हैं। एसटीएम में भावना की मौत हो गई। आरोप लगाया कि जीजा संतोष और विशन सिंह ने खाने में जहर देकर उसकी बहन को मार डाला। एसओ विजय मेहता ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है।

रकसिया नाले का निरीक्षण करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

20 दिन में पूरा करें नाले की टनल का निर्माण: भगत

हल्द्वानी, अमृत विचार : विधायक बंशीधर भगत ने प्रेमपुर लोश्ज्ञानी में रकसिया नाले पर निर्माधीन टनल ड्रेनेज का निरीक्षण किया। उन्होंने 20 दिन में निर्माण पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। विधायक भगत ने कहा कि रकसिया नाले का डायवर्जन प्रोजेक्ट शहरवासियों के लिए महत्वपूर्ण है खासकर इस नाले से सटी कॉलोनीवासियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इससे बारिश में जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी बल्कि ड्रेनेज व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने निर्माणदायी संस्था यूयूएसएसडीए के प्रबंधक कुलदीप कुमार को टनल का दोनों हिस्सों के मिलान काम जल्द पूरा करने को कहा ताकि उक्त क्षेत्र में बंद चल रहे यातायात भी सुचारू हो सके। विधायक ने प्रेमपुर लोश्ज्ञानी चौराहे के पास रकसिया नाले के जंगल की ओर मुड़ने वाले मोड़ को समकोण के स्थान पर वक्राकार करने को भी कहा जिससे नाले के पानी को जंगल की ओर मोड़ने में आसानी हो। अधिकारियों ने कहा कि काम को निश्चित समय में पूरा करने के लिए अतिरिक्त मैनपावर लगाई जाएगी।

महिला कार्यकारिणी का विस्तार किया

हल्द्वानी, अमृत विचार: महिला महानगर कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार हुआ है। महानगर अध्यक्ष मधु सांगुड़ी ने कहा कि टीम को मजबूत किया जा रहा है।

मीडिया प्रभारी रेनू तोमर ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर मुन्नी पंत, राधा चौधरी, मीनाक्षी नयाल, गीता बहुगुणा और तलत जहां को जिम्मेदारी दी गई है। महामंत्री पद की पुष्पा मेहता, भगवती पांडे, लता पांडे, देवकी आर्या, कनक जीना, मुन्नी जोशी, वंदना डोठाल, रजनी देवी को चुना गया है। सचिव पद पर भागीरथी जोशी, शांति कोरंगा, शाइस्ता बेगम, शबनम, मंजू आर्या, मुन्नी उप्रेती, मीना राणा और गीता पांडे को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा सविता गुरुरानी को काठगोदाम ब्लॉक और दीपा गोस्वामी को बमौरी ब्लॉक का अध्यक्ष बनाया गया है।

मुए थाई में राज्य ने 16 पदक जीते

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक हरियाणा में 6वीं राष्ट्रीय मुए थाई चैंपियनशिप-2025 में राज्य के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर 16 पदक जीते।

मुए थाई एसोसिएशन ऑफ़ उत्तराखंड के अध्यक्ष सतीश जोशी ने बताया कि चैंपियनशिप में राज्य के 29 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। राज्य के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण, 3 रजत एवं 9 कांस्य पदक जीतकर अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में नंदनी चौहान (देहरादून) वर्षा भंडारी (देहरादून) कृष पपनै एवं स्नेह चंद (ऊधमसिंह नगर), रजत पदक विजेता खिलाड़ियों में देवांश थापा, वर्णिका कठेत एवं विवेक सिंह पंवार, कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों में विंश तोमर, निशेष डिमडोंग, युवराज राणा, अक्षांश थापा, दीपिका राना, जानवी, संगीता थापा, सपना जवाड़ी एवं पायल बिष्ट हैं। चेयरमैन हरीश कोठारी ने कहा कि सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को शीघ्र राजधानी में समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा।

मुए थाई खिलाड़ियों की उपलब्धि पर भारतीय ओलंपिक संघ की संयुक्त सचिव डॉ. अलकनंदा अशोक, उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी अशोक कुमार, राज्य खेल परिषद उपाध्यक्ष राज्यमंत्री हेमराज बिष्ट, राज्य ओलंपिक संघ अध्यक्ष महेश नेगी, क्रीड़ा भारती प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार सूद, मुए थाई इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज वर्मा, श्रम संविदा बोर्ड अध्यक्ष राज्यमंत्री कैलाश पंत, टीम मैनेजर एवं राज्य संघ महासचिव नीलेश जोशी, तकनीकी निदेशक विशान क्षेत्री, बॉक्सिंग संघ सचिव जीएस खोलिया, मुख्य कोच महिला प्रज्ञा जोशी, दीपक नौटियाल ने बधाई दी है।

विजेताओं संग संयुक्त सचिव डॉ. अलकनंदा अशोक व पूर्व डीजीपी अशोक कुमार।

कांग्रेस राज्य में हो रहे विकास को पचा नहीं पा रही है : डब्बू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अनिल कपूर डब्बू।

अमृत विचार : हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर रोपवे को लेकर कांग्रेस भाजपा में तलवारें खिंच गई हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि रोपवे संचालन के लिए निविदा में बदलाव कर टेलीकॉम, कंस्ट्रक्शन और अस्पताल सेक्टर्स की कंपनियों को शामिल किया। भाजपा ने इसका पलटवार करते हुए निराधार बताया है।

मंडी बोर्ड के चेयरमैन अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि नगर निगम हरिद्वार ने मनसा देवी रोपवे संचालन व अनुरक्षण के लिए पहली ईओआई बीती 17 फरवरी 2025 को प्रकाशित की थी। इसमें सिर्फ एक फर्म ने रुचि दिखाई जो निविदा शर्तों के मुताबिक अपर्याप्त थी। इस पर प्रतिस्पर्धा के लिए दोबारा एक नई ईओआई बीती 17 मार्च 2025 को प्रकाशित की। सरकार की ओर से गठित समिति ने आरएफपी पर कोई प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की है। उन्होंने कहा कि निविदा निरस्त का निर्णय भी नगर निगम का है। उषा ब्रेको ने समिति की रिपोर्ट एवं कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए थे जिसको हाईकोर्ट ने निराधार मानते हुए कंपनी को उचित पटल पर बात रखने के लिए कहा। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य महज अनुमान के आधार पर दोषारोपण कर रहे हैं जो कि गलत है। कांग्रेस विकास प्रक्रिया को पचा नहीं पा रही है।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने यह लगाया था आरोप

हल्द्वानी : नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने हरिद्वार मनसा देवी रोपवे टेंडर में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि रोपवे संचालन- रखरखाव के लिए एक निविदा जारी हुई जिसमें रोपवे के अनुभव वाली कंपनियों को ही शामिल किया गया था। बाद में इसमें बदलाव करते हुए रोपवे संचालन अनुभव के साथ-साथ हॉस्पिटल चलाने वाली, पुल और हाईवे बनाने वाली, टेलीकॉम सेक्टर की कंपनियों से भी निविदाएं मांगी थी। उन्होंने इस भ्रष्टाचार के विषय की विस्तृत और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की थी।

यशपाल आर्य।

महिला अस्पताल में पति और पत्नी ने काटा हंगामा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: राजकीय महिला अस्पताल में एक महिला का सामान्य प्रसव हुआ था। प्रसव के कुछ दिनों बाद महिला अपने पति के साथ अस्पताल पहुंची और दोनों ने आरोप लगाया कि प्रसव के बाद टांके सही नहीं लगाए गए हैं। बाद में महिला की जांच भी की गई लेकिन चिकित्सीय लापरवाही सामने नहीं आई।

एक महिला का आठ जून को महिला अस्पताल में सामान्य प्रसव हुआ। सामान्य प्रसव के बाद डॉक्टरों ने जरूरी होने पर महिला के टांके भी लगाए। इसके बाद महिला को अस्पताल से डिस्चार्ज करके घर भेज दिया गया। शनिवार (14 जून) को महिला अपने पति के साथ अस्पताल पहुंची और उन्होंने डॉक्टरों से कहा कि उसके टांके सही तरह से नहीं लगाए गए हैं। जिस वजह से उसे काफी दर्द हो रहा है। बताया जा रहा है कि इस बात को लेकर अस्पताल में कुछ देर तक हंगामा भी हुआ। बाद में उक्त महिला को दोबारा भर्ती किया गया और उसकी जांच की गई।

प्रभारी सीएमएस डॉ. कांता किरन ने बताया कि जांच में पता चला कि टांके सही तरह से लगाए गए थे। संभवतः शौच के समय जोर लगाने का असर टांकों पर पड़ा होगा और महिला को दर्द उठ गया है। बताया कि बाद में महिला और उसका पति बिना बताए ही अस्पताल से चले गए।

मामूली विवाद में पत्नी ने लगाई फांसी

हल्द्वानी, अमृत विचार : रोटी बनाने को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी।

मोटाहल्दू निवासी महेंद्र ने बताया कि पत्नी 35 वर्षीय रिंकी से पांच साल पूर्व शादी हुई थी शनिवार की रात पत्नी ने रोटी बनाने को मना कर दिया था। इसी बात को लेकर उसकी पत्नी से कहासुनी हो गई। जिसके बाद पत्नी गुस्से में कमरे के अंदर चली गई। कुछ देर बात कमरे में गए तो अंदर पत्नी फंदे पर लटकी थी। उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मेडिकल चौकी इंचार्ज भूपेंद्र मेहता ने बताया कि शव का पंचनामा मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में भरा गया। देर शाम शव का पोस्टमार्टम किया गया। जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

बीचबचाव पर जीजा-साले को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- गन्ने का जूस और बर्फ का गोला बेचने वालों में हुई थी मारपीट
- शनिवार रात बेस अस्पताल के पास घटना सीसीटीवी में कैद

अमृत विचार : दो लोगों के बीच चल रही मारपीट को रोकने का प्रयास जीजा-साले को भारी पड़ गया। लड़ रहे दोनों लोग अपनी लड़ाई छोड़ जीजा-साले पर झपट पड़े। उन्हें बुरी तरह सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। पूरी घटना वहीं लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। पीड़ित ने मामले में कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है।

काठगोदाम श्रमिक बस्ती निवासी खगेश चंद्र लोहनी ने पुलिस को बताया कि वह बेस अस्पताल के पास होटल चलाते हैं। जबकि उनका साला त्रिलोक एक ज्योतिषाचार्य है। शनिवार रात जब वह होटल बंद कर घर जा रहे थे तो पास ही गन्ने का जूस और बर्फ का गोला बेचने वालों के बीच मारपीट हो रही थी। खगेश विवाद रोकने की नीयत से मौके पर पहुंचे और यह मारपीट करने वालों को नागवार गुजरा। वे मारपीट छोड़ खगेश को पीटने लगे। जीजा को पिटता देख त्रिलोक मौके पर पहुंचा तो आरोपी उस पर भी हावी हो गए। इतनी देर में 10 से 15 लोग वहां पहुंच गए और उन्होंने जीजा-साले को सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को घटना की तहरीर सौंपी है। कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

बिन पानी सब सून — शहर से लेकर गांवों तक जल संकट गहराया, पर्याप्त पेयजल नहीं मिलने से उपभोक्ता परेशान

बिठौरिया में नलकूप खराब, हिम्मतपुर में डिस्चार्ज कम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: शहर के बिठौरिया और हिम्मपुर क्षेत्र में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। बिठौरिया क्षेत्र में मुख्य नलकूप के खराब होने के कारण जल आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई है, वहीं हिम्मपुर में नलकूप का डिस्चार्ज बेहद कम होने से उपभोक्ताओं को सीमित मात्रा में पानी मिल पा रहा है। इससे दोनों क्षेत्रों के सैकड़ों परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पीने का पानी भी मुश्किल से मिल पा रहा है, जबकि दैनिक जरूरतें पूरी करना और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है। बिठौरिया के निवासी दीपक जोशी ने बताया कि क्षेत्रीय नलकूप कई दिनों से खराब है, जो अब तक ठीक नहीं हो पाया है। वहीं हिम्मपुर क्षेत्र के नलकूपों का जलस्तर गिरने के कारण उनका डिस्चार्ज लगातार घट रहा है, जिससे टंकियां भरने में घंटों लग रहे हैं। स्थानीय पार्षदों और जनप्रतिनिधियों ने जल संस्थान से जल्द वैकल्पिक व्यवस्था करने और नलकूपों की मरम्मत करने की मांग की है। जल संस्थान के सहायक अभियंता ने बताया कि बताया कि बिठौरिया नलकूप की मरम्मत हेतु तकनीकी टीम लगाई गई है और जल्द ही काम पूरा कर लिया जाएगा। हिम्मपुर में भी डिस्चार्ज बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

जलसंस्थान में पानी भरने के लिए लगी टैंकरों की कतार। ● अमृत विचार

20 टैंकरों से हो रही पानी की आपूर्ति

शहर के बिठौरिया, दमवाढूंगा, हिम्मपुर, इंदिरानगर और बनभूलपुरा सहित कई क्षेत्रों में पेयजल संकट गहरा गया है। जल संस्थान ने 20 पानी के टैंकरों से आपूर्ति शुरू की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टैंकरों से पानी मिल रहा है, लेकिन वह भी पर्याप्त नहीं है। जल संस्थान के सहायक अभियंता रविन्द्र कुमार का कहना है कि जिन क्षेत्रो में पानी की कमी है उन क्षेत्रों में टैंकरो से पानी की आपूर्ति जारी रहेगी।

पहाड़ों में बारिश से बढ़ा गौला नदी का जलस्तर

हल्द्वानी। पहाड़ी क्षेत्रों में बीते कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण गौला नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। वहीं शहर में गर्मी और जल संकट से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जगी है

गौला नदी का जलस्तर

गुरुवार	116 क्यूसेक
शुक्रवार	170 क्यूसेक
शनिवार	160 क्यूसेक
रविवार	137 क्यूसेक

टीबी चेस्ट क्लीनिक में लगाया जाएगा ऑक्सीजन प्लांट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : टीबी एवं चेस्ट क्लीनिक में ऑक्सीजन पूर्ति के लिए ऑक्सीजन प्लांट लगाया जाएगा। प्लांट नहीं होने से यहां मरीजों को भर्ती नहीं किया जाता है हालांकि ओपीडी में प्रतिदिन 90 मरीजों को देखा जाता है।

टीबी एवं चेस्ट क्लीनिक में कुमाऊं के अलावा उत्तर प्रदेश के मरीज भी आते हैं। पहले इस विभाग में 30 बेड थे। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 60 बेड का अस्पताल बनाया गया। समस्या यह रही कि नया भवन तो बना दिया गया लेकिन ऑक्सीजन की आपूर्ति करने के लिए ऑक्सीजन प्लांट की व्यवस्था नहीं की गई थी। इस वजह से मरीजों को भर्ती नहीं किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि टीबी और छाती रोगों के गंभीर मरीजों के उपचार में ऑक्सीजन की अहम भूमिका होती है। मरीजों की समस्या को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने ऑक्सीजन प्लांट लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। देहरादून से तकनीशियनों की टीम ने आकर दौरा कर लिया है। अब यहां ऑक्सीजन प्लांट बनना शुरू हो जाएगा और उम्मीद है कि कुछ माह बाद ऑक्सीजन प्लांट से अस्पताल के बेडों पर ऑक्सीजन की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। जिसके बाद टीबी और छाती रोगों के गंभीर मरीजों को भर्ती किया जाना शुरू हो जाएगा। टीबी एवं छाती रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. आरजी नौटियाल ने कहा कि शीघ्र प्लांट लगाने की पूरी कोशिश है जिससे मरीजों को लाभ मिल सके।

सोमवार को मरीजों की भीड़ लगने का अनुमान

हल्द्वानी : शनिवार को एसटीएच में आधे दिन ही ओपीडी खुली और रविवार को अवकाश की वजह से ओपीडी बंद रही। अब सोमवार को ओपीडी खुलेगी। ऐसे में अनुमान है कि सोमवार को ओपीडी में मरीजों की लंबी कतार लग सकती है। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी के अनुसार इन दिनों मौसमी बीमारी जैसे बुखार, डायरिया आदि के ज्यादा मरीज आ रहे हैं।

जिले में 29 बाढ़ चौकियां व 8 कंट्रोल रूम आज से सक्रिय

आठ तहसीलों में 102 आश्रय स्थल चिह्नित, 70 गांव संवेदनशील और 52 गांव अति संवेदनशील

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ऊधमसिंह नगर में मानसून को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आपदा से निपटने की तैयारी पूरी कर ली है। इसके लिए जिले में 29 बाढ़ चौकियां और आठ तहसीलों में आठ कंट्रोल रूम बनाये गये हैं। ये सभी कंट्रोल रूम आज से सक्रिय हो जाएंगे। वहीं जिले में 70 गांव संवेदनशील और 52 गांव अति संवेदनशील चिह्नित किये गये हैं।

विगत वर्ष आयी अतिवृष्टि में जिले में 217 गांव प्रभावित हुए थे। इनमें सबसे अधिक 89 गांव खटीमा में और सितारगंज में 36 गांव और नानकमत्ता के 36 गांव शामिल हैं। इसको देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जिले में 29 बाढ़ चौकियां और आठ तहसीलों में आठ कंट्रोल रूम बनाये गये हैं। इसके अलावा कई स्थानों पर बाढ़ और जलभराव से लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ता है। विगत वर्ष खटीमा में लोगों को बाढ़ से जूझना पड़ा था और कई परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया था।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार इस बार आठ तहसीलों में 102 आश्रम स्थल चिह्नित किये गये हैं। इसमें 53070 लोगों के ठहरने की व्यवस्था कराई गयी है। आश्रय स्थलों में विद्युत, पानी, शौचालय आदि व्यवस्थाएं करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा प्रत्येक गैस एजेंसी को 22-20 गैस सिलेंडर और प्रत्येक पेट्रोल पंप को दो हजार लीटर डीजल और एक हजार लीटर पेट्रोल आरक्षित रखने और संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के 68 सस्ते गल्ले की दुकानों को आवश्यक वस्तुएं आरक्षित रखने को कहा गया है।

जिले में आपदा कंट्रोल रूम में टोल फ्री नंबर हुए सक्रिय

रुद्रपुर : जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि जनपद मुख्यालय में आपदा कंट्रोल रूम बना दिए गये हैं। जिला स्तर पर आपदा कंट्रोल रूम में टोल फ्री नंबर 1077, राज्य कंट्रोल रूम में टोल फ्री नंबर 1070 सक्रिय रहेगा। इसके अलावा तहसीलों में 05944-250719, 250250, 250222 व टोल फ्री नम्बर 1077 एक्टिव रहेंगे। आपदा संबंधित सूचनाएं इन फोन नंबर पर दी जा सकती है।

> मानसून को देखते हुए इस बार जिले में 29 बाढ़ चौकियां और आठ तहसीलों में आठ कंट्रोल रूम बनाये गये हैं। ये सभी कंट्रोल रूम आज से सक्रिय हो जाएंगे। वहीं जिले में 70 गांव संवेदनशील और 52 गांव अति संवेदनशील चिह्नित किये गये हैं। इसके अलावा 102 आश्रय स्थल चिह्नित किये गये हैं। इसमें 53070 लोगों के रहने की व्यवस्था की गई है। **-उमाशंकर नेगी**, आपदा प्रबंधन अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

सितारगंज-खटीमा में एनडीआरएफ को अलर्ट रहने के निर्देश

रुद्रपुर : जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि मानसून को देखते हुए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एसएसबी बटालियनों को भी अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्हें सितारगंज और खटीमा में संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों में स्थान चिह्नित कर सतर्क रहने को कहा गया है।

स्वास्थ्य विभाग एकत्र कर रहा गर्भवती महिलाओं का डाटा

रुद्रपुर : मानसून को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी सभी तैयारियां कर ली है। प्रत्येक चिकित्सालयों में जल जनित बीमारियों की पर्याप्त दवाएं, एंटी वेनम रखने के साथ ही चिकित्सकों के साथ एम्बुलेंस की व्यवस्था भी की गयी है। इसके अलावा एनएनएम और आशाओं के माध्यम से ऐसी महिलाओं को डाटा एकत्रित किया जा रहा है जिनका जून से सितंबर तक प्रसव संभावित हो। ताकि उनकी बर्थ वेटिंग सिस्टम में व्यवस्था की जा सके।

मानसून की रफ्तार हो गई धीमी अब 25 तक पहुंचने की उम्मीद

- तापमान में हुई 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि
- हल्की बारिश के बाद भी उमस भरी गर्मी से परेशान हुए लोग

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: तराई में हल्की बारिश के बाद उमस बढ़ने की बजाय और अधिक बढ़ गयी है। इससे लोग दिनभर परेशान नजर आये। तापमान में भी डेढ़ डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने मानसून के कमजोर होने के चलते अब उत्तराखंड में 25 जून तक मानसून के दस्तक देने की संभावना जताई है।

तराई में पिछले कई दिनों से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। रविवार को सुबह से ही आसमान में काले बादल छाये रहे, लेकिन बारिश मात्र 2.4 मिलीमीटर ही हुई। इससे उमस कम होने की बजाय और अधिक बढ़ गयी है। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि रविवार को अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 25.9

डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वातावरण में नमी की मात्रा 50 फीसदी रही, जबकि पश्चिम दिशा से 2.4 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। उन्होंने बताया कि इस समय जो बारिश हो रही है वह प्री मानसून है। उत्तराखंड में अब मानसून 25 जून तक दस्तक देगा। कारण विगत दिनों अरब सागर की ओर से तेजी से आ रहे मानसून की गति कमजोर हो गयी है। इसलिए उत्तराखंड में अब मानसून पांच दिन देरी से पहुंची की उम्मीद है।

पंचायत चुनाव को लेकर 224 से अधिक आपत्तियां

- आज और कल होगा आपत्तियों का निस्तारण
- 18 जून को होगा आरक्षण प्रस्तावों का अंतिम प्रकाशन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिले की कुल 373 ग्राम पंचायतों और 273 क्षेत्र पंचायत वार्डों के आरक्षण की अनंतिम सूची जारी होने के बाद आपत्तियां आनी शुरू हो गयी है। 16 और 17 जून को जिलाधिकारी आपत्तियों का निस्तारण करेंगे, जबकि 18 जून को आरक्षण प्रस्तावों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

यहां बता दें कि विगत दिवस पंचायत चुनाव के लिए अनंतिम आरक्षण सूची जारी हुई। जिला पंचायत में 35 सीटें हैं इसमें 18 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गयी है। वहीं अनंतिम आरक्षण सूची जारी होने के बाद शनिवार को पहले दिन 224 आपत्तियां आयी। इसमें सबसे अधिक ग्राम प्रधान पर पर 159 आपत्तियां आयी। इसी तरह क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए 26, जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए 37 और ब्लॉक प्रमुख पद पर दो आपत्तियां आयी हैं।

इन आपत्तियों में कहीं अनुसूचित जनजाति को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण देने तो कहीं अनारक्षित सीटों को आरक्षण की श्रेणी में लेने की मांग उठाई गयी है। वहीं कई आपत्तियों में अधिक आबादी का हवाला भी दिया गया है। वहीं रविवार को दूसरे दिन भी कई लोगों ने आपत्तियां दर्ज करायी। करीब 224 से अधिक लोगों ने आपत्तियां दर्ज करायी है।

59 ग्राम पंचायतों में पिछड़ी जाति को आरक्षण नहीं

खटीमा : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विकासखंड के अंतर्गत किसी भी ग्राम पंचायत में पिछड़ी जाति को आरक्षण नहीं मिला है। भाजपा के जितेन्द्र कुमार वर्मा खंड विकास अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरी, प्रदेश महामंत्री नेत्रपाल मौर्य को पत्र भेजा है। जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में कहा कि विकासखंड की 59 ग्राम पंचायतों में एक भी पंचायत को पिछड़ी जाति के लिए आरक्षित नहीं किया गया है। जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ कार्य कर रहे हैं।

भक्ति योग से ही कर्म योग जन्मते हैं : मंडल

दिनेशपुर में आयोजित सत्संग में मौजूद अनुयायी। ● अमृत विचार

प्रवचन देते एसपीआर कृतिकान्त मंडल।

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : सतगुरु की शरण में रहकर ही जीवन में सद्गुरु मिलते हैं। भक्ति योग से ही कर्म योग जन्मते हैं। यह विचार मुख्य वक्ता एसपीआर कृतिकांत मंडल ने रखे। उन्होंने कहा कि भटके हुए लोगों को सद्गुरु ही मार्ग दिखाते हैं। श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी ऐसे ही महापुरुष थे। एसपीआर मंडल ने श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र जी के आदर्श को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

रविवार को सत्संग विहार में आध्यात्मिक गुरु श्रीठाकुर अनुकुलचंद्र जी के पौत्र अर्कघुति चक्रवर्ती का 58वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। एसपीआर सुनील कुमार हालदार ने कहा कि श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र के आदर्श पर चलते हुए ईश्वर की आराधना के बिना जीवन अधूरा है। लोभ, मोह, क्रोध व अहंकार को त्यागे बिना ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं है। इस दौरान अनुयायियों ने सत्संग का आनंद लेते हुए भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन जेके विष्णु प्रसाद वैद्य व राजीव विश्वास ने किया। इस मौके पर एसपीआर, कृतिसुंदर चौधरी, जेके कार्तिक, संजीव विश्वास, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन अध्यक्ष गौतम सरकार, सुदर्शन सरकार, राजीव विश्वास, अनूप अधिकारी, शांता अधिकारी सुरुचि राय, अनामी विश्वास, श्रुति राय, विभूति भूषण, मीना राय, सिमरन पांडे, विजय ढाली, भूपेश सरकार, मनोज राय उर्फ मुन्ना, राजू गाईन आदि मौजूद रहे।

तेज रफ्तार टेंपो ट्रक में जा घुसा, चालक घायल

बाजपुर: नेशनल हाईवे-74 पर तेज रफ्तार टेंपो पीछे से ट्रक में जा घुसा। हादसे में घायल हुए टेंपो चालक को 108 एंबुलेंस वाहन सेवा से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

दढ़ियाल रामपुर उप्र निवासी विशाल (22) पुत्र विजयपाल रविवार की तड़के करीब 3 बजे टेंपो चलाकर गदरपुर की ओर से दोराहा की तरफ आ रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच केलाखेड़ा के निकट एक ढाबे के सामने टेंपो पीछे से ट्रक में जा घुसा। हादसे में टेंपो का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त होने के साथ ही विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस कर्मी उसे तुरंत सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

जलभराव : देर रात मुख्य बाजार पहुंचे मेयर

- मुख्य बाजार की नालियों और गूल का किया निरीक्षण
- कहा- नालियों के चौड़ीकरण से नहीं होगा जलभराव

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: जल भराव की समस्या को देखते हुए मेयर दीपक बाली ने शनिवार की देर रात मुख्य बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जलभराव से निजात के लिये पानी की निकासी की निगम अधिकारियों से जानकारी ली।

शनिवार की देर रात महापौर दीपक बाली अपनी पूरी टीम और पार्षदों को लेकर मुख्य बाजार पहुंचे और उन्होंने जलभराव की समस्या के निदान के लिये तोड़कर चौड़ी की जा रही नालियों के निर्माण के साथ-साथ गूल का भी निरीक्षण किया। मेयर बाली ने कहा कि जब नालियां ही छोटी हो गईं तो उनसे होकर पानी की निकासी कैसे होगी, इसलिए उन्होंने पार्षदों के साथ

काशीपुर में शनिवार की देर रात मुख्य बाजार में नालियों का निरीक्षण करते मेयर व अन्य। ● अमृत विचार

निर्णय लिया है कि बाजारों की नालियों को तोड़कर चौड़ा किया जाए और दुकानदारों से अनुरोध किया कि वह नालियों पर जो जाल डालें उसमें बीच-बीच में गैप हो, ताकि सफाई करने में कोई दिक्कत ना आए। मेयर बाली ने कहा कि इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि व्यापारियों को कोई परेशानी ना हो, इसलिए नालियों की तोड़फोड़ और निर्माण कार्य रात में कराया जा रहा है। बाली ने कहा कि अगले 10 दिन में युद्ध स्तर पर जलभराव की समस्या के निदान के लिये जो कार्य होंगे उनके पूर्ण होने से पूरी उम्मीद है कि इस बार जलभराव न के बराबर होगा और अगली बार तो जलभराव होने ही नहीं दिया जाएगा। इस मौके पर पार्षद दीपा पाठक, वैशाली गुप्ता, बीना नेगी, शाह आलम, पुष्कर बिष्ट, सरफराज, अशोक सैनी, सतीश शर्मा, प्रकाश नेगी, खालिद हुसैन, अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष अजय टंडन, चौधरी समरपाल सिंह, मुकेश चावला आदि शामिल रहे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034,
अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488,
काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222,
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

पालिका में सम्मिलित होने से वंचित ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से महरूम

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: नगर पालिका की सीमा वृद्धि में सम्मिलित ग्राम सभा के कुछ हिस्से को छोड़ा गया है। इस छोड़े गए भूभाग में रहने वाले कई मतदाता वर्तमान में मताधिकार के प्रयोग से वंचित चल रहे हैं। इस संबंध में संबंधित ग्राम सभाओं के ग्रामीणों ने नगर पालिका, विकास खंड सहित जिला प्रशासन को पत्र भेज कर उन्हें नगर पालिका अथवा विधानसभाओं में जोड़ने की मांग गई।

ग्रामीण मतदाता सूची में भी अपना नाम नहीं होना बताते हैं लेकिन उन्हें अभी तक कहीं नहीं जोड़ा गया है। वह नगर पालिका सीमा में सम्मलित होने से वंचित रहे ग्रामीण अब ग्रामीण स्तर पर होने वाले छोटे-छोटे कार्यों से वंचित चल रहे हैं। ग्राम सभा उमरुखुर्द की 2011 की जनगणना के अनुसार 5,850 मतदाताओं वाले भूभाग को नगर पालिका सीमा में जोड़ा गया है। जबकि 1300 आबादी वाले भूभाग को छोड़ा गया है। नगर पालिका सीमा में सम्मिलित होने से वंचित रहे भूभाग के ग्रामीणों को किसी अन्य ग्राम सभा में भी नहीं जोड़ा गया है। यहां के लगभग 1300 मतदाता अब मताधिकार से भी वंचित रह सकते हैं। क्योंकि इनका नाम मतदाता सूची में नहीं है। नगर पालिका में सम्मिलित होने से वंचित रहे इन मतदाताओं को किसी ग्राम सभा में भी नहीं जोड़ा गया है। यह मतदाता जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्ट्रर की नकल, समाज कल्याण से मिलने वाली सुविधाओं से भी वंचित चल रहे हैं। खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र सिंह कन्याल ने बताया कि नगर पालिका सीमा में सम्मिलित होने से वंचित रहे ग्रामों का शासन स्तर से सर्वे हुआ है। जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई है और इसका समाधान भी शासन स्तर से ही होगा।

अवैध दुकानें तोड़ने गई टीम बैरंग लौटी

नानकमत्ता में जिला पंचायत की भूमि से कब्जा हटाने पहुंचे अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, नानकमत्ता

अमृत विचार: जिला पंचायत की जमीन पर अवैध रूप से बनी दस दुकानों का कब्जा जेसीबी से हटाने आई टीम को तीखी झड़प के बाद बैरंग लौटना पड़ा। रविवार को नगर के मुख्य चौराहे पर जिला पंचायत की जमीन पर अवैध रूप से बनी दस दुकानों को मुख्य जिला पंचायत अधिकारी अपनी टीम और तहसीलदार हिमांशु जोशी व पुलिस टीम के साथ जेसीबी लेकर पहुंचे। एक पूर्व सभासद और एक महिला ने अधिकारियों से अभद्रता की और तीखी झड़प की। इस पर तहसीलदार हिमांशु जोशी और मुख्य जिला पंचायत अधिकारी ने दुकानों पर नोटिस चस्पा कर पुनः कार्रवाई करने को कहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034
अल्मोड़ा : 8126628885, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

पहल | प्रदेश भर में किया जा रहा योग शिविरों का आयोजन, नदी सभ्यता पर भी हो रही चर्चा

आओ हम सब योग करें अभियान के तहत लगा शिविर

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: आओ हम सब योग करे अभियान, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेशभर में योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष नमामि गंगे कार्यक्रम ने एक नई पहल करते हुए योग शिविरों के साथ-साथ आसपास स्थित मंदिरों और मठों में वेद, पुराणों और नदी सभ्यता पर विशेष चर्चा की जा रही है।

बिगराबाग में आओ हम सब योग करें के तहत भागीरथी पब्लिक स्कूल में योग शिविर का आयोजन

खटीमा के बिगराबाग स्थित भागीरथी पब्लिक स्कूल में योग करते बच्चे। ● अमृत विचार

किया जा रहा है। पीजी डिप्लोमा योग की छात्रा मोहिनी राना ने योग के बारे में जानकारी दी। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के विभागाध्यक्ष डॉ. नवीन भट्ट ने उपस्थित लोगों को योग के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि यह हमारी प्राचीन विद्या है। आज हम सबके लिए यह बड़े गर्व की बात है कि मुख्यमंत्री द्वारा स्वस्थ उत्तराखंड के लिए नमामि गंगे जैसे परियोजनाओं के माध्यम से जगह-जगह योग शिविरों को करा कर प्रत्येक व्यक्ति को योग के प्रति जागरूक कर उसे अपने जीवन में अपनाने के लिए पहल चलाई जा रही है। डॉ. भट्ट ने कहा कि हम सब इस पहल को सफल बनाने में लगे हुए हैं और जगह-जगह योग शिविरों को आयोजन कर हम जन-जन तक योग पहुंचना मुख्यमंत्री के संकल्पों को पूरा करना हमारा लक्ष्य है।

फैक्ट्री में काम के दौरान श्रमिक घायल

बाजपुर : एक फैक्ट्री में काम के दौरान लोहे की भारी भरकम वस्तु की चपेट में एक श्रमिक घायल हो गया जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां से रेफर करने के बाद नगर के एक निजी चिकित्सालय में ले जाया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। नरखेड़ा मिलक रामपुर उप्र निवासी विकास (19) पुत्र राजाराम बाजपुर में रामराज रोड पर स्थित एक फैक्ट्री में श्रमिक है। बताया जाता है कि शनिवार की मध्य रात्रि वह अपने अन्य साथियों के साथ काम कर रहा था। इसी बीच भारी भरकम लोहे की वस्तु की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे वहां मौजूद श्रमिकों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ही उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद उसे अन्य चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

एक नजर

हल्द्वानी हाईवे पर आया बाघ, वाहनों की लगी कतार

रुद्रपुर : रुद्रपुर-हल्द्वानी हाईवे पर अक्सर बाघ का दिखना आम होने लगा है, लेकिन बाघ के कारण हाईवे पर जाम दिखने लगा है। रविवार की सुबह हाईवे पर एक बाघ दिखा तो वाहनों की लंबी कतार लग गई। बाघ के जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बताते चलें कि रविवार की सुबह 7 बजे अचानक रुद्रपुर-हल्द्वानी हाईवे पर संजय वन से करीब दो किलोमीटर हल्द्वानी की ओर सड़क किनारे एक बाघ आ गया। जिसे देखकर लोग रुक गए और देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतार लग गई। इससे यातायात बाधित हो गया। कुछ देर बाद बाद वाघ वहां से टांडा जंगल की ओर चला गया। इसके बाद यातायात सुचारू हुआ। उधर, तराई केंद्रीय वन प्रभाग के रेंजर रूप नारायण गौतम ने बताया कि टांडा जंगल में बाघ है, जो अक्सर सड़क पार करते हुए या फिर सड़क किनारे जंगल में दिखाई देते रहते हैं।

प्रतापपुर क्षेत्र में पड़ा मिला युवक का शव

काशीपुर : प्रतापपुर क्षेत्र में एक शव पड़ा होने की सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। रविवार सुबह लगभग पांच बजे किसी ने पुलिस को सूचना दी। कहा कि प्रतापपुर चौकी से कुछ दूरी पर एक शव पड़ा है। जिसको किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। जहां उन्होंने शव की शिनाख्त के काफी प्रयास किए, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। प्रतापपुर चौकी प्रभारी सौरभ भारती ने बताया कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के थाना क्षेत्रों को इसकी सूचना दे दी गई है। तीन दिन तक शव की शिनाख्त के प्रयास किए जाएंगे। अगर शव की शिनाख्त नहीं होती है, तब पुलिस खुद ही शव का अंतिम संस्कार करवा देगी। मृतक की उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच होगी।

नहर में डूबने से युवक की मौत

खटीमा : नारायण नगर स्थित नहर में नहाते हुए एक युवक की डूबकर मौत हो गई। खाली महुवट निवासी पवन अधिकारी नारायण नगर की नहर में नहाने गया था कि उसकी डूब कर मौत हो गई। झनकईया थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने बताया कि पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही परिजन शव लेकर चले गए थे।

तीन वारंटी गिरफ्तार

काशीपुर : कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर कोतवाली पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब आरोपियों को कोर्ट में पेश करेगी। रविवार को कोतवाली पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ अभियान चलाया। जहां पुलिस ने कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर वारंटी राजू सिंह निवासी ढकिया गुलाबो, संजय निवासी गढ़ी इन्द्रजीत, नरेश शर्मा निवासी पक्काकोट को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश करेगी।

पुलिस ने आरोपी की चल संपत्ति कुर्क की

खटीमा : कोतवाली पुलिस ने धारचूला पिथौरागढ़ के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा जारी किए गए कुर्की वारंट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर चल संपत्ति कुर्क कर ली। धारचूला में योगेश गर्ब्याल द्वारा दर्ज एक फौजदारी मामले में बार-बार आदेश के बाद भी न्यायालय में उपस्थित न होने पर न्यायालय द्वारा कुर्की वारंट जारी किया गया था। जिसके तहत पुलिस ने उमरूखुर्द कंजाबाग निवासी राकेश चन्द्र भट्ट के घर पर मौजूद चल सम्पत्ति की कुर्की कर सम्पत्ति को कोतवाली के मालगृह में दाखिल कर दिया है। टीम में उपनिरीक्षक किशोर पन्त, महेश आर्य आदि शामिल रहे।

निजी बस में सवार 40 यात्रियों में से सात को आई चोटें, घटना के बाद बस चालक और परिचालक फरार

गोरखपुर से देहरादून जा रही बस डिवाइडर से टकराई

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: गोरखपुर से देहरादून जा रही 40 सीटर निजी बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गयी। हादसे से बस में चीख-पुकार मच गई। बस पलटने से लगभग 22 लोग घायल हो गए। आईटीआई थाना पुलिस ने बस कब्जे में लेकर घायलों को सरकारी अस्पताल भेजा। जहां घायलों का प्राथमिक इलाज कर घर भेज दिया गया।

एक निजी बस गोरखपुर से देहरादून लगभग 40 सवारियों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान रविवार की सुबह लगभग सात बजे बस ग्राम परमानंदपुर के पास अचानक हाईवे पर डिवाइडर से टकरा कर डिवाइडर के दूसरी ओर पलट गयी। बस पलटने से सवारियों में चीख-पुकार मच गयी। वहीं बस चालक व परिचालक मौके से भाग गए। सूचना पर पहुंची आईटीआई थाना पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां सभी का प्राथमिक इलाज कर छुट्टी दे दी गई, जबकि एक घायल अंकित जायसवाल (37) पुत्र मुरारी लाल जायसवाल निवासी गोरखपुर का बायां हाथ फ्रैक्चर हो गया। जिसका इलाज चल रहा है। जबकि दीप्ति पाठक (54) पत्नी उमाकांत पाठक निवासी यमुना कॉलोनी देहरादून, रंजना यादव (20) पुत्री जंग बहादुर निवासी गोरखपुर, अमन कुमार (30) पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी जमुनापुर धामपुर, प्रेम बहादुर (76) पुत्र खेम सिंह व पदम सिंह (39) पुत्र प्रेम बहादुर निवासीगण बंगोला बहादुरपुर हरिद्वार व गणेश दत्त (62) पुत्र स्व. बीसी गुणवंत निवासी हल्द्वानी का प्राथमिक इलाज कर घर भेज दिया गया।

उधर आईटीआई थाना प्रभारी कुंदन रौतेला ने बताया कि हादसे में लगभग 22 लोग घायल हुए थे जिसमें से सात लोगों के चोंट अधिक थीं। जिनको सरकारी पहुंचाया गया। सीओ दीपक सिंह ने बताया घटना के बाद चालक-परिचालक भाग गए हैं। उनकी तलाश की जा रही है। अधिकांश यात्री अपने साधनों से गंतव्य को चले गए हैं।

काशीपुर में परमानंदपुर के पास पलटी बस। ● अमृत विचार

छेड़छाड़ के विरोध पर युवकों को पीटा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: बहन के साथ छेड़छाड़ का विरोध करने पर दो युवकों ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवकों के साथ मारपीट की। पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कुंडेश्वरी पुलिस चौकी क्षेत्र के तिलकनगर निवासी एक युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। इसमें बताया कि उसकी बहन बीती 12 जून की दोपहर लगभग एक बजे सन्नी चीमा के फार्म में अपनी सहेलियों के साथ पानी भरने के लिए गई थी। वहां पर मौजूद अमित व मोनू ने उसकी बहन व अन्य लड़कियों के साथ छींटाकशी करते हुए अश्लील टिप्पणी की। जब इसकी शिकायत उसकी बहन ने उससे की, तो वह अपने दो दोस्तों के साथ वहां पर गया। जब उक्त दोनों से कहा कि तुम यहां पर लड़कियों को परेशान क्यों कर रहे हो। तब दोनों युवक उनके साथ अभद्रता करके चले गए। लगभग एक घंटे बाद मोनू व अमित अपने अन्य दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से आए और उनके आते ही मारपीट व गाली-गलौज करना शुरू कर दी। उसके दोस्त के साथ हमलावरों ने लाठी-डंडों से बुरी तरह से मारपीट की और अधमरा करके छोड़ कर भाग गए। वह जाते जाते जान से मारने की धमकी दे गए।

सड़क के शिलान्यास कार्यक्रम से पहले भड़के पूर्व विधायक ठुकराल

व्यापारी नेता को थाने बुलाने पर चढ़ा पारा, थाने में दिया धरना, व्यापारी को पड़ा छोड़ना

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ट्रांजिट कैंप से शिव नगर झील मोड़ तक अभी विधायक ने मुख्य मार्ग निर्माण कार्य का शिलान्यास किया भी नहीं था कि पुलिस को खबर मिली कि व्यापारी नेता हंगामा काट सकते हैं। पुलिस ने नेता को थाने बुलाकर बैठा लिया। जिसकी भनक लगते ही पूर्व विधायक भड़क गए और उन्होंने थानाध्यक्ष के केबिन में ही धरना शुरू कर दिया। काफी बहसबाजी के बाद आखिरकार पुलिस को व्यापारी नेता को छोड़ना पड़ा।

रविवार की शाम छह बजे विधायक शिव अरोरा को दो करोड़ की लागत से बने ट्रांजिट कैंप शिव नगर से झील मुख्य मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास करना था। सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय लोग भी संघर्षरत थे। दोपहर साढ़े 3 बजे किसी ने थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को सूचना दी कि लघु व्यापार मंडल अध्यक्ष ट्रांजिट कैंप संजीव गुप्ता शिलान्यास कार्यक्रम में विघ्न डालने की योजना बना रहे हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस ने फोन कर व्यापारी नेता को थाने बुला लिया और शिलान्यास कार्यक्रम के बाद छोड़ने की बात कही। जिसकी भनक पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को लगी तो वह भी थाने पहुंचे और पुलिस की भ्रामक कार्रवाई का विरोध करते हुए थानाध्यक्ष के कमरे में ही धरने पर बैठ गए। इस दौरान दरोगा महेश कांडपाल व अकरम अहमद ने काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन पूर्व विधायक ने नेता को तत्काल छोड़ने को कहा। काफी जद्दोजहद के बाद आखिरकार पुलिस को व्यापारी नेता को छोड़ना पड़ा। इसके बाद मामला शांत हुआ।

थानाध्यक्ष के केबिन में धरना देते पूर्व विधायक ठुकराल। ● अमृत विचार

सड़क के शिलान्यास का श्रेय लेने का है मामला

रुद्रपुर : लघु व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता का कहना था कि कई वर्षों से जर्जर सड़क को लेकर स्थानीय लोग संघर्ष कर रहे थे। इसी को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली थी। जिसमें स्थानीय लोगों की मेहनत रंग लाई। व्यापारी नेता का यह भी आरोप था कि पोस्ट को देख विधायक को लगा कि लघु व्यापार इसका श्रेय नहीं ले पाए तो उनके द्वारा एसएसपी को फोन कर शिलान्यास कार्यक्रम में बवाल की गलत सूचना दे डाली, जबकि उनके द्वारा कोई विरोध नहीं होना था।

ट्रांजिट कैंप शिवनगर मुख्य मार्ग की सड़क का निर्माण होना है। क्षेत्र की जनता के लिए बहुत बड़ी सौगात है, लेकिन उनके द्वारा सड़क का शिलान्यास करना विरोधियों को पच नहीं रहा था तो उनके द्वारा भ्रामक व मनगढ़ंत कहानी बनाकर प्रचार शुरू कर दिया। उनका मकसद केवल ट्रांजिट कैंप की जनता की आवाजाही को सुलभ बनाना है। पुलिस का मामला है। इस प्रकार की दलगत राजनीति उन्हें नहीं आती। महज नाटकीय अंदाज में जनता को गुमराह नहीं किया जा सकता है।

-शिव अरोरा, विधायक, रुद्रपुर

लघु व्यापार मंडल अध्यक्ष का वर्षों पुराना संघर्ष कामयाब हुआ। स्थानीय लोगों के साथ अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने लोनिवि में कई बार धरना प्रदर्शन किया और अधिकारियों ने 15 जून से पहले ही कार्य प्रारंभ करने का आश्वासन भी दिया था। 15 जून को विधायक का शिलान्यास करना भी निर्धारित हुआ। बावजूद पुलिस ने बेवजह थाने बुलाकर कार्यक्रम में खलल डालने का आरोप लगाया जो कि बर्दाश्त योग्य नहीं था। पुलिस ने विरोध के बाद व्यापारी नेता को छोड़ दिया।

-राजकुमार ठुकराल, पूर्व विधायक, रुद्रपुर

युवक की मौत के बाद झोलाछाप चिकित्सक के खिलाफ फूटा गुस्सा

- युवक का गलत इलाज किए जाने का आरोप लगाया
- पुलिस ने आरोपी चिकित्सक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: झोलाछाप चिकित्सक के गलत इलाज से युवक की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। पुलिस ने आरोपी झोलाछाप चिकित्सक को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

महेश पाल (फाइल फोटो)।

रविवार की सुबह कोतवाली अंतर्गत वार्ड नंबर 2, लक्ष्मी विहार कॉलोनी, किच्छा निवासी तमाम लोग कोतवाली पहुंचे और हंगामा करते हुए झोलाछाप चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। मृतक के पिता मंगल सिंह ने आरोप लगाया कि शनिवार की दोपहर वार्ड नंबर 2 लक्ष्मी विहार कॉलोनी निवासी उनके पुत्र 33 वर्षीय महेश पाल को पेट दर्द की शिकायत होने के बाद परिजन उसका इलाज कराने के लिए रेलवे स्टेशन के निकट स्थित तथाकथित चिकित्सक के क्लीनिक पर पहुंचे थे। परिजनों के अनुसार चिकित्सक ने मरीज महेश पाल को क्लीनिक में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया और इंजेक्शन तथा ग्लूकोज की दो-तीन बोतल लगा दीं। बताया कि करीब 3 घंटे तक महेश पाल का इलाज किए जाने पर कुछ सुधार होने पर महेश पाल को घर भेज दिया और रात्रि 9 बजे फिर से इंजेक्शन लगाने के लिए बुलाया। परिजनों के अनुसार रात्रि 9 बजे परिजन महेश को लेकर क्लीनिक पर पहुंचे और चिकित्सक ने इंजेक्शन लगाने के बाद जल्द सुधार होने की बात कह कर उन्हें घर भेज दिया। मृतक के पिता मंगल सिंह ने बताया कि रात्रि में खाना खाने के बाद महेश पाल सो गया और करीब 12:30 बजे अचानक उसकी तबीयत खराब होने के बाद जब महेश पाल लघु शंका करने के लिए बाथरूम गया तो बेहोश होकर वहीं गिर गया। महेश पाल को गंभीर अवस्था में सुबह तड़के इलाज के लिए रुद्रपुर के मेडिसिटी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया और तमाम परिजनों ने तथाकथित चिकित्सक के क्लीनिक पर पहुंचकर जमकर हंगामा करते हुए तमाम गंभीर आरोप लगाए। क्लीनिक पर हंगामा करने के बाद कोतवाली पहुंचे परिजनों ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। फिलहाल पुलिस ने पूछताछ के लिए चिकित्सक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों से जानकारी लेने के बाद कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने परिजनों को जांच के उपरांत कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए शांत कराया। फिलहाल पुलिस ने महेश पाल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच प्रारंभ कर दी है। बताया जा रहा है कि पूर्व में भी आरोपी के खिलाफ गलत उपचार के कारण मरीज की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

खुलेआम हो रहा मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़

किच्छा : भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं मृतक महेशपाल के मामा महेंद्र कश्यप ने आरोप लगाया कि मरीज का इलाज कर रहे चिकित्सक के पास कोई भी डिग्री नहीं है तथा उसके द्वारा खुलेआम मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सा अधिकारी को दूरभाष पर पूरे मामले से अवगत कराते हुए आरोपी चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग की गई है।

दो साल पहले ही हुई थी शादी

किच्छा : बताया जा रहा है कि मृतक महेश पाल ग्रेजुएट होने के साथ ही अकाउंट का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सिडकुल रुद्रपुर स्थित कई कंपनियों में अकाउंट का काम देख रहा था। परिजनों के अनुसार करीब 2 वर्ष पूर्व महेश पाल का धूमधाम से विवाह हुआ था और उसकी करीब एक वर्षीय एक संतान भी है। महेश पाल की मौत के बाद परिवार जनों पर दुखों का पहाड़ टूट गया है और मृतक के माता-पिता सहित उसकी पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल नजर आया।

जमीन विवाद में खूनी झड़प, महिला समेत पांच घायल

संवाददाता, सितारगंज

अमृत विचार: बिज्टी रोड स्थित एक जमीन के कब्जे को लेकर 12 जून को दिनदहाड़े दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इसमें तलवार, कृपाण, कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से लैस होकर आए करीब दर्जन भर लोगों ने एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया।

पीड़ित इकबाल सिंह भुल्लर ने तहरीर में आरोप लगाया कि गुरलाल सिंह अपने पुत्र सर्वजीत सिंह, रंजीत सिंह और तीन अन्य साले गुरसेवक, सरवन, शगन समेत 8-10 अज्ञात लोगों के साथ जमीन पर कब्जा करने पहुंचे और गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। विवाद की सूचना पर इकबाल की पत्नी बलजीत कौर, पुत्र रूपेन्द्र सिंह, पुत्री कमलजीत कौर और भाई रिशपाल सिंह मौके पर पहुंचे, जिन पर हमलावरों ने हथियारों से बर्बर हमला कर दिया। हमले में इकबाल सिंह को सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं, पत्नी बलजीत कौर, भाई रिशपाल सिंह, पुत्र रूपेन्द्र सिंह और पुत्री कमलजीत कौर भी बुरी तरह घायल हो गए, जिनमें कमलजीत की तीन उंगलियां टूट गईं। घायलों को पहले सीएचसी सितारगंज और फिर हालत गंभीर होने पर हल्द्वानी रेफर किया गया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

मारपीट मामले में परिवार के छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

बाजपुर : तीन दिन पहले रत्ना मडैया केलाखेड़ा में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट मामले में पुलिस ने एक पक्ष की ओर से एक ही परिवार के छह महिला-पुरुषों के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है। वार्ड-8 रत्ना मडैया केलाखेड़ा निवासी आसिफ ने केलाखेड़ा थाने में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि 12 जून की दोपहर करीब 12 बजे उसका भाई आलिम बाल कटवाकर घर आ रहा था। आरोप है कि इसी बीच फरमान रास्ते में मिला और गाली-गलौज करने लगा, जिसके चलते उसका भाई बिना कुछ कहे वहां से आगे बढ़ गया। आरोप है कि फरमान ने पीछे से दौड़कर अपने घर के सामने परिवार के लोगों ताहिर पुत्र मजीद ठेकेदार, फुरकान पुत्र ताहिर, नासिर पुत्र जाहिद, जाहिद पुत्र मजीद ठेकेदार, मेहरुल निशा पत्नि ताहिर आदि के साथ मिलकर आलिम पर लाठी-डंडों एवं धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर परिवार की महिलाएं आलिम को बचाने पहुंची तो हमलावरों ने उनके साथ भी बेरहमी से मारपीट की। भाई का सुशीला तिवारी हास्पिटल हल्द्वानी उपचार चल रहा है और हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है।

शिकंजा

आरोपियों के कब्जे से स्विफ्ट डिजायर कार बरामद, छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष प्रवीन कंबोज पर किया था हमला

जानलेवा हमला करने के चार आरोपी किए गिरफ्तार

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष प्रवीन कुमार कंबोज पर जानलेवा हमला करने के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें हल्द्वानी जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं। उनके कब्जे से स्विफ्ट डिजायर कार भी बरामद की है।

रविवार को कोतवाली में मामले का पर्दाफाश करते हुए सीओ विभव सैनी ने बताया कि 12 जून की देर सायं करीब साढ़े सात बजे बेरिया रोड स्थित शिशले फैशन बुटीक पर मौजूद प्रवीन सिंह कंबोज पर चार अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या करने की नियत से जानलेवा हमला किया गया था। इसमें प्रवीन की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी पंजीकृत कर विवेचना उपनिरीक्षक प्रह्लाद सिंह बिष्ट के सुपुर्द की गई। घटना के अनावरण उच्चाधिकारियों के दिशा-निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। करीब 200 सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करने पर प्रकाश में आया कि हमलावर स्विफ्ट डिजायर कार संख्या (पीबी22/वाई7957) में सवार होकर आए थे। आरोपियों ने हमला करने से पहले प्रवीन के घर की रैकी भी की थी। पुलिस ने सर्विलांस एवं स्थानीय मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए कार में सवार चार लोगों को बाजपुर क्षेत्र में ही दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम ग्राम अरनीवाला सेखसुभान थाना सेखसुभान जिला फाजिल्का पंजाब निवासी राज कंबोज, रूपेंदर सिंह, गुरविंदर सिंह व भगत सिंह बताया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार एवं डंडा के साथ ही पीड़ित प्रवीन कंबोज की पत्नी राजकुमारी से छीना गया पर्स, मोबाइल, डेविड कार्ड, आधार कार्ड आदि बरामद कर लिया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं। इस मौके पर कोतवाल प्रवीन सिंह कोश्यारी भी मौजूद रहे। पुलिस टीम में एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल, उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह मनराल, उपनिरीक्षक प्रह्लाद सिंह बिष्ट, हेड कांस्टेबल भूपाल चंद्र, कांस्टेबल रमेश पांडे, जगदीश कोटियाल आदि शामिल थे।

कोतवाली में घटना का अनावरण करते सीओ विभव सैनी व पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

प्रापर्टी को लेकर चल रहा है विवाद

बाजपुर : सीओ विभव सैनी के अनुसार पूछताछ में आरोपी राज कंबोज द्वारा बताया गया कि प्रवीन कंबोज की बहन अनीता और उसके परिवार का प्रापर्टी को लेकर विवाद प्रवीन के साथ चल रहा है जिसके चलते अनीता उर्फ अन्नु के कहने पर प्रवीन को मारने की नियत से हमला किया गया था। राज ने पुलिस को बताया कि अनीता उर्फ अन्नु उसकी दोस्त एवं रिश्तेदार है। सीओ ने कहा कि इस मामले में विवेचना अभी जारी है, जिसमें जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अमृत विचार
www.amritvichar.com

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

संपादकीय

हादसों से सबक

उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर के पास रविवार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड में यह पहला हादसा नहीं है। इससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। राज्य में एक के बाद हो रही हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के बावजूद हर स्तर पर लापरवाही बनी हुई है और कोई सबक नहीं लिया जाता। राज्य में करीब 40 दिनों में यह पांचवां हेलीकॉप्टर हादसा है। एहतियात के तौर पर हेली सेवाओं के दौरे को कम कर दिया गया था। इससे पहले, 8 मई को गंगोत्री धाम जा रहा एक हेलीकॉप्टर उत्तरकाशी जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। 7 जून को केदारनाथ जा रहे एक हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने के तुरंत बाद तकनीकी खराबी के कारण सड़क पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी थी, जिसमें पायलट घायल हो गया था, लेकिन विमान में सवार पांच श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचा लिया गया था। चार धाम यात्रा के दौरान लगातार हेलीकॉप्टर हादसों की खबर के बाद पिछले दिनों डायरेक्टोरेट ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की ओर से जांच कराई गई। डीजीसीए ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट में कहा कि हेलीकॉप्टर के ठहराव स्थल पर बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जैसी स्थिति है। इस कारण डीजीसीए ने उड़ानों में 35 फीसदी की कटौती का आदेश दिया। 2004 में हेली सेवा शुरू की गई थी। जानकारों के मुताबिक चारधाम यात्रा में एक इंजन के हेलीकॉप्टर उड़ रहे हैं। हेली संचालकों के लिए कड़े प्रावधान नहीं होने की वजह से इनकी मनमानी बढ़ती गई। उच्च हिमालयी क्षेत्र में एक इंजन के हेलीकॉप्टर की उड़ान कम जोखिम भरी नहीं है। यह हादसा उत्तराखंड की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में हवाई सेवाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। लगातार हो रहे हादसों ने प्रशासन और सरकार की चिंता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हेली सेवाओं का महत्व तीर्थाटन, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं के लिए अत्यधिक है, इसलिए इनमें सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। राज्य सरकार ने चारधाम यात्रा में हेलीकॉप्टर सेवाओं पर फिलहाल रोक लगा दी है। तकनीकी जांच के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह समिति हेलीकॉप्टर संचालन के सभी तकनीकी और सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा करेगी। इसके बाद ही एक मजबूत और व्यावहारिक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी, जिससे भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उम्मीद की जा सकती है एसओपी और सख्त नियमों से ही भविष्य में चारधाम यात्रियों को सुरक्षित हवाई सेवा मिल पाएगी।

परमाणु हथियार नियंत्रण के लिए युद्ध

प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफ है कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, 61 वें दिन इजराइल ने ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं।

इजराइल और ईरान के बीच युद्ध आरंभ हो गया है। इजराइल ने ईरान के विरुद्ध बड़ा सैन्य अभियान चलाया है। इसे 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' नाम दिया गया है। यानी इजराइल एक ऐसा युद्ध करता हुआ देश है, जो ईरान की ओर शेर की मस्तानी चाल से बढ़ रहा है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने जब आजाद हिंद फौज की कमान संभाली थी, तब उन्होंने अपने झंडे पर छलांग लगाते शेर को प्रतीक बनाया था। बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश जारी कर इस आक्रमण की पुष्टि करते हुए कहा है, 'जब तक इजराइल के अस्तित्व पर खतरे बने रहेंगे, ईरान पर हमले जारी रहेंगे। साथ ही यह कोई सीमित कार्यवाही नहीं है, बल्कि एक व्यापक और लंबा चलने वाला रणनीतिक अभियान है।' इजराइल ने शुक्रवार 13 जून को 200 लड़ाकू विमानों से ईरान के लगभग 100 ठिकानों को निशाना बनाया। ये हमले 20 प्रमुख सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों के घरों पर भी किए गए। ईरान की राजधानी तेहरान में 78 लोग मारे गए। सामरिक ठिकानों पर ये हमले संभावित खतरों को टालने के नजरिए से किए गए। इजराइल की सर्तकता यह रही कि उसने अपने खुफिया संगठन 'मोसाद' के जरिये ईरान के गुप्त ठिकानों पर पहुंचकर कम ऊंचाई वाले ड्रोन छोड़े और ईरान की सुरक्षा प्रणाली एवं मिसाइल प्रक्षेपण प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद इजराइली विमानों को ईरान का खुला आसमान मिल गया। ईरान ने 100 ड्रोन से जवाबी हमला किया भी लेकिन ये सभी ड्रोन इजराइली डिफेंस सिस्टम ने इजराइल की सीमा लांघने से पहले ही नेस्तनाबूद कर दिए।

इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफ है कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, 61 वें दिन इजराइल ने ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं, वह इस अवसर का लाभ उठाए। क्योंकि इजराइल का दूसरा हमला कहीं ज्यादा आक्रामक और भयावह होगा। साफ है, ट्रंप की सहमति के बाद ही ईरान ने यह हमला किया है। दरअसल ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए ये हमला किया गया। इसीलिए इस हमले को नेतन्याहू ने न्यायसंगत ठहराते हुए कहा है कि ईरान उसके अस्तित्व के लिए संकट बन रहा है। क्योंकि यह एक हकीकत है कि ईरान ने बड़े पैमाने पर यूरेनियम संवर्धन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह ऐसी प्रक्रिया हैं, जो परमाणु हथियार बनाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाती है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत यूरेनियम-235 के निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जाता है। अतएव इजराइल के लिए ईरान का परमाणु हथियार संपन्न देष हो जाना चिंता की स्थिति उत्पन्न करने वाली बात है। दरअसल, परमाणु हथियार संपन्न देश होना एक ऐसी सैन्य रणनीति हैं, जिसके चलते दूसरे देश परमाणु संपन्न देश पर हमला करने से बचते हैं। इसका बुनियादी कारण है कि यदि कोई देश शत्रु देश पर परमाणु हमला करता है तो जवाबी कार्यवाही में उसे भी परमाणु हमले का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा होता है तो दोनों देशों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। रूस ने यूक्रेन पर आसानी से इसलिए हमला बोल दिया था, क्योंकि उसके पास परमाणु हथियार नहीं है। रूस और अमेरिका के बहकावे में आकर उसने अपने परमाणु हथियार, परमाणु निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद समुद्र में नष्ट कर दिए थे। इसका खामियाजा उसे आज उठाना पड़ रहा है। ईरान परमाणु संपन्न देश न बन जाए, इसलिए उस पर अमेरिका ने लंबे समय से परमाणु संबंधी प्रतिबंध लगाए हुए थे। परंतु बराक ओबामा के कार्यकाल में अमेरिका और ईरान के बीच एक परमाणु समझौता हुआ और ईरान से परमाणु प्रतिबंध समाप्त कर दिए गए थे। तब भी इजराइल ने इस समझौते का खुला विरोध किया था। नेतन्याहू ने यहां तक कहा था कि यह संधि एक ऐतिहासिक भूल है। किंतु उस समय इस संधि को ओबामा की बड़ी उपलब्धि बताया गया था।

ईरान और इजराइल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देशों ने लंबे समय तक छदम् युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजराइल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजराइल पर सीधा हमला बोला था।

ईरान और इजराइल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देशों ने लंबे समय तक छदम् युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजराइल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजराइल पर सीधा हमला बोला था। क्योंकि इस लड़ाई में ईरान समर्थित इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड के ब्रिग्रेडियर जर्नल मोहम्मद रजा जाहेदी समेत 8 अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इस हमले के जवाब में अप्रत्याशित रुख अपनाते हुए लगभग 320 द्रोण और क्रूज मिसाइलों से हमला किया था।। ईरान इजराइल से करीब 1800 किमी की दूरी पर स्थित होने के बावजूद हमला करने में सफल रहा। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद इजराइल से लंबी दुश्मनी के चलते पहली बार यह सैन्य हमला इसलिए किया था। इस लड़ाई में इजराइल को अमेरिका ने खुली सामरिक मदद की थी। उस संदर्भ में ईरान ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा था कि उसने यदि अब इजराइल की मदद की तो नतीजा भुगतने को तैयार रहे। ईरान ने यह पलटवार इसलिए भी किया था, जिससे मध्य-पूर्व की राजनीति में उसके वर्चस्व की महिमा को स्वीकार लिया जाए। यदि वह जवाबी हमला नहीं बोलता तो इजराइल और अमेरिका के खिलाफ उसकी जो धारणा है, वह ध्वस्त हो जाएगी। दरअसल ईरान इजराइल के अस्तित्व को ही स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि इजराइल ने मुस्लिमों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। हालांकि हमले के बाद ईरान ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखकर मामले को यहीं समाप्त करने की गुहार भी लगाई थी। बावजूद ईरान ने चेतावनी दी थी कि यदि इजराइल ने जवाबी कार्यवाही की तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। हालांकि इस परिप्रेक्ष्य में यह विरोधाभास भी देखने में आया था कि ईरान ने अमेरिका को इजराइल पर सीमित और नियंत्रित हमला करने की जानकारी पहले ही दे दी थी। ईरान के विदेश मंत्री ने ही इस आशय का बयान दिया था। वाकई यह बयान सच था तो यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं है कि अमेरिका दुतरफा कुटिल चालें हमेशा ही चलता रहा है। चूंकि अमेरिका ब्रिटेन और फ्रांस को ईरान द्वारा इजराइल पर किए जाने वाले हमले की जानकारी थी, इसलिए इन मित्र देशों ने द्रोण और मिसाइलों को आसमान में ही नष्ट करने में इजराइल का सहयोग भी किया था ? इस मानसिकता को क्या माना जाए यह सोचने की बात है ? इस परिप्रेक्ष्य में युद्ध विश्लेषकों ने यह अनुमान लगाया था कि इजराइल और हमास युद्ध तो अभी खत्म होने वाला नहीं है, लेकिन ईरान-इजराइल का संघर्ष और बढ़ेगा ? इस हमले के करीब 2 साल बाद यही स्थिति प्रत्यक्ष देखने में आ गई है। रूस भले ही इस समय यूक्रेन से ही युद्ध में उलझा हुआ है, बावजूद रूस ने ईरान के रणनीतिक भागीदार के रूप में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईरान पर इजराइल का यह हमला उकसावे को बढ़ावा देने वाला है। हालांकि रूस ने यह भी कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते के लिए जो वर्ता चल रही है, वह उसमें सहयोगा करेगा।

इस युद्ध को लेकर भारत दुविधा में है। क्योंकि पाकिस्तान के विरुद्ध भारत ने जब ऑपरेशन सिंदूर चलाया था तब इजराइल उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा था। इजराइल भारत का रक्षा साझेदार भी है। दूसरी तरफ ईरान से भारत के ऐतिहासिक संबंध है। ईरान ने कई अवसरों पर इस्लामिक देषों के संगठन के मंच पर भारत की मदद की है। इसलिए भारत किसी को भी छोड़ना नहीं चाहता। इसलिए भारत ने दोनों देशों के बीच कूटनीति व शांति बरतने की अपील की है। बहरहाल इस युद्ध के साथ बड़ी आशंका यह जुड़ गई है कि यह युद्ध तीसरे विश्व युद्ध की ओर न बढ़ जाए।

प्रसंगवश

पवन उर्जा को बढ़ावा देने की जरुरत

गत वर्ष अमेरिकी शोधकर्ताओं ने दावा किया था कि अगर उत्तर अटलांटिक महासागर में भारत जितने क्षेत्रफल का विंड फार्म स्थापित कर दिए जाएं तो उससे संपूर्ण विश्व की उर्जा जरुरत पूरी की जा सकती है। शोधकर्ताओं की मानें तो विश्व की उर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए उत्तरी अटलांटिक महासागर में 30 लाख वर्ग किमी क्षेत्रफल में विंड फॉर्म स्थापित किया जा सकता है। विंड फॉर्म लगाने के लिए उत्तर अटलांटिक महासागर सबसे उपयुक्त स्थान है। इस विंड से सालाना 18 टेरावाट बिजली का उत्पादन होगा और एक अनुमान के मुताबिक विश्व में करीब इतनी ही बिजली का उपभोग भी होता है।

अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

शोधकर्ताओं का कहना है कि जमीन पर विंड फॉर्म से 105 वाट प्रति वर्ग मीटर बिजली उत्पादन संभव होता है। लेकिन उत्तर अटलांटिक महासागर में विंड फॉर्म स्थापित करने से 6 वाट प्रति वर्ग मीटर की दर से बिजली उत्पादन संभव होगा। यहां समझना जरुरी है कि जमीन के मुकाबले समुद्र में हवाओं की गति और बल 70 प्रतिशत अधिक होता है और वहां तूफान भी अधिक आते हैं। इसलिए टरबाइन को अधिक हवा मिलती है।

भारत की बात करें तो यहां पवन उर्जा का विकास 1990 के दशक में प्रारंभ हुआ और पिछले कुछ वर्षों में कमाल की सफलता हासिल हुई है। वर्तमान समय में भारत में पवन उर्जा का उत्पादन तकरीबन 32.56 गीगावाट है। भारत में राज्यस्तरी पवन उर्जा की दृष्टि से तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान, मध्यप्रदेश, केरल और पश्चिम बंगाल शीर्ष पर हैं। भारत में पवन टरबाइनों की स्थापित करने की लघु अवधि और पवन उर्जा मशीनों पर बढ़ती निर्भरता और उनके प्रदर्शन ने पवन उर्जा को भारत की क्षमता वृद्धि के लिए एक पसंदीदा बना दिया है। भारतीय स्वामित्व वाली कंपनी के रुप में सुजलॉन पिछले दशक में वैश्विक परिदृश्य पर उभरी है और भारतीय बाजार के लिए पवन टरबाइन की अग्रणी कंपनी बन गई है। सुजलॉन की सफलता ने भारत को उन्नत पवन टरबाइन प्रौद्योगिकी में विकासशील देश का नेता बना दिया है। कह सकते हैं कि पवन उर्जा का आशय वायु से गतिज उर्जा को लेकर उसे उपयोगी यांत्रिक अथवा विद्युत उर्जा में परिवर्तित करना है। महत्वपूर्ण बात यह है कि वायु का उर्जा उत्पादन करने हेतु उपयोग में न तो किसी प्रकार की प्रदूषण की समस्या या खानों के अपवाह या विषाक्त प्रदूषक पदार्थों जैसी समस्या आती है। न ही इसके कारण विस्तृत क्षेत्र में फैली भूमि को किसी तरह नुकसान पहुंचता है। ध्यान देने वाली बात यह कि जहां जीवाश्मीय ईंधन सीमित है वहीं पवन कभी समाप्त नहीं होने वाली है। जीवाश्मीय ईंधनों की तुलना में पवन उर्जा संयंत्रों का परिचालन भी अति सुरक्षित है।

ध्यान दें तो यह बात तापीय या नाभिकीय उर्जा संयंत्रों पर लागू नहीं होती। आधुनिक पवन संयंत्रों में प्रयुक्त प्रभावी सुरक्षा यांत्रिकी से यहां तक संभव हो गया है कि इन्हें सार्वजनिक स्थलों पर भी थोड़ी सी क्षति के बिना भी स्थापित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए इसे पहाड़ी के शिखर पर, समतल सपाट भू-प्रदेश, वनों तथा मरुस्थलों तक में लगाया जा सकता है। संयंत्र को अपतटीय क्षेत्रों तथा छिछले पानी में भी लगाया जा सकता है। हालांकि पवन उर्जा की बढ़ती जरुरत और उपयोगिता के बावजूद कुछ पर्यावरणविदों का तर्क है कि पवन उर्जा से कई तरह की समस्याएं उत्पन हो रही हैं। मसलन उत्पादक संयंत्र विद्युत चुंबकीय संकेत वातावरण में प्रसारित होने से कठिनाई उत्पन हो रही है।

पर्यावरणविदों का यह भी कहना है कि क्षैतिज अक्ष वाले पवन चालित टरबाइनों के घूमते हुए ब्लेड दूरदर्शन संकेतों के दृश्य अंश विरुपित करके निकटवर्तीय क्षेत्रों में व्यवधान उत्पन कर रहे हैं। अनेक प्रकृति प्रेमियों को आशंका है कि पवन चालित संयंत्रों की उपस्थिति प्रवासी पक्षियों तथा सामान्य पक्षियों को भयभीत करती है। लेकिन आंकड़े बताते हैं कि पक्षी टकराने की घटनाएं निचली उड़ान के स्तर पर ही होती है और ऐसे पक्षियों की संख्या बहुत ही कम होती है। गौर करें तो इन विरोध के इन दलीलों में कोई खास दम नहीं है। सच तो यह है कि उर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए पवन उर्जा अति सुरक्षित व महत्वपूर्ण विकल्प है।

मुद्दे की बुनियाद

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इस तरह, सियासी रिश्ते ही कारोबारी कामयाबी की ज़मानत बन गए-यही क्रोनी कैपिटलिज्म की असल पहचान है।

जब उसूलों में इनसाफ़ की जगह सिफ़ारिश ले लेती है, तो ज़ुल्म एक दस्तूर बन जाता है। स्वीडन के नामवर अर्थशास्त्री गुनार मिर्डल ने अपनी किताब एशियन ड्रामा (1968) में हिन्दुस्तान की नौकरशाही और करप्शन की जो तस्वीर पेश की थी, वह आज भी हू-ब-हू सही बैठती है। उन्होंने यह भी लिखा कि इस मसले पर रिसर्च करना तब गुनाह-ए-अज़ीम समझा जाता था। मगर वक्त के साथ हालात बदले, और आज "इकोनॉमिक्स ऑफ करप्शन" एक मानी हुई अकादमिक शाखा बन चुकी है।

अगेंस्ड द स्ट्रीम नामक दूसरी किताब में मिर्डल एक दिलचस्प वाक़िया बयान करते हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर, नेहरू से विदा लेने के बाद, उन्होंने देखा कि दूर कुछ टैक्सी ड्राइवर शोरगुल कर रहे हैं। उन्होंने पास खड़े दिल्ली पुलिस के आला अफ़सर से पूछा कि ये लोग क्यों हंगामा कर रहे हैं, और पुलिस उन्हें काबू क्यों नहीं कर रही। अफ़सर ने जवाब दिया: "हम डरते हैं, सर। अगर हम हस्तक्षेप करेंगे तो वे चिल्लाएंगे कि पुलिस वाले पैसे मांगते हैं।"

मिर्डल ने पूछा: "लेकिन उन पर कौन विश्वास करेगा??" जवाब मिला: "कौन विश्वास नहीं करेगा, सर?" यानी, रिश्वतखोरी को लोग इतना आम और स्वाभाविक मान चुके थे कि उसका इल्ज़ाम खुद पुलिस को भी डराने लगा था। अगेंस्ड द स्ट्रीम में मिर्डल ने एक और वाकिए का बयान किया है: एक लंबी मीटिंग के बाद जब वो पंडित नेहरू के साथ बाहर निकल रहे थे, तभी उनका सेक्रेटरी तेज़ी से भागता हुआ आया और कुछ झिझकते हुए अर्ज़ किया: 'असर, सामाजिक इंसाफ़ पर बहस तो अजेंडा में थी, मगर उस पर कोई बातचीत नहीं हुई।' नेहरू का चेहरा तमतमा उठा। उन्होंने बिना लफ़्ज़ों को नर्म किए झिड़क दिया-'ऐसी बातें अजेंडा में डालने और मीटिंग की रिपोर्ट के आमुख में दर्ज करने के लिए होती हैं, न कि वाक़ई में गुफ़्तगू करने के लिए!'

इस एक जुमले से ये साफ़ झलकता है कि किस हद तक कुछ मसाइल महज़ सियासी शोशा थे, और पंडित नेहरू के लिए हक़ीक़त में कोई अहमियत नहीं रखते थे। सामाजिक इंसाफ़ उनके लिए एक नारा था-एक सियासी ज़रूरत-मगर नीयत की तह में वह मुद्दा कभी गया ही नहीं।

आज़ादी के बाद भारत के पास गांधी, त्याग, और सत्याग्रह की एक नैतिक पूंजी थी। लेकिन जब आर्थिक नीति की बात आई तो यह नैतिक पूंजी एक राज्य-नियंत्रित समाजवादी ढांचे की तरफ़ झुक गई।नेहरू की ख्वाहिश थी कि समाजवाद की प्रेरणा से एक योजनाबद्ध और तेज़ औद्योगिक विकास हो, जिससे बराबरी आए। मगर यही सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल, लाइसेंस-परमिट राज, और ब्यूरोक्रेटिक राज वह ढांचा बन गया, जिसने क्रोनी कैपिटलिज़्म और रिश्वत की तहज़ीब को जन्म दिया। जो कारोबारी हुकूमत के करीब थे या जिनका हाथ सियासी रहनुमाओं के कंधे पर था, उन्हें तरक्की के लिए दरवाज़े खुले मिले। उन्हें सरकारी योजनाओं में तरज़ीह मिली, क़ायदे-कानून उनके मुफ़ीद बनाए गए। इसके बरअक्स जिनकी सोच ज़रा अलग थी या जो कांग्रेस की "लाइन" में फिट नहीं बैठते थे-उन्हें तफ़्तीश, कानूनी केसों और सरकारी दबावों का सामना करना पड़ा। कई बार तो यह दबाव सिर्फ इसलिए आता था कि उन्होंने किसी "प्रिय उद्योगपति" की मार्केट में हिस्सेदारी कम कर दी थी। इस तरह, सियासी रिश्ते ही कारोबारी कामयाबी की ज़मानत बन गए-यही क्रोनी कैपिटलिज्म की असल पहचान है।

जब हर इजाज़तनामा, हर मंज़ूरी, हर लाइसेंस सरकारी बाबू के दस्तख़त पर मुंह ताकता हो तो फिर सिफ़ारिश, रिश्वत और ताल्लुकात की अहमियत बढ़ जाती है। शुरू-शुरू में ये तौर-तरीक़े सिर्फ़ बड़े कारोबारियों तक सीमित थे, लेकिन जल्द ही ये अफ़सरशाही की रगों में ऐसा दौड़े कि अर्थव्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा बन गए। कच्चा माल, विदेशी मशीनों की इम्पोर्ट, बैंक ऋण, सब्सिडी-हर जगह अफ़सर की मेहरबानी चाहिए थी। कभी राजनीतिक सरपरस्ती, तो कभी नक़द नज़राना-बिना इसके न कारोबार चलता था, न फ़ैक्टरी। जो रिश्वत पहले सिर्फ़ लाइसेंस और ठेकों में थी, वह धीरे-धीरे समाज की हर परत में घुस आई। सिस्टम ऐसा हो गया कि ईमानदार व्यक्ति को या तो हार माननी पड़ती थी, या समझौता करना पड़ता था। रिश्वत अब एक जुर्म नहीं रही-वह एक 'प्राकृतिक शुल्क' बन गई थी।

सोशल फोरम

तनाव के बीच

ईरान और इजरायल के तनाव के बीच में सबसे महत्वपूर्ण है पर्शियन गल्फ यानी ईरान की खाड़ी और वहां से लगभग 2 हजार किलोमीटर दूर अदन की खाड़ी और लाल सागर का इलाका। क्योंकि यहाँ से विश्व व्यापार प्रभावित होता है। और चूंकि ईरान की खाड़ी इसलिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां विश्व व्यापार के सबसे बड़े हब यूएई, कतर और सऊदी आते हैं। यूएई जितना बड़ा टैक्स हैवन बनकर उभरा है। और विश्व के सारे माल का डंपिंग ग्राउंड बना है वह विशेष है।

हरिशंकर शाही
स्वतंत्र पत्रकार, लखनऊ

और साथ ही यमन के पास मौजूद अदन की खाड़ी और लाल सागर तक पहुंच भी बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। यानी विश्व व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इससे प्रभावित है। इसीलिए कॉर्पोरेशन तो यही चाहेंगी की ईरान यहां कमजोर हो। क्योंकि जिस तरह से यूएई बदल चुका है और सऊदी बदल रहे हैं और व्यापारिक हब बन रहे हैं। उससे मुख्य तौर पर यहां जो जड़ है वह है ईरान में बदलाव के लिए जोर मारती विश्व शक्तियां। क्योंकि ईरान का पोर्ट खुलना आवश्यक है। अब यहां यदि ईरान न्यूक्लियर बम बना ले या इजरायल पर हमला करने लगेगा तो यहां का शांति संतुलन बिगड़ेगा। अमेरिका का मुख्य उद्देश्य भी यहां पर रूसी प्रभाव मिटाना ही था जब ईरान की इस्लामिक क्रांति कराई गई थी।

और आज यहां से चीन और रूस को मिलने वाले सुरक्षा पैसेज भी रोकना बहुत आवश्यक है।

और आज यहां से चीन और रूस को मिलने वाले सुरक्षा पैसेज भी रोकना बहुत आवश्यक है। इसीलिए जैसे हिंद महासागर के देशों में बवाल चल रहा है वही हाल यहां है। बस ईरान की खमैनई सरकार को अपना हिस्सा चाहिए। जो देने को कोई तैयार नहीं है क्योंकि ईरान का ऊंट किस करवट बैठे यह पता नहीं। और दूसरा ईरान अरब तो है नहीं इसीलिए अरब देश से कब बवाल हो जाए या इजरायल से कब बवाल हो जाए इससे ग्लोबल मनी चैनल को बचाना है।

-फेसबुक वॉल से

भारत में बढ़ रहे हैं नगरों के 'हीट वेव डेज'

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

दुनिया के कई हिस्सों में उच्च तापमान और मृत्यु दर और रुग्णता के बीच महत्वपूर्ण संबंधों का अध्ययन किया गया है क्योंकि अब हीट वेव ठंडे मुल्कों और इलाकों में भी महसूस की गई है।

द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट के वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट में एक ख़ास बात ने ध्यान खींचा, जिसमें भारत की शीर्ष बायो-मेडिकल वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि सन 2024 में भारत में 536 हीटवेव-डेज़ के रहे थे। यह बात उन्होंनें सम्मेलन की कार्रवाई से अलग एक साक्षात्कार में कही जिसे भारत के मीडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। साल में 365 दिन होते हैं लेकिन हीट वेव डेज़ 536 होने से क्या आशय है। गर्मी की ऋतु के तीन महीने अप्रैल, मई और जून होते हैं लेकिन गर्मी का प्रभाव सितंबर महीने तक भी खिंच जाता है। इस दौरान देश में मानसूनी वर्षा भी होती है और वातावरण अपेक्षाकृत ठंडा हो जाता है। बरसात कम और छितरे तरीके से होती है तो देश के अनेक मौसम-खंडों अर्थात क्लाइमेटिक जोन्स, में नमी अधिक होने से असहनीय गर्मी बनी रहती है। अर्थात गर्मी का प्रकोप 15 मई से लेकर 30 जून तक, 45 दिन के लिए अधिकतम होता है। ऐसे में व्यक्तिगत आर्थिक सुविधा और बिजली की उपलब्धता के अनुसार एयर-कंडीशनिंग का उपयोग दिनों-दिन बढ़ा है। कुछ दिन पहले एक नीतिगत फैसले के तहत केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय ने कहा है कि बिजली की खपत कम रखने के लिए भविष्य में घरेलू और व्यवसायिक एयर कंडीशनरों को 20 से 28 डिग्री सेल्सियस तापक्रम पर ही चलाया जाएगा। इसे बारे एयर कंडीशनर निर्माताओं को निर्देश दे दिए गए हैं। दिल्ली के सामानांतर अक्षांशों वाले क्षेत्रों में लोग अप्रैल आते ही दिन में एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करने लगे हैं। क्लाइमेट चेंज से बढ़ते तापमान और जीवन पर इसके प्रतिकूल प्रभाव पर विपुल जानकारी उपलब्ध है। हीट वेव डेज़ के बारे में तकनीकी जानकारी के निहितार्थ क्या हैं? भारत के उत्तरी अक्षांशों के मैदानी इलाके भीषण गर्मी और लू की चपेट के क्षेत्र है जिनमें तापक्रम 40 से 46.5 डिग्री सेल्सियस के बीच तक झूलता है। थार मरुभूमि में स्थित चुरू, बीकानेर और बाड़मेर के धोरों में मई और जून महीनों में तापक्रम 48 से 50 को छू लेता है। डॉ. सौम्या ने 536 हीटवेव डेज़ को टेक्निकल भाषा में सही ही बताया था। भारत में पिछले 125 वर्षों में हीट वेव डेज़ की संख्या बहुत से नगरों में बढ़ गई है। उनमें भी जहां पहले ऐसा कभी नहीं होता था। कुछेक रोज पहले ज्योग्राफिकल इनफार्मेशन सिस्टम्स में काम करने वाली दो बड़ी गैर सरकारी संस्थाओं ने वर्ष 2025 के लिए मानसूनी वर्षा की मात्रा और विस्तार के बारे में आकलन किया और कहा कि भारत में वर्षा का डिस्ट्रीब्यूशन और इंटेंसिटी दोनों ही अबके साल एकसार नहीं होने वाले। ये दोनों कम्पनियां अपना डाटा जेनरेट नहीं करती। मालूम नहीं, खरीदती हैं या सरकारी संस्थानों से फ्री में लेती हैं, लेकिन एक्सपर्ट एनालिसिस इनकी होती है। दोनों कंपनियों के मौसम संबंधी आकलन कमर्शियल प्रवृत्ति हेतु किए जाते हैं इसलिए हमें अपनी सरकारों के डाटा-एनालिसिस पर अधिक भरोसा करना चाहिए। भारतीय मौसम विभाग हीट वेव को परिभाषित करने के लिए केवल अधिकतम तापमान पर विचार करता है, जैसे कि किसी स्थल का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों के लिए कम से कम 40सेल्सियस या उससे अधिक, तटीय स्थल के लिए 37 सेल्सियस या उससे अधिक और पहाड़ी क्षेत्र के लिए कम से कम 30 सेल्सियस या उससे अधिक हो जाता है तो यह हीट वेव है। भारत उपमहाद्वीप में होने वाली ताप तरंग घटनाओं को चुनने के लिए इन मानदंडों को सावधानी से चुना गया था। पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसी घटनाओं को सीमित करने के लिए 35 सेल्सियस मानदंड का उपयोग किया जाता है। दुनिया के कई हिस्सों में उच्च तापमान और मृत्यु दर और रुग्णता के बीच महत्वपूर्ण संबंधों का अध्ययन किया गया है क्योंकि अब हीट वेव ठंडे मुल्कों और इलाकों में भी महसूस की गई है। मानव स्वास्थ्य पर गर्मी के प्रभावों के वर्तमान और भविष्य के बोझ को रोकने के लिए हीट वेव और विभिन्न स्वास्थ्य परिणामों के बीच संबंधों को समझना आवश्यक है। कई देशों में, हीट-हेल्थ वार्निंग सिस्टम ने थर्मल कम्फर्ट इंडेक्स को अपनाया है, जो हीट वेव के दौरान वास्तविक मानव थर्मल स्थिति का प्रतिनिधित्व करने के लिए कथित तापमान पर मौसम संबंधी कारकों यथा, वायु तापमान, आर्द्रता और हवा, की एक श्रृंखला के संयुक्त प्रभाव को मापता है।

भारत में नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी प्रतिवर्ष हीट-वेव और हीट वेव-डेज़ के प्रति आगाह करता है। परिवेश के तापमान सहित एक थर्मल इंडेक्स का उपयोग करने वाले हीट-हेल्थ वार्निंग सिस्टम की प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि हीट वेव की परिभाषा और इसकी अवधि और संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को कितनी अच्छी तरह से आपस में जोड़ कर किस थर्मल इंडेक्स का उपयोग करने का तकाजा करती है। वैज्ञानिक नीति के अंतर्गत हीट वेव या हीट वेव डेज़ की सार्वजानिक घोषणा के लिए यह एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों को टेंपो यूनियन ने दी श्रद्धांजलि

सीएनजी टेंपो यूनियन के पदाधिकारियों ने जलाई मोमबत्ती, हादसे की जांच की मांग उठाई

संवाददाता, रुद्रपुर

अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते सीएनजी टेंपो यूनियन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों को सीएनजी टेंपो यूनियन के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पदाधिकारियों ने मोमबत्ती जलाकर एवं एक मिनट का मौन रखकर भगवान से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना की गयी।

सीएनजी टेंपो यूनियन के अध्यक्ष सुब्रत कुमार विश्वास के नेतृत्व में सीएनजी टेंपो यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता टेंपो स्टैंड पर एकत्रित हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना से पूरा देश गमगीन है। ऐसे में हमारी संवेदनाएं उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया में आए दिन इस तरह की तकनीकी खराबी आती है जिसके वीडियो सोशल मीडिया और विभिन्न माध्यम से आते हैं। लेकिन इन खराबी को ठीक नहीं कराना गलत है। मामले की जांच होनी चाहिए और जो भी दोषी हो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इस अवसर पर इंकलाबी मजदूर केंद्र कार्यकर्ता दिनेश भट्ट, सामाजिक कार्यकर्ता अभिमन्यु साना, विक्की विश्वास तापस विश्वास, टेम्पो यूनियन उपाध्यक्ष इंद्रपाल, आकाश, सचिन नेगी, सोमपाल, गजेंद्र, सुनील, विनोद, राजेश, वसीम, कबीर, करण आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में मृतकों को पौधा लगाकर दी श्रद्धांजलि

काशीपुर, अमृत विचार : नगर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए काशीपुर के मोक्ष धाम के प्रांगण में पौधा लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान भाजपा नगर मंडल कोषाध्यक्ष धीरज वर्मा ने कहा कि साल 2025 हम भारतीयों के लिए मुश्किलों से भरा रहा है। पहले पहलगाम हमला, फिर आईपीएल समाप्ति पर भगदड़ और अब प्लेन क्रैश में न जाने कितने मासूमों की जान चली गई। विभिन्न हादसों में जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल कोषाध्यक्ष धीरज वर्मा, भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष श्याम, नगर मंडल पूर्व महामंत्री विपिन अरोड़ा, पार्षद रवि प्रजापति, सुरेश सैनी पार्षद आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में आयोजित समीक्षा बैठक में जानकारी देते विहिप नेता यशपाल राजहंस।

दुर्गावाहिनी के प्रशिक्षण शिविर की तैयारियां शुरू

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : आगामी 21 से 30 जून तक पिथौरागढ़ में प्रस्तावित दुर्गावाहिनी के प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों की समीक्षा के लिए रविवार को सिंचाई विभाग अतिथि गृह सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस ने कहा कि आज हमारी हिंदू समाज की बहनें अपनी गौरवमयी संस्कृति से विमुख होकर पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण कर रही हैं, जिसका जेहादी मानसिकता के लोग खुलकर फायदा उठा रहे हैं। आए दिन सम्प्रदाय विशेष के लोगों द्वारा भोली-भाली हिंदू बहन-बेटियों को छल द्वारा हरण कर उनका धर्म परिवर्तन किया जा रहा है।

हिंदू बहन-बेटियों को इन जेहादी मानसिकता से परिचय करवा कर उन्हें अपनी संस्कृति से अवगत कराने, उन्हें शारीरिक मानसिक रूप से पुष्ट बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद द्वारा इस दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर रहा है। दुर्गावाहिनी की प्रांत संयोजिका पूजा लटवाल ने बहनों से शिविर में प्रशिक्षण लेने का आह्वान किया।

सार-संक्षेप

बाइक से गिरकर युवक चोटिल

काशीपुर : बाइक से गिर कर एक युवक चोटिल हो गया। कुमाऊं कॉलोनी निवासी इमरान बाइक से गिर कर चोटिल हो गया। उसके मित्र ने उसे एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद छुट्टी दे दी है।

नेपाल में सम्मान प्राप्त करते कवि राम रतन यादव।

नेपाल में रामरतन को 'नेपाल भारत साहित्य सेतु' सम्मान

खटीमा : नेपाल के कंचनपुर जिले के मुख्य प्रवर्धन और अखिल नेपाल लेखक संघ द्वारा भारत नेपाल काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। नेपाल की कृष्णपुर नगर पालिका वार्ड संख्या दो में आयोजित गोष्ठी में शिरकत करने पहुंचे आश्रम पद्धति विद्यालय के शिक्षक एवं कवि राम रतन यादव को अंग वस्त्र और रुद्राक्ष माला के साथ 'नेपाल भारत साहित्य सेतु' सम्मान से अलंकृत किया गया। यादव के सम्मानित होने पर आश्रम पद्धति विद्यालय की अधीक्षिका अंजलि कपिल, तारा भट्ट, तारा राणा, विजय कुमार, पूजा राना, रिंकू राना, आकाश, डॉ महेंद्र प्रताप पांडे नंद, डॉ रूपचंद्र शास्त्री मयंक, त्रिलोचन जोशी, तुलसी बिष्ट, डॉ. जगदीश कुमुद पंत आदि ने बधाई दी है।

खटोला में पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की को सम्मानित करते पूर्व सैनिक।

पूर्व सैनिकों ने हर्ष व्यक्त कर कार्की को किया सम्मानित

दिनेशपुर : राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह द्वारा पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की को समाज सेवा व पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की सेवा करने पर प्रशंसा पत्र प्रदान किया। पूर्व सैनिकों ने हर्ष व्यक्त कर पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की को सम्मानित किया। रविवार को खटोला में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कै .खुशाल सिंह के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की को 28 वर्षों से लगातार समाज सेवा व पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं को समय-समय पर उठाने और शासन-प्रशासन से निस्तारण करवाने पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किया। पूर्व सैनिकों ने हर्ष व्यक्त कर पूर्व सूबेदार मेजर कार्की का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व कै .सुरेंद्र सिंह पानू, प्रधान अधिवक्ता मुकेश सिंह राणा, सूबेदार भुपाल सिंह कोरंगा, रमेश कन्याल, कैलाश चंद्र पाठक, खुशाल सिंह बोरा, राम सिंह कार्की, मोहन सिंह कोरंगा, महेंद्र सिंह पपोला, बिशन सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, त्रिलोक सिंह, राजेंद्र सिंह, विनोद भट्ट, हीरा पानू, समाजसेवी ललित सिंह मेहरा, जगदीश सिंह कार्की, सागर सिंह, सिमरन पांडे, गुरप्रीत सिंह आदि थे।

युवक को सांप ने काटा

बाजपुर : जंगल लकड़ी बीनने गए युवक को सांप ने काट लिया, जिसे केलाखेड़ा की 108 एंबुलेंस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। गुलाब का मझरा निवासी कुलदीप सिंह (26) पुत्र रंजीत सिंह रविवार को जंगल से लकड़ियां लेने गया था। बताया जाता है कि इस दौरान उसे जहरीले सर्प ने डस लिया, जिसकी जानकारी से परिजनों में भी हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पहुंचे केलाखेड़ा में तैनात 108 एंबुलेंस वाहन सेवा के जरिये सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

अग्रवाल महासभा ने राहगीरों को बांटा शर्बत

खटीमा में राहगीरों को शर्बत पिलाते अग्रवाल महासभा के पदाधिकारी।

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : अग्रवाल महासभा द्वारा भीषण गर्मी के चलते नगर के मुख्य चौराहे के समीप बैंक ऑफ़ बड़ौदा के आगे छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया। गर्मी में शरबत पीकर हजारों की संख्या में लोगों ने अपनी प्यास बुझाई।

इस दौरान आम लोगों के अलावा मां पूर्णागिरि एवं रीठा साहिब के श्रद्धालुओं ने भी शरबत पीकर राहत महसूस की। इस दौरान महासभा के अध्यक्ष शिवा गुप्ता, मंत्री कमल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, संदीप सिंघल, दीपक गोयल, अमित अग्रवाल, प्रियांशु बंसल, परवीन कंछल, ललित मित्तल, रचित अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, सेजल अग्रवाल, सुशांत अग्रवाल, विकास गोयल, अग्रिम गोयल, मंगल सेन, मनोज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

कार की चपेट में आकर चार युवक घायल

खटीमा : कंजाबाग तिराहे पर कार की चपेट में आकर चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसमें दो की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। रविवार शाम करीब छह बजे कंजाबाग तिराहे पर कार की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार चैतुआखेड़ा नानकमता निवासी धर्मेंद्र सिंह (32) पुत्र वीर सिंह, सुनील सिंह (26) पुत्र विजय सिंह, मनदीप सिंह (30) पुत्र राजू सिंह और राजेंद्र सिंह पुत्र जगदीश सिंह घायल हो गए। घायलों को 108 के द्वारा नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं सुनील सिंह और राजेंद्र सिंह की हालत गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रेफर किए जाने की तैयारी की जा रही है।

अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट का एसडीएम ने किया निरीक्षण

- **अस्पताल के सीएमएस को दिये आवश्यक दिशा निर्देश, एक बेड का मॉनिटर खराब मिला**

संवाददाता, काशीपुर

काशीपुर के सरकारी अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण करते एसडीएम।

अमृत विचार : एसडीएम ने सरकारी अस्पताल का निरीक्षण कर सीएमएस को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान ऑक्सीजन प्लांट ठीक स्थिति में पाया गया।

एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने रविवार को सीएमएस डॉ. राजीव कुमार गांधी के साथ एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय के ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में बनाए गए ऑक्सीजन प्लांट को चालू करवा कर देखा, जो ठीक पाया गया। एसडीएम ने बताया कि डीएम के निर्देश पर ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया गया है। प्लांट चालू हालत में मिला है। अस्पताल के 95 बेड पर ऑक्सीजन की सप्लाई होती मिली है। अस्पताल में 115 जंबो ऑक्सीजन सिलेंडर है। टाइप बी के 95 सिलेंडर है। चार बेड का आईसीयू वार्ड बना हुआ है। इसमें एक बेड का मॉनिटर खराब मिला। यह सीएमएस के माध्यम से सीएमओ को अवगत करा दिया गया है। यह भी जल्द ठीक हो जाएगा। बताया कि वर्तमान में कोविड के कुछ केस बढ़ रहे हैं। इसलिए एहतियात के तौर पर अस्पताल में व्यवस्था चेक की जा रही है।

भाजपाइयों ने मोदी सरकार के कार्यों की दी जानकारी

संवाददाता, शक्तिफार्म

राजनगर में लोगों को संबोधित करते भाजपा कार्यकर्ता।

अमृत विचार : भाजपा कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम आयोजित कर मोदी सरकार द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए यात्रियों को श्रद्धांजलि दी।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के ग्राम राजनगर में विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित कार्यक्रम विकसित भारत का अमृत काल-सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल के तहत मोदी सरकार द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश कोहली ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बारे मे जानकारी देते हुए जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाने, राम मंदिर निर्माण जैसे उपलब्धियों के बारे मे बताया। मिशन सिंदूर मे देश के जांबाज सैनिकों के कार्यों की सराहना की। मोदी सरकार के उपलब्धियां पर चर्चा करते हुए कहा कि 25 लाख से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए। वक्ताओं ने राज्य सरकार एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। शाम को शक्तिफार्म के सुभाष चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए दिवंगत यात्रियों को मोमबत्ती जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर एससी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश कोहली, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार मौजूद रहे।

नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप

किच्छा : कोतवाली अंतर्गत वार्ड निवासी महिला ने एक युवक पर उनकी नाबालिग पुत्री को भगा ले जाने तथा छेड़छाड़ किए जाने का आरोप लगाते हुए आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में नगर पालिका अंतर्गत वार्ड निवासी महिला ने बताया कि उसके पति की पूर्व में मौत हो चुकी है तथा किसी प्रकार का अपना एवं परिवार का जीवन यापन करती है। पीड़िता के अनुसार वार्ड नंबर 12, किच्छा निवासी आरोपी शाने आलम पीड़िता की 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अपने साथ पहले फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ अश्लील हरकतें की। फिलहाल पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच एवं कार्रवाई शुरू कर दी है।

ब्रेन हेमरेज रक्तस्राव को रोकना सिखाया

- **प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के तहत 30 प्रशिक्षणार्थियों को फर्स्ट ऐड के गुर सिखाए**

संवाददाता, काशीपुर

काशीपुर में प्रशिक्षणार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी देते वक्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : प्राथमिक चिकित्सा के तहत सीपीआर, हार्ट अटैक, ब्रेन हेमरेज रक्तस्राव रोकने समेत विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई।

रविवार को उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी काशीपुर शाखा इकाई के तत्वावधान में आयोजित प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के तहत 30 प्रशिक्षणार्थियों ने फर्स्ट ऐड (प्राथमिक चिकित्सा) के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण देने आए प्रवक्ता फर्स्ट ऐड विमल कुमार ने स्वास्थ्य, सेवा और मैत्री भाव हृदय में लिए प्रशिक्षणार्थियों को हृदय फेफड़ों को पुनर्जीवित के तहत सीपीआर देना, एलएलएफ (देखना, सुनना, महसूस करना) घाव, चोट या कटने आदि से रक्तस्राव की रोकथाम, विभिन्न प्रकार की पट्टियों और उनके बांधने के तरीके, हार्ट अटैक, ब्रेन हेमरेज, मिर्गी हड्डियों के टूटने, बर्न, सर्पदंश, कुत्ते के काटने, स्ट्रेचर समेत प्राथमिक चिकित्सा संबंधी विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान और प्रोजेक्टर के माध्यम से बड़े विस्तार से प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर सोसाइटी सचिव अरुण पंत ने बताया कि रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण के दौरान नगर के चिकित्सकों शिक्षाविदों समेत तीस लोगों को प्रवक्ता ट्रेनर विमल द्वारा प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिया गया। सोसाइटी चेयरमैन गुरनाम सिंह गामा ने प्रशिक्षणार्थियों को समाज में प्राथमिक चिकित्सा के महत्व और चिकित्सक से पूर्व रोगी को दी जाने वाली सहूलियत के लिए प्रोत्साहित किया।

आयोजन 60 कवि-कवयित्रियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं, दर्जा राज्यमंत्री संजीत सिंह राजू रहे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद

उत्तराखंड काव्य महोत्सव में पहुंचे देश भर के साहित्यकार

संवाददाता, बाजपुर

अमन कला केंद्र के तत्वावधान में आयोजित उत्तराखंड काव्य महोत्सव में कवियों को सम्मानित करते अतिथि।

अमृत विचार : अमन कला केंद्र बाजपुर के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय उत्तराखंड काव्य महोत्सव-2025 का समापन हो गया है। कार्यक्रम में देशभर से पहुंचे 60 कवि-कवयित्रियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं।

वन क्षेत्र के नजदीक स्थित एक रिजार्ट में शनिवार की देर सायं समापन कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री सुरेश भट्ट, दर्जा राज्यमंत्री (गन्ना) मंजीत सिंह राजू, मुख्य वक्ता पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार, कार्यक्रम अध्यक्ष हास्य कवि प्रताप फौजदार व विशिष्ट अतिथि मनोज जैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रत्वलित करके किया। इस दो दिवसीय उत्तराखंड काव्य महोत्सव में बाल कवि काव्यश्री जैन बाजपुर के साथ ही विवेक प्रजापति काशीपुर, मयंक शर्मा मुरादाबाद, पंकज अंगार ललितपुर, भूपेंद्र राघव गाजियाबाद, विनीत भारद्वाज रुड़की, कृष्ण आर्य हिसार, सुरेंद्र सागर हांसी हरियाणा, ईशा मालू बहादुरगढ़, गीतू माहेश्वरी व रितु राधिका अलीगढ़, माही मुन्तजिर दिल्ली, भारती भानु अल्मोड़ा, रश्मि रोहतक, मनीषा सक्सेना दिल्ली, बीएस गोनिया नैनीताल, अवधेश कन्नौजिया दिल्ली, त्रिलोक कौशिक गुरुग्राम, पूजा भारद्वाज दिल्ली, रश्मि मिश्रा दिल्ली, जय सिंह झज्जर, सीमा पटेल दिल्ली, श्वेता देशवाल मुरादाबाद, पूनम सिंह गाजियाबाद, पूनम बडोला देहरादून, ज्योति जुल्का दिल्ली, चांदनी केसरवानी गुरुग्राम, ममता वार्ष्णेय नोएडा, रश्मि गुप्ता नोएडा, रमा त्यागी गाजियाबाद, मीना सलोनी गुरुग्राम, नीमा शर्मा नजीबाबाद, रचना शास्त्री नूरपुर, शुचि शर्मा शेरकोट, अंजना जैन नोएडा, ईशा भारद्वाज दिल्ली, सुनीता छाबड़ा गाजियाबाद, नीलम गुप्ता गाजियाबाद, दीपिका वाल्दिया गाजियाबाद, गीतांजलि दक्ष मुरादाबाद, हरकीरत सिंह ग्रेटर नोएडा, शोभा सचान गाजियाबाद, संगीता चौहान मथुरा, प्रशांत अग्रवाल मेरठ सहित देशभर से पहुंचे वरिष्ठ कवियों ने काव्यपाठ किया। अमन कला केंद्र संस्था के अध्यक्ष अमन सब्बरवाल एवं कवि कुमार राघव ने अतिथियों को प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र देकर सम्मानित करने के साथ ही कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुरेंद्र जैन ने संचालन किया।

बस यूनियन के दलीप पुनः अध्यक्ष

बस यूनियन के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते गुरुद्वारा साहिब के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह एवं समर्थक।

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : गुरुद्वारा सिंह सभा बाजपुर के प्रधान कुलविंदर सिंह किंदा की अगुवाई में रुद्रपुर-दोराहा-काशीपुर प्राइवेट बस यूनियन की नवीन कार्यकारिणी के गठन के लिए बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें गहन विचार-विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से दलीप चंद्र शर्मा को पुनः अध्यक्ष व जयदीप सिंह सोनू को उपाध्यक्ष एवं उपकार सिंह को सचिव बनाया गया है। इसके अलावा तीन सदस्यों सुहेल, बलजिंदर सिंह बब्बू, मेहंदी हसन को संयुक्त रूप से कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

इस मौके पर गुरुद्वारा साहिब प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता कुलविंदर सिंह किंदा ने कहा कि नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य सभी बस स्वामियों के सहयोग से मिलजुलकर बसों का संचालन करेंगे। इस दौरान रुद्रपुर एवं काशीपुर के मुंशियों को बदलने का निर्णय भी किया गया। इससे पहले बस यूनियन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर कुंवरजीत सिंह पूनिया, हरदयाल सिंह, काशीपुर-बाजपुर-हल्द्वानी प्राइवेट बस यूनियन के अध्यक्ष नेत्रप्रकाश शर्मा, निम्मा नामधारी, मंगा सिंह, सुरेंद्र सिंह, गुरबाज सिंह मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

खटीमा के उलधन में आयोजित विधिक शिविर में शामिल लोग। ● अमृत विचार

विधिक शिविर में ग्रामीणों को किया जागरूक

खटीमा : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव के आदेशानुसार ग्राम पंचायत उलधन बिसौटा में विधिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पैनल अधिवक्ता चंचल सिंह, स्नेहा प्रभा, सहाना बेगम, कमान सिंह धामी, अब्दुल मजीद द्वारा आपदा पीड़ित लोगों के लिए विधि सेवा योजना, महिला क्षतिपूर्ति योजना, भ्रूण हत्या, नशे के दुष्परिणाम और नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। उपनिरीक्षक कीर्ति भट्ट ने सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्राविधिक कार्यकर्ता आरबी सिंह राणा, मीरा देवी, भगवती राणा, ठगो देवी, पिंकी राणा, माया देवी, लाल सिंह, गीता शर्मा, मंगल सिंह, मनोज कुमार, मंजू बिष्ट, भूपेंद्र गोस्वामी, आशिक अंसारी आदि मौजूद रहे।

ग्रामीण एवं शहरी विद्युत लाइन होगी अलग

शक्तिफार्म : शक्तिफार्म क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से रही मांग के दृष्टिगत, अब ग्रामीण एवं शहरी विद्युत लाइन अलग होगी। इसके लिए विद्युत विभाग की टीम ने सर्वे आरंभ कर दिया है। शक्तिफार्म क्षेत्र में शहरी एवं विद्युत लाइन एक ही होने के कारण नगर क्षेत्र के व्यापारियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इसको देखते हुए वार्ड नंबर 2 के सभासद सुशील राय ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से विद्युत लाइन को अलग किए जाने का आग्रह किया। इसके पश्चात कैबिनेट मंत्री के निर्देश पर जनहित में ग्रामीण एवं शहरी विद्युत लाइन अलग-अलग किए जाने को लेकर विद्युत विभाग ने कमर कस ली। जिसके दृष्टिगत अवर अभियंता अमित कुमार के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम द्वारा सर्वे आरंभ कर दिया गया। इधर वार्ड नंबर 2 में झूलते विद्युत तारों से निजात दिलाए जाने को लेकर 29 नए विद्युत खंबे लगाए जाएंगे, जिससे विद्युत व्यवस्था दुरुस्त हो सकेगी। इधर भाजपा नेता रमेश राय ने कहा कि कैबिनेट मंत्री ने राजकीय इंटर कॉलेज में 5 केवी की सौर ऊर्जा एवं इनवर्टर लगाए जाने के साथ-साथ, सौ मीटर सीसी मार्ग निर्माण की स्वीकृति दी है।

विद्युत उपकेंद्र में लगेंगे वाटर कूलर : औद्योगिक आस्थान सिडकुल में विद्युत उपकेंद्र स्थापित होने के पश्चात अब विद्युत उपकेंद्र में, पहुंचने वाले उपभोक्ताओं को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इसके लिए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विद्युत उपकेंद्र में वाटर कूलर लगवाए जाने की घोषणा की।

पुलिस टीम ने 2500 लीटर लहन किया नष्ट

दिनेशपुर : थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने पुलिस टीम के साथ लगभग 2500 लीटर लहन नष्ट किया। रविवार को थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत द्वारा गठित पुलिस टीम में उप निरीक्षक प्रदीप कुमार भट्ट के नेतृत्व पुलिस टीम ने ग्राम- जगदीशपुर के निकट जंगल में नदी किनारे अवैध रूप से कच्ची शराब बनाने के लिये एकत्रित किए गए लगभग 2500 लीटर लहन को नष्ट किया। मौके पर अवैध कच्ची शराब बनाने के उपकरण व अन्य सामान को तहस नहस किया। थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार भट्ट, कांस्टेबल श्याम सुंदर बिष्ट, गोविंद आर्या, महेंद्र सिंह बिष्ट आदि थे।

राज्यपाल गुरमीत सिंह आज काशीपुर के दौरे पर

काशीपुर : उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) सोमवार को काशीपुर के दौरे पर रहेंगे। जिला सूचना कार्यालय के मुताबिक, राज्यपाल सुबह 9 :30 बजे राजभवन नैनीताल से गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब गुरुद्वारा काशीपुर के लिए निकलेंगे। अरदास और दर्शन कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद राज्यपाल काशीपुर के मंडी गेस्ट हाउस पहुंचेंगे, जहां उनकी अधिकारियों के साथ बैठक प्रस्तावित है। दोपहर में विश्राम के बाद राज्यपाल हरिद्वार के लिए रवाना होंगे।

बाजार में युवक का मोबाइल उचक्के ने उड़ाया

बाजपुर : गांव बाजपुर के साप्ताहिक हाट बाजार में खरीदारी करने गए युवक का मोबाइल उच्चके ने गायब कर दिया। काफी तलाशने के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया है। पीड़ित ने कोतवाली में अज्ञात के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव बाजपुर में शनिवार को साप्ताहिक हाट बाजार लगता है। देर सायं गांव का ही नवी अहमद पुत्र रहीस अहमद बाजार गया था। आरोप है कि इसी बीच अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब में रखा मोबाइल गायब कर दिया और काफी तलाशने के बाद भी चोर का पता नहीं चल पाया। खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी पंजीकृत नहीं हुई थी।

प्राचीन योग सभ्यता जन-जन तक पहुंचाएं: धामी

राजधानी में रन फॉर योगा, मुख्यमंत्री धामी ने किया प्रतिभाग, कहा-युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं को करें जागरूक

कार्यक्रम

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को एमकेपी कॉलेज देहरादून में आयोजित 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं, बुजुर्गों महिलाओं को भी योग के प्रति जागरूक करने के लिए गांधी पार्क से एमकेपी कॉलेज तक पैदल मार्च किया।

मुख्यमंत्री ने सभी से आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर प्राचीन योग सभ्यता को जन-जन तक पहुंचाना है। ऋषि मुनियों ने योग के माध्यम से शरीर, आत्मा और मन को एकीकृत करने की अद्भुत विद्या विकसित की है। योग संपूर्ण विश्व के लिए एक संजीवनी का कार्य करता है। योग से जीवन स्वस्थ और अनुशासित बनता है। आज दुनिया योग के प्रति आकर्षित हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग को दैनिक जीवन में अपनाकर शरीर और मन को स्वस्थ रखने के साथ ही समाज में भी सकारात्मकता लाई जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था, जिसे पूरे विश्व ने अपनाया था। कहा कि उत्तराखंड योग, आयुष और अध्यात्म की भूमि है। राज्य सरकार, उत्तराखंड को योग और वेलनेस टूरिज्म का वैश्विक हब बनाने पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने हाल ही में नई योग नीति को मंजूरी दी है जिसके अंतर्गत राज्य में योग और ध्यान केंद्र विकसित करने पर अधिकतम 20 लाख तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

राजधानी में रविवार को रन फॉर योगा को फ्लैग ऑफ करते मुख्यमंत्री धामी। ● अमृत विचार

10 लाख रुपये तक दे रहे अनुदान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पहले से संचालित हो रहे योग केंद्रों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने के लिए 10 लाख रुपये तक का भी अनुदान दिया जा रहा है। राज्य में योग और वेलनेस की अपार संभावनाएं हैं, जिस पर राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सभी से अनुशासित और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की। इस अवसर पर विधायक खजान दास, भरत चौधरी, उपाध्यक्ष राज्य स्तरीय खेल परिषद हेमराज बिष्ट, सचिव आयुष दीपेंद्र चौधरी, अपर सचिव विजय कुमार जोगदंडे आदि मौजूद रहे।

भाजपा से प्रधान के टिकट की दावेदारी करने वाले अधिक

रामनगर : पंचायत चुनावों में क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों के चुनावों में पार्टी ने अपने प्रत्याशी प्रत्याशी उतारने की जब से घोषणा की है तब से ग्राम प्रधान ओर बीडीसी का चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों की लंबी फेरहिस्त होने की संभावना बढ़ रही है। सूत्र बताते हैं कि हर ग्राम सभा में काफी लोग भाजपा के बैनर तले चुनाव लड़ने के इच्छुक दिखाई दे रहे है। भाजपा ने गांव में जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत किया है इसलिए उसकी सोच है कि इस बार सीधे ग्राम प्रधान और बीडीसी का चुनाव संगठन के स्तर से लड़ा लिया जाए। भाजपा का यह प्रयोग कितना कारगर साबित होगा यह तो आने वाला समय बताएगा। मगर यह भी तय है कि अगर यह प्रयोग किया गया तो यह भाजपा के लिए एक कड़ी मुश्किल भी खड़ी कर सकता है क्योंकि पंचायत चुनाव में भाजपा बीडीसी ओर प्रधान के लिए एक ही उम्मीदवार खड़ा करेगी। जबकि इन चुनावों में हर पंचायत से काफी लोग उम्मीदवारी करेंगे। ऐसे में उसे दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता हैं। उधर इस मामले में विधायक दीवान सिंह बिष्ट कहते हैं कि अभी तो आपत्तियां मांगी गई हैं। उसके बाद क्या स्थिति बनती है यह समय बताएगा। उन्होंने कहा कि संगठन स्तर पर भी इस दिशा में फिलहाल वेट एंड वॉच की रणनीति बन रही है।

विजेता बच्चों को सम्मानित करते शिवकुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

विजेता बच्चों को किया प्रोत्साहित

संवाददाता, रुद्रपुर

● गोवा में डांस प्रतियोगिता जीत कर लौटे विद्यार्थी, एलएससी में हुआ सम्मान समारोह

अमृत विचार : गोवा में हुए डांस कंपटीशन के विजेता चार विद्यार्थियों का एलएससी में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जहां एलएससी के एमडी ने विद्यार्थियों को सम्मानित कर हौसला बढ़ाया।

गोवा में जीडी गोयनका के चार विद्यार्थियों ने डांस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन कर चारों बच्चे विजेता बने। जिसके बाद शहर के कुमार ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रसिद्ध उद्योगपति शिवकुमार अग्रवाल ने एलएससी में सम्मान समारोह आयोजित किया और जीडी गोयनका के चार विद्यार्थियों को सम्मानित किया। बताया कि गोवा में आयोजित इंटरनेशनल डांस कॉन्टेस्ट एंड फेस्टिवल हुआ था। जिसने स्कूल के चार छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करने पर रविवार को रामपुर रोड स्थित चेयरमैन अतुल गोयल के आदेश पर डांस कोरियोग्राफर रोहित बनोत्रा के नेतृत्व में छात्रा मानवी सिंह ने जूनियर कैटेगरी में दूसरा, छात्रा शमिष्ठा राय ने सीनियर में तीसरा और माइनर कैटेगरी में आरएएन पब्लिक स्कूल के शिवांश पनवार ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

जूनियर कैटेगरी में डीपीएस के कार्तिक सक्सेना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। रोहित बनोत्रा को बेस्ट कोरियोग्राफी इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जीडी गोयनका की मानवी सिंह और शमिष्ठा राय को सम्मानित किया गया। जहां एलएससी के एमडी शिव कुमार ने विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर रुकमन अग्रवाल, अमिता अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल आदि मौजूद थे।

सख्ती: बागेश्वर में मार्ग नहीं खुलने पर जेई को किया सस्पेंड

● डीएम ने कहा-आवश्यक सेवाओं में ढिलाई बर्दाश्त नहीं

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार: जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने जिले में जनहित से जुड़े मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि आपदा प्रबंधन और आवश्यक सेवाओं में किसी भी प्रकार की ढिलाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कपकोट, धरमघर-सनगाड़ ग्रामीण मोटर मार्ग पर किलोमीटर 1-3 के बीच मलबा आने की स्थिति में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। न तो जेसीबी मशीन मौके पर भेजी गई और न ही मार्ग को खोलने की दिशा में कोई प्रभावी प्रयास किए गए। इस लापरवाही से नाराज़ जिलाधिकारी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित कनिष्ठ अभियंता जितेश मलकानी को तत्काल प्रभाव से निलंबित और सहायक अभियंता आशीष रावत पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में प्रशासन का सबसे बड़ा दायित्व प्रभावित नागरिकों तक त्वरित राहत पहुंचाना होता है, और इसमें कोताही क्षम्य नहीं है। इसी प्रकार रीमा क्षेत्र में लगातार विद्युत आपूर्ति बाधित रहने और जनता को हो रही असुविधा को देखते हुए जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के कार्यों पर भी गंभीर नाराजगी जताई है। उन्होंने संबंधित कनिष्ठ अभियंता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने और क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को शीघ्र सुचारु करने के निर्देश अधिशासी अभियंता को दिए हैं। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि आगे से इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त होती हैं, तो सीधे उच्च स्तरीय कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने संदेश दिया कि जनहित सर्वोपरि है और शासन की नीतियों का उद्देश्य आमजन को राहत पहुंचाना है। आपदा हो या आम स्थिति, जनता की सेवा में कोई चूक स्वीकार नहीं की जाएगी।

लापरवाही पर दो सिपाही निलंबित

देहरादून : ड्यूटी के दौरान अनुशासनहीनता करने वाले दो आरक्षियों को एसएसपी देहरादून ने रविवार को निलम्बित कर दिया। एसएसपी अजय सिंह के अनुसार, थाना त्यूणी में नियुक्त कांस्टेबल सुनील चौहान और कांस्टेबल मुनेश रावत को थाना त्यूणी क्षेत्र अंतर्गत वाहनों की चेकिंग व पूछताछ के दौरान अनावश्यक बल प्रयोग किए जाने और अनुशासनहीनता किए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

खटीमा गुरुद्वारे में लगे शिविर में 42 लोगों ने किया रक्तदान

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: गुरुनानक गुरुद्वारा सिंह सभा में शहीद ऊधम सिंह रक्त सेवा ट्रस्ट द्वारा न्यू लाइफ लाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 42 लोगों ने रक्तदान किया।

नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी और गुरुनानक गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष हरभजन सिंह खिंडा ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। उत्तरांचल पंजाबी महासभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा ने कहा कि इस प्रकार के रक्तदान शिविर लोगों में रक्तदान के महत्व एवं रक्तदान की उपयोगिता के लिए जागरुक करते हैं। शिविर में रक्त दानदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। कैंप में 40 युवाओं और दो महिलाओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को गुरुद्वारा गुरुनानक सिंह सभा और सेवा ट्रस्ट द्वारा रक्तदाता सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष गुरवीर सिंह ने शिविर में सहयोग करने के लिए सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक की मैनेजिंग डायरेक्टर नीलम ज्याला, अमरजीत सिंह, मनदीप चट्टा ,जोरावर सिंह गुरुसेवक औलख, रमन सेठी, गुरुवेंद्र मोमी, सर्वजीत महरोक, राजदीप पन्नु, राहुल सक्सेना, नवीन भट्ट, इकबाल अहमद, भुवन जोशी, हरविंदर सिंह, सोनू शर्मा, यशपाल सिंह ,शंकर भंडार ,सौरव बिष्ट, जगजीत सिंह मल्ली आदि मौजूद रहे।

खटीमा में रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देते आयोजक। ● अमृत विचार

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी-15 .31 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-धनिष्ठा 17 जून 13 .13 तक तत्पश्चात शतभिषा।

मेष — आज आपका मन शांत रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। राजनीति और कानूनी मामलों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। नौकरी में आपकी आय बढ़ सकती है। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। अपनी जीवनशैली पर धन खर्च करेंगे।

वृष — आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। व्यापारिक सहयोगियों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। लोग आपसे सलाह लेने के लिए आ सकते हैं। व्यापारिक यात्रा पर जा सकते हैं। लव लाइफ काफी रोमान्टिक रहेगी। नौकरी के नए अवसर मिल सकते हैं।

मिथुन — आज परिवार का वातावरण उत्तम रहेगा। नए व्यापारिक समझौते हो सकते हैं। आपकी समझदारी से बड़ा आर्थिक नुकसान टल सकता है। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं। अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें।

कर्क — आज आपके रचनात्मक कार्यों और विचारों को मित्रों का समर्थन मिल सकता है। विवाह योग्य जातकों के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। गर्भवती स्त्रियों को यात्रा से बचना चाहिए।

सिंह — आज कार्यक्षेत्र में सारा माहौल आपके ही पक्ष में रहेगा। विदेश से नौकरी के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे। अपने प्रयासों में कमी न रखें। धार्मिक आयोजनों में विशेष रुचि लेंगे। गठिया का दर्द उभर सकता है। इसीलिए खानपान और दिनचर्या में लापरवाही न करें।

कन्या — आज अधिकारियों से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। जीवनसाथी आपकी सहायता करेगा। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर रहेंगे। बौद्धिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं। विद्यार्थियों को स्वाध्याय करना चाहिए। वाहन चलाते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए।

तुला — आज विद्यार्थियों के लिए समय बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भूमि संबंधी खरीदारी की योजना बनेगी। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें। रिश्तेदारों से लाभ प्राप्त होगा। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कामयाब रहेंगे। प्रेम संबंध उजागर होने की आशंका रहेगी।

वृश्चिक — आज भाइयों के साथ संबंध मधुर रखें। प्रतियोगी परीक्षा में अपेक्षित परिणाम प्राप्त हो सकता है। लव लाइफ में भाग्य का लाभ मिलेगा। यदि कारोबार में विस्तार करना चाहते हैं तो आपको नया लोन प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

धनु — आज परिवार और धन को लेकर समस्या दूर होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। छोटे बच्चों को लेकर प्रसन्न रहेंगे। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। उच्च पदासीन लोगों से आपके संबंध सुधरेंगे।

मकर — आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। व्यवहारिक होकर निर्णय लेना आपके हित में होगा। परिजनों के लिए आप उपहार खरीद सकते हैं। जोड़ों के दर्द में राहत मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपके ज्ञान और प्रतिभा की प्रशंसा होगी। दांपत्य संबंध मधुर बने रहेंगे।

कुंभ — आज व्यापार में नए सौदे मिल सकते हैं। महत्वपूर्ण बैठकों में सम्मिलित होंगे। बेरोजगार जातकों को नौकरी मिल सकती है। आप विविध व्यञ्जनों का आनन्द उठायेंगे। घर में कुछ नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

मीन — आज आपके बढ़ रहे खर्चों में अचानक कमी आयेगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। युगल जोड़े फैमिली प्लानिंग कर सकते हैं। प्रणय संबंधों के दिन समय बहुत ही अच्छा है। मेहनत के दम पर स्वयं को सिद्ध करने का अवसर मिलेगा।

वर्ग पहेली- 3

बाएं से दाएं

3. माल या राजस्व महकमे का वह क्षेत्रीय अधिकारी जो पटवारियों या लेखपालों के कागज़ात एवं काम-काज की जांच करता है।

4. 1. फ़ैशन मॉडल की तरह किया जाने वाला काम, मॉडल की तरह काम करने का व्यवसाय 2. किसी वस्तु के स्वरूप की प्रतिकृति बनाने का कार्य।

8. 1. भूमि, खेत 2. पृथ्वी, धरती 3. धरातल का कोई भाग, ठोस तल 4. भूमि का टुकड़ा, भूखंड 5. वह तेल जिसमें किसी इत्र को तैयार किया जाता है 6. आधार 7. नदी और तालाब का तल 8. वह कागज़

9. वह जो प्राय: कोई न कोई ख़ुराफ़ात करता रहता हो।

ऊपर से नीचे

1. 1. गुंजार, गूंजने का शब्द 2. गुनगुनाना 3. भौरों के गूंजने की क्रिया।

2. 1. किसी घटना आदि का पूर्ण लिखित विवरण 2. खेलों के उच्चतम कीर्तिमान दस्तावेज़, लेख-प्रमाण 3. स्थायी रूप में रखना 4. सुरक्षित विवरण 5. अभिलेख।

5. हाथी दांत का बना हुआ।

6. बंद नाली का मुंह जिससे सफ़ाई करने के लिए बड़ी नाली में घुसा जा सकता हो, बंद नाली में प्रवेश करने का मार्ग।

7. 1. लोभ करने वाला, लालची 2. कंजूस।



वर्ग पहेली -2 का हल

1 सि	रो	ही	■	2 खु	द	ना
र	■	■	3 एं	■	■	■
मौ	■	■	पा	■	4 कु	■
र	■	5 पा	य	जा	मा	■
■	6 झा	ल	र	■	र	■
7 सा	■	की	■	■	■	8 सु
ज़	■	■	9 र	वा	दा	र

सुडोकू -10

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1		7			8		5	
	8		4	6			7	
6		4			2		3	
	6			1	5			3
4			7	3		8		
	7		6			9		2
	3			8	9		4	
	4		2			3		1

सुडोकू - 9 का हल

7	1	8	4	2	9	5	3	6
4	6	5	8	7	3	2	9	1
9	2	3	1	5	6	7	8	4
6	4	2	3	8	7	9	1	5
5	8	7	6	9	1	3	4	2
3	9	1	5	4	2	6	7	8
8	7	4	9	6	5	1	2	3
1	5	9	2	3	8	4	6	7
2	3	6	7	1	4	8	5	9

पूर्व सैनिकों संग सेना ने की सुविधाओं की जानकारी साझा

सैनिक विश्राम गृह लोहाघाट में हुई बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा, पूर्व सैनिकों में एसबीआई कर्मियों के व्यवहार पर आक्रोश

संवाददाता, लोहाघाट

अमृत विचार : सैनिक विश्रामगृह में हुई पूर्व सैनिक संगठन की बैठक में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। पूर्व सैनिक लीग जिलाध्यक्ष कै. आरएस देव की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूर्व सैनिकों ने एसबीआई लोहाघाट के कर्मचारियों के व्यवहार पर गहरी नाराजगी जताई। अध्यक्ष देव ने चेतावनी दी कि यदि बैंक कर्मियों के व्यवहार में जल्द सुधार नहीं हुआ तो पूर्व सैनिक अपने खातों को अन्य बैंकों में स्थानांतरित करने को मजबूर होंगे।

बैठक में सेना की ओर से पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी साझा की गई। ईसीएचएस पैनल हास्पिटल के कर्मियों ने ईसीएचएस कार्ड से विभिन्न बीमारियों के उपचार में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। कै. देव ने कहा कि जिन पूर्व सैनिकों या आश्रितों के ईसीएचएस कार्ड नहीं बने हैं, वे स्टेशन क्वार्टर पिथौरागढ़ या बनबसा छावनी में संपर्क कर जल्द कार्ड बनवाएं। उन्होंने बताया कि सरकार ने शहीद सैनिकों के परिवारों को दी जाने वाली सहायता राशि को 10 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया है। साथ ही, पूर्व सैनिक की मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार के लिए दी जाने वाली राशि सात हजार रुपये से बढ़ाकर दस हजार रुपये कर दी गई है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के बच्चों के लिए एनडीए के फार्म 17 जून तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। इसके अलावा सेना में भर्ती के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण 16 जून से हवालबाग में शुरू होगा। बैठक में कै. आरएस बोहरा, कै. एचएस बोहरा, कै. दिनेश बोहरा, कै. इंदर देउपा, कै. नंदन पुनेठा, एसएम सीबी बिष्ट, हवलदार महराज सिंह, हवलदार लक्ष्मण सिंह, सूबेदार भगवान सिंह, हवलदार हयात सिंह रावत सहित कई पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

लोहाघाट में बैठक में चर्चा करते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

7वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

बनबसा, अमृत विचार : पंचशूल ब्रिगेड के तत्वावधान में 279 ट्रांजिट कैंप ने बनबसा मिलिट्री स्टेशन में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ अपना 7वां स्थापना दिवस मनाया गया। 15 जून 2018 को स्थापित ट्रांजिट कैंप, मुख्यालय मध्य कमान के अंतर्गत, सैनिकों को सेवा तथा सहयोग प्रदान कर रहा है। मिलिट्री स्टेशन बनबसा के सभी रैंक, बनबसा व टनकपुर के भूतपूर्व सैनिक, प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति और सैनिकों के परिवार समारोह में शामिल हुए। मुख्य अतिथि कर्नल आकाश अशोक तपाड़िया (सेना मेडल) स्टेशन कमांडर बनबसा छावनी एवं कमांडिंग ऑफिसर 26 राजपूत रेजीमेंट ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक पावर स्टेशन टनकपुर ऋषि रंजन आर्य, पूर्व सैनिक कैप्टन भानी चंद, कैप्टन हरिश्चंद्र कापड़ी, कैप्टन गोविंद बल्लभ भट्ट के अलावा तमाम पूर्व सैनिक संगठन के समस्त पदाधिकारियों ने इस समारोह में प्रतिभाग किया।

पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग में करे शामिल

संवाददाता, अल्मोड़ा

- गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की बैठक
- बैठक में गवर्नमेंट पेंशनर्स ने विभिन्न समस्याओं पर की चर्चा

अमृत विचार: गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की रविवार को मासिक बैठक हुई। बैठक में तमाम समस्याओं पर चर्चा के साथ ही लगातार बिजली और पानी के बिलों में वृद्धि पर नाराजगी जताई गई।

नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग में सम्मिलित नहीं किया गया है। पेंशनर्स का डीए समाप्त करने की साजिश रची जा रही है। पेंशनर्स ने इसका विरोध करने का आह्वान किया। साथ ही राशिकरण वसूली कम करने, 65-70-75 वर्ष के अंतराल में पेशन में वृद्धि आदि की भी मांग की। बैठक में राजेंद्र सिंह बिष्ट, आनंद सिंह बिष्ट, आनंद सिंह बगडवाल, पीएस सत्याल, पीएस बोरा, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, हेम चंद्र जोशी, चंद्रमणी भट्ट, डॉ. जेसी दुर्गापाल, सुनयना मेहरा, गजेंद्र सिंह नेगी, एमसी काण्डपाल, गिरीश जोशी, किशोर जोशी, आशा कर्नाटक, इंदिरा लोहनी, डॉ. गोकुल सिंह रावत आदि रहे।

सार-संक्षेप

रन फॉर योगा रैली को हरी झंडी दिखाते डीएम और मेयर। ● अमृत विचार

पिथौरागढ़ में निकली रन फॉर योगा रैली

पिथौरागढ़ : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत पिथौरागढ़ में रविवार को कलेक्ट्रेट से रामलीला मैदान तक रन फॉर योगा रैली को मेयर कल्पना देवलाल और जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ चंद्रकला भैसोड़ा के निर्देशन में आयोजित रैली में लगभग 600 लोगों ने भाग लिया। सीडीओ डॉ. दीपक सैनी, एसडीएम वैभव कांडपाल सहित अन्य अधिकारियों व नेहरू युवा केंद्र, आइटीबीपी, सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों के बच्चों, विभिन्न संस्थाओं ने योग संदेश जन-जन तक पहुंचाने में भागीदारी निभाई। यहां डॉ. राजेश जोशी, डॉ. बीपी जोशी, डॉ. हेमलता पायर, डॉ. ज्योत्सना सनवाल, डॉ. ममता रानी, डॉ. सरोज मिश्रा, डॉ. उषा बृजवासी आदि रहे।

गैस सिलेंडर से लगी आग, ग्रामीण झुलसा

पिथौरागढ़ : देवलथल के भंडारीगांव में गैस सिलेंडर से आग लगने से 35 वर्षीय जितेंद्र सिंह बसेड़ा गंभीर रूप से झुलसने के साथ घायल हो गया। बताया गया कि बच्चों के लिए नाश्ता बनाते समय सिलेंडर फटने से आग लग गई और उसका पूरा शरीर झुलस गया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश कुमार ने बताया कि जितेंद्र परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य है और फिलहाल जिला अस्पताल पिथौरागढ़ में उपचाराधीन है।

अभिषेक डसीला बने फ्लाइंग ऑफिसर

पिथौरागढ़ : डीडीहाट निवासी अभिषेक डसीला के वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनने से क्षेत्र में खुशी की लहर है। डीडीहाट के बरला कांटे गांव निवासी अभिषेक की प्रारंभिक शिक्षा डीडीहाट व केवी मिर्थी और हाईस्कूल व इंटर की पढ़ाई एशियन पब्लिक स्कूल से हुई। उच्च शिक्षा पंजाब से ली। इसके बाद उनका चयन एनडीए में हो गया। उनके पिता सामाजिक कार्यकर्ता रवि डसीला और गृहिणी माता मंजू डसीला मौजूद रहीं।

वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र बिष्ट बने एनयूजे के जिलाध्यक्ष

सवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स-ब्रुसेल्स' एवं 'नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया)' से संबद्ध 'नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) उत्तराखंड' के प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पांडे एवं प्रदेश के मुख्य संरक्षक संजय तलवार की संस्तुति पर वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र सिंह बिष्ट (अमृत विचार) को अल्मोड़ा जनपद के जिला अध्यक्ष एवं दिनेश चंद्र भट्ट (दैनिक भास्कर) को अल्मोड़ा जनपद के जिला महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है।

दोनों पदाधिकारियों को नियुक्ति पर संगठन के राष्ट्रीय सचिव कैलाश जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. गिरीश रंजन तिवारी, कोषाध्यक्ष राहुल वर्मा, सचिव प्रमोद बमेठा, कुमाऊं मंडल प्रभारी दिनेश जोशी, गढ़वाल मंडल प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी, नैनीताल जिलाध्यक्ष अफजल हुसैन 'फौजी', बागेश्वर जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह मेहता, ऊधमसिंह नगर जिलाध्यक्ष कमल श्रीवास्तव व हरिद्वार जिलाध्यक्ष आदेश त्यागी सहित समस्त पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इधर, राजेन्द्र के जिलाध्यक्ष बनने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा, क्षेत्रीय विधायक प्रमोद नैनवाल, ब्लॉक प्रमुख हीरा रावत, भाजपा महिला प्रदेश संयोजक विमला रावत, चिड़ियानौला नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरुण रावत आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

जागेश्वर में वीकेंड पर उमड़ी भीड़, जाम से भी जूझे भक्त

- मंदिर में प्रवेश के लिए लोगों की दिनभर लगी रही कतार
- जागेश्वर धाम से दर्शन कर मांगा सुख शांति का आशीर्वाद

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: जागेश्वर धाम में रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों में प्रवेश के लिए लोगों को कतार लगानी पड़ी और काफी देर तक बारी का इंतजार करना पड़ा। इस दौरान कई लोगों ने दर्शन कर सुख शांति का आशीर्वाद मांगा।

रविवार को अवकाश पर जागेश्वर धाम में काफी लोग पूजा-अर्चना को पहुंचे। श्रद्धालुओं को जागनाथ, महामृत्युंजय, पुष्टिमाता, हनुमान, केदारनाथ, भैरव, कुबेर आदि मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए कतार में खड़े होकर काफी देर तक बारी का इंतजार करना पड़ा। जागेश्वर-आरतोला सड़क पर दिन भर वाहनों की कतार लगी रही। मार्ग में कई बार जाम भी लगा। पुलिस, होमगार्ड और पीआरडी जवानों को यातायात व्यवस्थित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। मंदिर प्रबंधन समिति ने बताया कि पूजा अर्चना को मंदिर में सभी जरूरी सुविधाएं की गई हैं।

जागेश्वर धाम में रविवार को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

कपिल क्षेत्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मंत्री बने

पिथौरागढ़, अमृत विचार: उत्तराखंड रोडवेज इम्पलाइज यूनियन की क्षेत्रीय कार्यकारिणी का चुनाव, चुनाव अधिकारी राकेश तोमर और प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश वर्मा, प्रांतीय महामंत्री रविनंदन कुमार की देखरेख में हुआ। कपिल त्रिपाठी को अध्यक्ष, जगदीश चंद्र जोशी को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। सुरेश चंद्र पांडेय व विमल पाठक को उपाध्यक्ष जबकि धर्मेंद्र कुमार सिंह को मंत्री चुना गया।

दिलेर सिंह, कृष्णा सिंह को संयुक्त मंत्री व भूपेश उपाध्याय को संगठन मंत्री नियुक्त किया। संजीव कुमार को कोषाध्यक्ष, राकेश रावत को लेखा परीक्षक, गौरव शर्मा को मीडिया प्रभारी और राम बोरा को क्षेत्रीय कार्यालय सचिव की जिम्मेदारी दी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन हित में कार्य व चालक-परिचालकों की समस्याएं उठाने की बात कही।

पिथौरागढ़ में विद्यार्थियों से संवाद करते यूकेएसएसएससी अध्यक्ष।

यूकेएसएसएससी अध्यक्ष ने किया विद्यार्थियों से संवाद

पिथौरागढ़ : उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) के अध्यक्ष गणेश सिंह मर्तोलिया ने रविवार को सामुदायिक पुस्तकालय में अध्यनरत विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अनुशासित होकर ईमानदारी के साथ मेहनत करके ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। प्रदेश में निष्पक्ष परीक्षाएं हो रही हैं इसलिए सभी विद्यार्थियों को अपनी मेहनत पर विश्वास करना चाहिए। इस पुस्तकालय को भविष्य में पुस्तकों के साथ जिस प्रकार की भी सुविधा की आवश्यकता होगी, उनके द्वारा इसके लिए भरसक प्रयास होंगे। विद्यार्थियों ने आयोग अध्यक्ष और रंगकर्मी लक्ष्मण सिंह पांगती का स्वागत किया। पुस्तकालय प्रभारी बबीता कोरंगा के अलावा नीम मर्तोलिया, नकुल भंडारी, नेहा नित्वाल, संजना नित्वाल, हरीश राणा, गौरव मेहता, कमलेश कुमार, विक्की मेहरा, त्रिलोक कुमार, कमल मेहता, कृष कुमार सहित आदि छात्रों ने संवाद कार्यक्रम में भाग लिया।

अल्मोड़ा में मुरलीमनोहर मंदिर में शिविर के दौरान योग करते लोग।

वेद, योग, नदियां हमारे जीवन की मुख्य धारा: प्रीति साह

अल्मोड़ा : एसएसजे विवि के योग विभाग की ओर से 'आओ हम सब योग करें' अभियान जारी है। रविवार को अभियान के तहत अल्मोड़ा नगर के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को योग के आसानों का अभ्यास कराया गया। नगर के मुरली मनोहर मंदिर में शिविर का शुभारंभ समाजसेवी प्रीति साह और पुजारी देवीदत्त पांडे ने किया। आज हम जिस सनातन ज्ञान की बात करते हैं, वह केवल ग्रंथों में सीमित नहीं है। वेद, योग और नदियां यह तीनों हमारी जीवनधारा हैं। नमामि गंगे जैसे कार्यक्रम समाज को आत्मिक स्तर पर जोड़ने का काम कर रहे हैं। अभियान युवाओं में नई चेतना भर रहा है, जो केवल शरीर नहीं, आत्मा को भी स्वस्थ करता है। यहां डॉ. लल्लन कुमार सिंह, डॉ. गिरीश सिंह अधिकारी, सुदर्शन लाल साह, दीवान बिष्ट, अंकित, खुशी, माया, मनीष कांडपाल, सूरत बिष्ट, अनंत बिष्ट, दीक्षा, काजल, गीतांजलि, प्रवल, ललिता आदि रहे।

पूर्णागिरि मेले का हुआ विधिवत समापन

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: 15 मार्च से प्रारंभ हुए तीन माह तक चले देश के सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि मेले का रविवार को विधिवत समापन हो गया है। मेले के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नवनीत पांडेय द्वारा सर्वप्रथम मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन करते हुए विधिवत पूजा अर्चना कर जनपदवासियों की सुख, शांति, समृद्धि की कामना की। उसके बाद ठुलीगाड़ कार्यक्रम स्थल पर आयोजित समापन कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने मेले के दौरान कार्यरत विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों, पर्यावरण मित्रों आदि को सम्मानित करते हुए कहा कि मां पूर्णागिरि मेला 2025 को बेहतर, सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में विभिन्न विभागों के तैनात कार्मिकों, पुलिस, होमगार्ड, पीआरडी, मंदिर समिति के पदाधिकारी सहित सभी का विशेष सहयोग रहा। पांडेय ने सभी को शुभकामनाएं व धन्यवाद देते हुए सभी का सहयोग के लिए आभार जताया। मेला अवधि के दौरान बेहतर कार्य करने के लिए उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों, मंदिर समिति के पदाधिकारियों आदि को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा मां पूर्णागिरि मेले के बेहतर आयोजन तथा मेला क्षेत्र में विभिन्न सुविधाएं मुहैया कराए जाने के लिए विभिन्न घोषणाएं की गई है। जिनके तहत अनेक कार्य गतिमान है, जिससे आगामी वर्षों में देश के विभिन्न स्थानों से आने वाले श्रद्धालुओं को और बेहतर सुविधाएं यहां मिलेगी। यहां मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराए जा रही है। मेला प्रारम्भ होने से वर्तमान तक 20 लाख से अधिक श्रद्धालु मां पूर्णागिरि के दर्शन कर चुके हैं।

मां पूर्णागिरि मंदिर समिति की ओर से अध्यक्ष किशन तिवारी को मेले के सफल आयोजन होने पर उन्हें प्रतीक चिह्न भेंट किया गया। समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी द्वारा मेले के सफलतापूर्ण संपन्न होने पर डीएम नवनीत पांडेय को बधाई देते हुए उन्हें मंदिर समिति की ओर से प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दीपक चन्द रजवार, डॉ. जीएस खाती, अलकेश नौडियाल, वंदना वर्मा, कमलेश सिंह बिष्ट, जगदीश गिरी, समिति के सदस्य अन्य पदाधिकारी, पुलिस जवान, पीआरडी, होमगार्ड समेत विभिन्न विभागों के कार्मिक मौजूद रहे।

विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार को स्मृति चिन्ह देते डीएम नवनीत पांडेय।

ग्रामीण क्षेत्रों में तीन हजार की आबादी पानी को तरसी

संवाददाता, अल्मोड़ा

- डेढ़ माह से विभिन्न विकासखंडों के ग्रामीण इलाकों में बना है संकट
- विभाग टैंकरों के माध्यम से पानी की कर रहा आपूर्ति

अमृत विचार: जिले के ग्रामीण इलाकों में दर्जनों गांवों में पेयजल संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है। इन क्षेत्रों में पेयजल योजना के सुचारू रूप से नहीं चलने से पेयजल संकट खड़ा हो गया है। इससे दर्जनों ग्राम पंचायत की तीन हजार से अधिक की आबादी पानी के लिए तरस गई है।

जिले के लमगड़ा, धौलादेवी, हवालबाग, भैसियाछाना समेत आदि विकासखंड में पेयजल आपूर्ति चरमरा गई है। बीते डेढ़ माह से नलों में पानी नहीं आया है। मजबूरन ग्रामीण नौले धारों के सहारे अपनी प्यास बूझाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने कहा कि समस्याओं को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को अगवत कराया गया। लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने जल्द पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग उठाई।

इधर, रविवार को तलेट, कांडे नौला, हवालबाग, शीतलाखेत, गुरूड़ाबाज, बल्टा आपदा ग्रस्त क्षेत्र, जैंती, लमगड़ा, तोली, नगरखान, ताकुला समेत कई जल संकट वाले इलाकों में टैंकरों से पानी का वितरण किया गया।

टनकपुर विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विचार विमर्श करते लोग।

विद्यालय की समस्याओं पर हुआ मंथन

टनकपुर : नगर के लाला चम्भा राम विवेकानंद विद्यामंदिर इंटर कालेज में संभ्रांत एवं लोगों के साथ बैठक कर विद्यालय की जरूरतों पर चर्चा की गई। बैठक का शुभारंभ मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि दीपक रजवार, विद्यालय के प्रबंधक दरबान सिंह करायत, अध्यक्ष डॉ. देवी दत्त जोशी, कोषाध्यक्ष मदन बोहरा, प्रतिष्ठित व्यवसाई रोहिताश अग्रवाल व प्रधानाचार्य कृष्ण वर्धन जोशी ने दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यालय के प्रबंधक दरबान सिंह एवं अध्यक्ष देवी दत्त जोशी ने विद्यालय में अनुपलब्ध संसाधनों की जानकारी दी। विद्यालय में एक बड़ा कक्षा कक्ष या हाल की जरूरत बताते हुए वक्ताओं ने इस संबंध में मुख्यमंत्री के सम्मुख मांग पत्र रखने को कहा। मुख्यमंत्री प्रतिनिधि दीपक रजवार ने बड़े हाल की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। रोहिताश अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय के विकास के लिए कोई भी कमी नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान अनिल चौधरी, डॉ. विनोद जोशी, अंबादत पंत, दीपक राय, रवि प्रजापति, अंकुर टंडन, जगदीश जोशी आदि रहे।

बंद घर में सामान चोरी का आरोपी गिरफ्तार

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा आर्मी कैंट में बंद घर में सेंधमारी कर हजारों के सामान चोरी के आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपी को लोअर मालरोड स्थित कैनाल कॉलोनी के पास से गिरफ्तार किया गया। आर्मी कैंट निवासी सुबेदार सतबिन्दर सिंह ने कोतवाली में चोरी के संबंध में तहरीर सौंपी। कहा कि 29 और 30 मई के बीच अज्ञात व्यक्ति ने खाली पड़े घर में घुसकर चोरी कर ली। चोर घर से सामान चुराकर ले गया। इधर, तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की धरपकड़ तेज कर दी थी। पुलिस ने आरोपी हिमांशु देवड़ी पुत्र देवेन्द्र देवड़ी, निवासी माला भवन सिंचाई विभाग कॉलोनी अल्मोड़ा को गिरफ्तार किया गया। साथ ही कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया गया। टीम में एसआई आनंद बल्लभ कश्मीरा, कांस्टेबल खुशाल राम, सुंदर लाल, सूरज गोस्वामी शामिल रहे।

बारिश का असर | पूर्णागिरि मार्ग पर उफनाए नाले से दोनों ओर लोग फंसे रहे, लोनिवि के प्रयास से एक घंटे बाद सुचारू हुआ आवागमन

बारिश से बाटनागाड़ नाला उफान पर, लगा लंबा जाम

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: रविवार को सुबह पहाड़ी क्षेत्रों में हुई मूसलाधार बारिश से पूर्णागिरि मार्ग पर स्थित बाटनागाड़ नाला उफान पर आ गया। इस दौरान मां पूर्णागिरि धाम आने-जाने वाले वाहनों की क्षेत्र में दोनों ओर लम्बी कतारें लग गईं। पानी के तेज बहाव के चलते बाटनागाड़ क्षेत्र में भारी मात्रा में मलवा एकत्रित हो गया।

सूचना मिलने पर प्रशासन द्वारा उक्त क्षेत्र में लोनिवि को तत्काल जेसीबी भेजने के निर्देश दिए गए। जिस पर मौके पर पहुंची जेसीबी से उक्त क्षेत्र से मलवा साफ कर मार्ग को सुचारु किया गया।

पूर्णागिरि मार्ग के बाटनागाड़ में आए मालवा से मार्ग में फंसे श्रद्धालु व लोग।

लोनिवि के सहायक अभियंता लक्ष्मण सिंह सामंत ने बताया कि रविवार सुबह करीब 10 बजे के आस-पास पूर्णागिरि मार्ग में बाटनागाड़ नाला अचानक उफान पर आया था, जिससे करीब एक घंटा यातायात बाधित रहा। सूचना मिलने पर तुरंत जेसीबी भेजकर यातायात सुचारु कर दिया गया। पूर्णागिरि धाम में इन दिनों भारी संख्या में श्रद्धालु मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को पहुंच रहे हैं। पूर्णागिरि मार्ग बंद होने से मां पूर्णागिरि धाम में आने जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सरयू नदी का जल स्तर बढ़ा, जल रही चिता बही

बागेश्वर, अमृत विचार : गत रात्रि हुई तेज बरसात से सरयू नदी का जल स्तर अचानक बढ़ गया। सरयू तट पर स्थित जल रही चिता बह गई तथा ग्रामीण भी अधजली चिता को छोड़कर किसी तरह जान बचाकर भागे। वहीं चिता लगाने की तैयारी कर रहे ग्रामीण दो अर्थी वापस लेकर भागते हुए दिखाई दिए। सरयू गोमती संगम पर स्थित संगम पर अंतिम संस्कार का काफी महत्व है यहां पर प्रतिदिन कई लोग अंतिम संस्कार हेतु पहुंचते हैं। रविवार की सुबह दो अलग अलग क्षेत्र से आए ग्रामीणों ने दो शवों का अंतिम संस्कार किया इस बीच वहां दो अन्य क्षेत्र से शव यात्रा पहुंची। अचानक सरयू नदी का जल स्तर बढ़ गया जिससे ग्रामीण जल रही चिताओं को छोड़कर वापस आने लगे जबकि वहां पर अन्य दो चिताओं की तैयारी कर रहे ग्रामीण लकड़ी व अर्थी लेकर वहां से वापस आए तथा उन्होंने गोमती नदी के किनारे बने शवदाह स्थल पर पहुंचकर अंतिम संस्कार किया। लोगों ने कहा कि बरसात के मौसम में सरयू तट पर अंतिम संस्कार के लिए मनाही के लिए पहले ही लोगों को सावधानी बरती जानी थी। सौभाग्य यह रहा कि सरयू का जल स्तर धीरे-धीरे बढ़ा यदि अचानक बढ़ता तो कई लोगों के बहने की घटना हो सकती थी।

भाजपा का प्रबुद्ध जन सम्मेलन आयोजित

बनबसा : भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त पूर्व प्रधानाचार्य बंशीधर उपाध्याय ने किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता ने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। सांसद प्रतिनिधि संजय जोशी ने सरकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा देवी, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, शंकर लाल वर्मा, देवेन्द्र ठाकुर, नवल किशोर, बलवन्त धामी, काजल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एक नजर

दिल्ली में 100 फुट ऊंचा मोबाइल टावर गिरा

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में रविवार तड़के तेज हवा और बारिश के कारण 100 फुट ऊंचा एक मोबाइल टावर गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। सफदरजंग एन्क्लेव के बी-2 ब्लॉक के निवासियों के अनुसार, यह घटना तड़के करीब चार बजे उस समय हुई जब तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

आरए चंद्रशेखर कैबिनेट सचिवालय में सचिव सुरक्षा

नई दिल्ली। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आरए चंद्रशेखर को कैबिनेट सचिवालय में सचिव सुरक्षा नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के आदेश में यह जानकारी दी गई। केरल कैडर के 1991 बैच के आईपीएस शेखर वर्तमान में आसूचना ब्यूरो में विशेष निदेशक हैं। नियुक्ति समिति ने 1 अगस्त 2025 को या उसके बाद पदभार ग्रहण करने की तिथि से कैबिनेट सचिवालय में शेखर की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

कुनो राष्ट्रीय उद्यान के पांच चीते मुरैना पहुंचे, दहशत

मुरैना। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में रविवार को सड़क पार करते हुए पांच चीतों को देखा गया। इन चीतों को अफ्रीकी चीतों के घर कूनो राष्ट्रीय उद्यान से लगभग 50 किलोमीटर दूर जौरा क्षेत्र में पगारा बांध को पार करते देखा गया। इन चीतों को सुबह खुले में देखकर स्थानीय लोग घबरा गए।

महिला और उसकी नाबालिग बेटी नदी में डूबी

बुलढाणा। महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में रविवार को विश्वगंगा नदी में 20 वर्षीय महिला और उसकी तीन वर्षीय बेटी डूब गईं। यह घटना तब घटी जब पूनम बेटी के साथ नंदुरा तालुका में नदी के तट पर स्थित निम्बादेवी मंदिर में दर्शन करने गई थीं।

तदर्थ न्यायाधीश नहीं चाहते हाईकोर्ट

सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी के बावजूद पांच महीनों में एक भी नाम की सिफारिश नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय द्वारा लगभग पांच महीने पहले मंजूरी दिए जाने के बावजूद विभिन्न उच्च न्यायालय लंबित आपराधिक मामलों से निपटने के लिए तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर इच्छुक नहीं दिख रहे हैं। केंद्र सरकार के पास उपलब्ध ब्योरे से यह जाहिर हो रहा है।

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया से वाकिफ लोगों के मुताबिक, अभी तक किसी भी उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किए जाने वाले सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के नाम की सिफारिश नहीं की है। देश में 25 उच्च न्यायालय हैं, लेकिन 11 जून तक किसी भी उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने केंद्रीय कानून मंत्रालय को ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है।

- 18 लाख लंबित आपराधिक मामले निपटाने के लिए दी गई थी अनुमति

उच्चतम न्यायालय ने 18 लाख से ज्यादा आपराधिक मामलों के लंबित रहने को देखते हुए 30 जनवरी को उच्च न्यायालयों को तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की इजाजत दे दी थी, बशर्ते इनकी संख्या अदालत के लिए स्वीकृत कुल न्यायाधीशों के पदों के 10 फीसदी से ज्यादा न हो।

संविधान का अनुच्छेद 224ए लंबित मामलों से निपटने में मदद के लिए उच्च न्यायालय में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने की इजाजत देता है। तय प्रक्रिया के मुताबिक, संबंधित उच्च न्यायालय का कॉलेजियम उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किए जाने वाले उम्मीदवारों के नाम या सिफारिशें कानून मंत्रालय के न्याय विभाग को भेजता है। इसके बाद न्याय विभाग उम्मीदवारों की जानकारी और विवरण जोड़ता है और फिर उन्हें उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम को भेजता है। इसके बाद उच्चतम न्यायालय का कॉलेजियम अंतिम फैसला लेता है और सरकार को चयनित व्यक्तियों को न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश करता है।

शर्तों में भी ढील दे चुका है उच्चतम न्यायालय

तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति पर 20 अप्रैल 2021 को दिए गए फैसले में शीर्ष कोर्ट ने कुछ शर्तें लगाई थीं। हालांकि बाद में विशेष पीठ ने कुछ शर्तों में ढील दी और कुछ को स्थगित रखा। पूर्व सीजेआई एसए बोबडे लिखित फैसले में लंबित मामलों को निपटाने के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को दो से तीन साल की अवधि के लिए तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि इसके बाद भी देश भर में किसी भी उच्च न्यायालय ने तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति में दिलचस्पी नहीं दिखाई।

बीएसएफ के जवान ने वरिष्ठ की गोली मारकर हत्या की

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में एक शिविर में बहस के बाद बीएसएफ के एक जवान ने अपने वरिष्ठ की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या की दी।

घटना जिले के धुलियान में बीएसएफ के शिविर में शनिवार रात करीब 10:30 बजे हुई। कांस्टेबल शिवम कुमार मिश्रा ने तीखी बहस के बाद अपने वरिष्ठ हेड कांस्टेबल रतन सिंह शेखावत की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी कांस्टेबल को पकड़ लिया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों जवान बीएसएफ की एक इकाई में तैनात थे, जिसे मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई सांप्रदायिक झड़पों के बाद इलाके में तैनात किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि बीएसएफ ने 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' का आदेश दिया है।

वैज्ञानिक उपकरणों के खरीद नियमों में दी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

- रक्षा अनुसंधान संगठन काफी समय से केंद्र सरकार से कर रहे थे मांग

अनुसंधानकर्ताओं की ओर उठ रही मांगों के बीच सरकार ने रक्षा अनुसंधान संगठनों समेत विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों को वैज्ञानिक उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद के लिए वित्तीय सीमा बढ़ा दी है तथा जीईएम पोर्टल के अतिरिक्त अन्य स्रोतों से भी खरीददारी करने की अनुमति दे दी है।

मौजूदा वित्तीय नियमों के तहत 200 करोड़ रुपये से कम मूल्य के उपकरणों की खरीद सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल और स्थानीय उत्पादकों से ही करना अनिवार्य किया गया है ताकि घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित मिले। लेकिन इन नियमों के कारण कई वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उच्च कोटि के कई अनुसंधान उपकरण जीईएम पोर्टल पर उपलब्ध नहीं होते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद उन संस्थानों में शामिल हैं, जिन्हें सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर) में बदलावों से लाभ मिलेगा क्योंकि इन बदलावों से पारंपरिक खरीद में आने वाली बाधाएं दूर कर दी गयी हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य उपलब्ध ढांचे के भीतर नवाचार को यथासंभव स्वतंत्रता देना है।

म्यांमार के आठ नागरिकों को दो साल की सजा

ठाणे, एजेंसी

- ठाणे में अवैध रूप से रहते हुए किया गया था गिरफ्तार, सजा के बाद निर्वासित करने का आदेश

महाराष्ट्र के ठाणे की एक अदालत ने भारत में अवैध रूप से रह रहे म्यांमा के आठ नागरिकों को दो साल के कारावास की सजा सुनाई और यह अवधि पूरी होने के बाद उन्हें देश से निष्कासित करने का भी आदेश दिया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जी टी पवार ने 10 जून को सुनाए गए फैसले में कहा कि संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) द्वारा जारी किए गए शरणार्थी कार्ड भारत में रहने के लिए वैध नहीं माने जा सकते क्योंकि भारत ने 1951 की शरणार्थी संधि पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। अदालत ने आठों लोगों को विदेशी नागरिक अधिनियम, 1946 के तहत दोषी करार दिया और प्रत्येक पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। एक अन्य आरोपी रियाज अहमद अकबर अली शेख, जो भारतीय नागरिक है को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। उसपर इन लोगों की मदद करने का आरोप था।

मामले के अनुसार ठाणे जिले के उत्तन सागरी पुलिस ने 26 फरवरी 2024 को गुप्त सूचना के आधार पर चौकगांव जेट्टी पर छापा मारा, जहां से म्यांमा के आठ नागरिकों को पकड़ा गया था। न्यायाधीश ने फैसले में कहा, हालांकि, आरोपी संख्या एक से आठ के पास यूएनएचसीआर कार्ड हैं, लेकिन भारत संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी समझौता, 1951 और उसके 1967 प्रोटोकॉल का हस्ताक्षरकर्ता नहीं है। ऐसे में निष्कर्ष है कि ये सभी आरोपी विदेशी हैं और बिना वैध दस्तावेजों के भारत में प्रवेश कर यहां रह रहे हैं।

काली उत्सव

केरल के कोल्लम जिले के ओचिरा पदानिलम में काली उत्सव में भाग लेते लोग। मलयालम महीने मिथुनम के पहले दो दिनों में यह उत्सव कायमकुलम की लड़ाई की स्मृति में मनाया जाता है। एजेंसी

कंतारा-1 की शूटिंग के दौरान नाव पलटी, ऋषभ शेट्टी समेत 30 लोग बाल-बाल बचे

शिवमोगा (कर्नाटक)। कन्नड़ फिल्म कंतारा : चैप्टर 1 की शूटिंग के दौरान एक नाव जलाशय में पलट गई। हादसे में अभिनेता-निर्देशक ऋषभ शेट्टी और 30 अन्य लोग बाल-बाल बच गए। यह घटना शिवमोगा जिले के मस्ती कट्टे क्षेत्र में मणि जलाशय में फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई। यह दुर्घटना जलाशय के उथले क्षेत्र में हुई, जिससे संभावित त्रासदी टल गई। माना जा रहा है कि कैमरे और अन्य शूटिंग उपकरण पानी में डूब गए हैं। नुकसान का आकलन किया जाना अभी बाकी है।

महाराष्ट्र में भारी बारिश से आठ की मौत

मुंबई, एजेंसी

- राज्य के तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट, कई और जिलों में जारी किया गया ऑरेंज अलर्ट

महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश के चलते रविवार को आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर की मौत बिजली गिरने से हुई। मौसम विभाग ने रत्नागिरि और रायगढ़ जैसे तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट और पालघर, ठाणे, सिंधुदुर्ग तथा पुणे, सातारा और कोल्हापुर के घाट के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैनात की गई हैं। एसडीआरएफ की रिपोर्ट के अनुसार 24 घंटे में सुबह 11 बजे तक रत्नागिरि में सबसे अधिक 88.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। रायगढ़ में 65.3 मिमी, सिंधुदुर्ग में 43.8 मिमी, ठाणे में 29.6 मिमी और यवतमाल में 27.5 मिमी वर्षा हुई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में आठ लोगों की जान गई है और दस घायल हुए हैं। मुंबई, सिंधुदुर्ग, धुले, नासिक, संभाजीनगर, नंदुरबार और अमरावती में मौत की घटनाएं हुईं, इनमें अधिकतर मौत बिजली गिरने के कारण हुईं।

दक्षिण कन्नड़ में रेड अलर्ट, परिवार हटाए गए

मंगलुरु। तटीय कर्नाटक में लगातार भारी बारिश और रेड अलर्ट को ध्यान में रखते हुए दक्षिण कन्नड़ के उपायुक्त मुल्लई मुहिलान ने असुरक्षित घरों में रहने वाले परिवारों को हटने और सभी नियंत्रण कक्षों एवं मंगलुरु सिटी कॉरपोरेशन को 24 घंटे काम करने का निर्देश दिया है। तहसीलदारों को उच्च सतर्कता बनाए रखने और जीवन रक्षा के लिए बचाव उपकरणों की बहाली तय करने का निर्देश दिया है।

कोविड 19: देश में 10 और लोगों की मौत मगर सक्रिय मामले घटे

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या रविवार को 7,400 से घटकर 7,383 हो गई। पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में 17 की कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार संक्रमण से 10 लोगों ने जान गंवाई है। इसके बाद कोरोना से मौतों की संख्या बढ़कर 97 हो गई है।

पिछले 24 घंटों के दौरान

कोविड-19 से दिल्ली में तीन, केरल में पांच और महाराष्ट्र में दो लोगों की मौत हुई है। इन सभी को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं थीं। दिल्ली और मध्य प्रदेश में नये संक्रमण 10-10 बढ़कर क्रमशः 682 और 130 हुए, जबकि केरल में 102 मामलों की कमी आई, हालांकि केरल में कुल मामले सर्वाधिक 2007 है।

पहलगाम में पटरी पर लौट रहा पर्यटन

पहलगाम, एजेंसी

- छंटने लगा आतंकी हमले का साया पर्यटकों के प्रति और ज्यादा मित्रवत हुए स्थानीय कारोबारी

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के करीब दो महीने बाद पर्यटन कारोबार धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। ईद की छुट्टियों के बाद स्थानीय लोगों और पंजाब से कुछ लोगों ने चरवाहों की घाटी में आना शुरू कर दिया है। ईद के तीसरे दिन घाटी के अन्य भागों से बड़ी संख्या में कश्मीरी पहलगाम पहुंचे, जिससे यहां पर्यटन व्यापार से जुड़े लोग काफी खुशी हैं।

यह पर्यटन स्थल श्रीनगर से 100 किलोमीटर दूर है। श्रीनगर के एक युवा नबील भट ने बताया, हम हर साल पहलगाम जाते रहे हैं, भले ही वहां पर्यटकों की भीड़ हो या नहीं। इस साल भी कुछ अलग नहीं था। हालांकि, इस बार हमारा ज्यादा सत्कार किया गया। यहां से छह किमी दूर बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद कश्मीर में पर्यटन थम गया था।

श्रीनगर के सिविल लाइंस क्षेत्र की निवासी अलीना जान ने कहा, इस बार सेवा प्रदाता स्थानीय लोगों के प्रति अधिक मित्रवत हैं, पिछले वर्षों में ऐसा नहीं था, जब बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते थे। अधिकांश स्थानीय पर्यटक इस बात से खुश हैं कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहलगाम में पार्क खोलने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे इस स्थान पर अधिक लोग आकर्षित होंगे।

एक 'टूरिस्ट हट' के मालिक मोहम्मद इशाक ने कहा, मौखिक प्रचार से बेहतर कुछ नहीं है, कश्मीर के विभिन्न हिस्सों से लोग ईद के तुरंत बाद आना शुरू हो गए थे, लेकिन संख्या ज्यादा नहीं बढ़ी क्योंकि सभी पार्क बंद होने के कारण उनके पास बैठने के लिए कोई जगह नहीं थी।

कारोबार/कृषि

पर्यटन उद्योग में भारी वृद्धि का अनुमान

विशेषज्ञों ने कहा- जीडीपी में वर्ष 2030 तक हो सकती है 7% हिस्सेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के तेजी से बढ़ते पर्यटन उद्योग का विदेशी मुद्रा आय में योगदान 2030 तक 4.5 लाख करोड़ को पार कर सकता है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका हिस्सा सात प्रतिशत से अधिक हो सकता है।

पर्यटन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, पर्यटन जगत से विदेशी मुद्रा आय 2023 में 2,31,927 करोड़ रुपये थी जो 2024 में 2,77,842 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इंडियन एसोसिएशन ऑफ द टूर ऑपरेटर के अध्यक्ष राजीव गोसेन ने कहा कि भारत में पर्यटन के बढ़ने से विदेशी मुद्रा आय भी लगातार बढ़ रही है लेकिन अब भी यह क्षेत्र अपने उच्चतम स्तर पर नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा, भारत का पर्यटन क्षेत्र अगले पांच वर्षों में मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है। 2024 में विदेशी मुद्रा आय 2,77,842 करोड़ रुपये रही और हम करीब 8-10 प्रतिशत की स्थिर वार्षिक वृद्धि दर की उम्मीद कर रहे हैं। यदि ये रुझान जारी रहे, तो 2030 तक पर्यटन क्षेत्र की विदेशी मुद्रा आय 4,50,000 करोड़ रुपये को पार कर सकती है।

- पर्यटन से 2023 में 2.32 लाख करोड़ थी विदेशी मुद्रा आय

जीडीपी में योगदान पर उन्होंने कहा, पर्यटन वर्तमान में जीडीपी में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग पांच से छह प्रतिशत का योगदान देता है। पर्यटन मंत्रालय और विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद के आंकड़ों से पता चलता है कि 2030 तक इस क्षेत्र का योगदान सकल घरेलू उत्पाद में सात प्रतिशत से अधिक हो सकता है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि अनुकूल नीतियों के साथ बुनियादी ढांचे, डिजिटलीकरण और कौशल विकास में निवेश को प्रोत्साहित करना जारी रखा जाए।

रोजगार सृजन पर गोसेन ने डब्ल्यूटीटीसी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारत में इस क्षेत्र में लगभग आठ करोड़ लोगों को रोजगार मिला हुआ है। यह प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कुल रोजगार का लगभग 12 से 13 प्रतिशत है। प्रत्यक्ष रोजगार में होटल, विमानन कंपनियां, यात्रा संबंधी एजेंसियों व यात्रा परिचालक और अप्रत्यक्ष रोजगार में निर्माण, खाद्य उत्पादन आदि जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

पिछले साल 96.57 लाख लोग आए भारत घूमने

दुनियाभर से 2024 में 96,57,003 लोग भारत आए। यह 2023 की तुलना में 19 .80 प्रतिशत और 2023 की तुलना में 28 .35 प्रतिशत की वृद्धि है। इनमें से सबसे अधिक 24 .38 प्रतिशत लोग अमेरिका से आए थे। पर्यटन क्षेत्र के विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु तलवार ने कहा, यह क्षेत्र हमेशा भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है। ताजा आंकड़ों से यह और स्पष्ट हो जाता है। भारत के सड़क, रेल एवं विमानन अवसंरचना के तेजी से विकसित होने से इसे और बल मिला है।

बीमा दावे से न्याय तक नियम और राहत

बीमा एक ऐसी सुरक्षा व्यवस्था है जो व्यक्ति को आर्थिक जोखिमों से बचाने में सहायक होती है। चाहे वह जीवन बीमा हो, वाहन बीमा, स्वास्थ्य बीमा या संपत्ति बीमा—किसी भी आपदा या दुर्घटना की स्थिति में बीमित व्यक्ति या परिजनों को वित्तीय सहायता मिलती है। बीमा कराने के लिए कई कानूनी नियम और शर्तें होती हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य होता है। बीमा पर दावा करने की एक स्पष्ट प्रक्रिया होती है, जिसमें आवश्यक दस्तावेज़, समयसीमा और प्रमाण प्रस्तुत करने होते हैं। यदि बीमा कंपनी दावा अस्वीकार कर देती है या निपटान में देरी करती है, तो उपभोक्ता उपभोक्ता फोरम, लोक अदालत या बीमा नियामक प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के समक्ष न्याय की मांग कर सकता है।

बीमा दावा की प्रक्रिया

- **घटना की सूचना :** बीमा घटना (दुर्घटना, बीमारी आदि) के बाद कंपनी को सूचित करना होता है।
- **दस्तावेजों की पूर्ति :** दावा फ़ॉर्म, पॉलिसी नंबर, पहचान पत्र, एफआईआर (यदि लागू हो), अस्पताल या मृत्यु प्रमाण पत्र, बिल आदि जमा करने होते हैं।
- **सर्वेक्षण :** कंपनी सर्वेयर नियुक्त करती है जो नुकसान का मूल्यांकन करता है।

कानूनी और समाधान के विकल्प

- यदि बीमा कंपनी दावा खारिज करती है या राशि कम देती है तो बीमा लोकपाल, उपभोक्ता फोरम या न्यायालय में शिकायत की जा सकती है।
- भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण बीमा कंपनियों की निगरानी करता है। कोई भी शिकायत उसके पोर्टल पर की जा सकती है।
- बीमा लोकपाल योजना 2017 के तहत 30 लाख रुपये तक के दावों का निपटारा मुफ्त में किया जा सकता है।

बीमा कराने के नियम

- बीमा लेते समय सही जानकारी दें। वर्ना दावा अस्वीकार हो सकता है। समय पर प्रीमियम भुगतान आवश्यक। देरी से पॉलिसी अमान्य हो सकती है।
- बीमित वस्तु या व्यक्ति के संबंध में सही जानकारी दी जानी चाहिए। इसके साथ पॉलिसी की शर्तों को पढ़ना भी जरूरी है। हेल्थ और लाइफ बीमा में मेडिकल जांच कराना भी जरूरी हो सकता है।

उपभोक्ता फोरम व लोक अदालतों में विवादों का निपटारा

- हाल के वर्षों में हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावों का निपटारा उपभोक्ता फोरम और लोक अदालतों द्वारा किया गया है।
- हाल में आईआरडीएआई ने बीमा कंपनियों को 30 दिन के भीतर दावों के निपटान के निर्देश दिए हैं। डिजिटल दावे और व्हाट्सएप पर दावा दर्ज कराने जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं।

यूपी से दशहरी आम का दुबई को पहला सीधा निर्यात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। प्रदेश के दशहरी आम की खुशबू गल्फ तक पहुंच गई है। एफपीओ को 1200 किलो दशहरी आम का पहली बार सीधा ऑर्डर मिला और इसे दुबई को सीधा निर्यात करके इतिहास रचा गया है।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के अभियान को नई उड़ान मिली है। मैंगो पैक हाउस, रहमानखेड़ा, लखनऊ से दशहरी आम के 1200 किलो (400 पैक, प्रत्येक 3 किग्रा) का कन्साइनमेंट दुबई के लिए रवाना किया गया। यह आम का कन्साइनमेंट वायु मार्ग से लखनऊ से दुबई भेजा गया। आयातक कंपनी वरग्रो ट्रेडिंग एल एल सी, दुबई, यूएई है। इसका कुल मूल्य 2992 अमेरिकी डॉलर है, जो उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिला रहा है। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कन्साइनमेंट को दुबई के लिए हरी झंडी दिखाई। इन्डो-जर्मन एएमडी प्रोजेक्ट के अंतर्गत लखनऊ क्षेत्र से चयनित 3 एफपीओ को कृषि निर्यात का प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता का विकास किया गया। इनमें से इरादा फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एवं मलिहाबाद फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को दुबई से दशहरी आम का सीधा ऑर्डर मिला है। यह दोनों एफपीओ इस वर्ष पहली बार स्वयं अपने स्तर पर दुबई को आम निर्यात कर रहे हैं। यह उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

- दशहरी की खुशबू पहुंची गल्फ तक, एफपीओ ने रचा नया इतिहास
- 1200 किलो आम का एफपीओ को पहली बार मिला सीधा ऑर्डर

ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पर अदाणी ग्रीन एनर्जी

नई दिल्ली। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की एक इकाई एनएसई सस्टेनेबिलिटी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड ने उपयोगिताओं/बिजली क्षेत्र में ईएसजी रेटिंग में पहला स्थान दिया है।

इसके अलावा, एजीईएल, एनएसई में राजस्व के आधार पर शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों की ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पांच में से एक है। एनएसई ने सूचीबद्ध कंपनियों के लिए हाल ही में ईएसजी रेटिंग शुरू की है। एनएसई की रेटिंग रेशनलाइज के अनुसार, एजीईएल पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन संबंधी मानकों पर अच्छा प्रदर्शन करती है। पर्यावरण संबंधी पहल अच्छी तरह से एकीकृत हैं।

नौकरी-सुधारों के मोर्चे पर स्थिति ठीक नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल के दौरान मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय स्थिति और महंगाई दर में नरमी के साथ भारत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, लेकिन अच्छी नौकरी सृजित करने, विनिर्माण और अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढाने के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में 2014 में जब राजग की सरकार सत्ता में आई थी, तब आर्थिक वृद्धि धीमी थी, महंगाई बढ़ी हुई थी, डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर अस्थिर थी और राजकोषीय तथा चालू खाते का घाटा ऊंचा बना हुआ था। सुब्बाराव ने कहा, आज 11 साल बाद, आर्थिक वृद्धि मजबूत है, मुद्रास्फीति नरम हुई है, रुपया स्थिर है, बाह्य क्षेत्र मजबूती दिखा रहा है, राजकोषीय स्थिति बेहतर है और फंसे कर्ज की समस्या समाप्त हो गई है। हालांकि, शुल्क बाधाओं और बिगड़ते भू-राजनीतिक तनावों से कई वैश्विक बाधाएं और अनिश्चितताएं उत्पन्न हुई हैं, बावजूद इसके भारत एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है जो महत्वपूर्ण है।

- आरबीआई के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव ने कहा- देश बन रहा आर्थिक शक्ति

उन्होंने कहा, पिछले 11 वर्षों में यह एक उल्लेखनीय बदलाव है, लेकिन जश्न मनाने का नहीं। हम रोजगार, विनिर्माण और आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने में विफल रहे हैं। सुब्बाराव ने कहा, निश्चित रूप से जीडीपी बढ़ रही है, आज हम चार ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था हैं। जब मोदी सरकार ने सत्ता संभाली थी तब हम 11वें स्थान पर थे। आज हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम इस साल चौथी सबसे बड़ी और 2027 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

डीएलएफ गुरुग्राम में करेगी 5,500 करोड़ का निवेश

नई दिल्ली। प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड गुरुग्राम में एक लक्जरी आवास परियोजना विकसित करने के लिए करीब 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी चालू वित्त वर्ष में उच्च मांग के आधार पर रिकॉर्ड बिक्री बुकिंग हासिल करना चाहती है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी जल्द ही गुरुग्राम के सेक्टर 76/77 में 18 एकड़ की परियोजना 'डीएलएफ प्रिवाना नॉर्थ' शुरू करेगी। इसमें 1,150 से अधिक अपार्टमेंट होंगे। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को विकसित करने की अनुमानित लागत करीब 5,500 करोड़ रुपये है।

एक नजर



जर्मनी की टाटजाना मारिया रविवार को लंदन में क्वींस क्लब ग्रास कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप की ट्राफी के साथ जश्न मनाती हुईं। फाइनल में उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को हरा दिया। ● एजेंसी

मेडिसन कीज क्वींस क्लब सेमीफाइनल में हारीं

लंदन : दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी मेडिसन कीज को क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 37 वर्षीय क्वालीफायर तात्याना मारिया के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। दो बच्चों की मां जर्मनी की मारिया ने दूसरी वरीय कीज को 6-3, 7-6 से हराया। दुनिया की 86वें नंबर की खिलाड़ी मारिया की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कीज के खिलाफ चार मुकाबलों में यह पहली जीत है। मारिया 2020 के बाद से डब्ल्यूटीए टूर पर फाइनल में जगह बनाने वाली सबसे अधिक उम्र की खिलाड़ी हैं। सेरेना विलियम्स ने 2020 में 38 साल की उम्र में ऑकलैंड क्लासिक जीता था। मारिया ने कहा आपको हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए। आप कभी नहीं रुक सकते, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा मुझे टेनिस खेलना पसंद है। मुझे यह खेल पसंद है और हम इन खास पलों के लिए जीते हैं। शीर्ष वरीय झेंग किनवेन भी टूर्नामेंट में बाहर हो गईं। उन्हें अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने 6-2, 4-6, 6-4 से हराया।

पिच से स्पिनरों के लिए भी मदद मिलने की उम्मीद: कुलदीप

बेकेनहैम : अनुभवी रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम के मुख्य स्पिनर कुलदीप यादव से इंग्लैंड दौरे पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और यह वामहस्त स्पिनर 'इंट्रा स्क्वाड' अभ्यास मैच के दौरान पिच से मिली मदद से आत्मविश्वास से लबरेज है। कुलदीप बायें हाथ के एक अन्य स्पिनर (हरफनमौला) रविंद्र जडेजा के साथ अधिक समय बिता रहे हैं। अश्विन के संन्यास के बाद जडेजा पर अधिक जिम्मेदारी होगी क्योंकि उन्हें इंग्लैंड में 12 टेस्ट मैच खेलने का अनुभव है जबकि कुलदीप ने इस देश में एक टेस्ट में सिर्फ नौ ओवर गेंदबाजी की है।

अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर और जूनियर अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट 16 से

मुंबई : मुंबई में 17 देशों के 400 से अधिक खिलाड़ियों के 40 लाख रुपये इनामी ओरियनप्रो अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट और जूनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है जिसका आयोजन 16 से 24 जून तक एक साथ किया जाएगा। ग्रैंडमास्टर वर्ग में जॉर्जिया के ग्रैंडमास्टर लेवन पंतसुलाइया को शीर्ष वरीयता दी गई है। आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर पेट्रोसियन मैनुअल दूसरे वरीय हैं जबकि जॉर्जिया के ही ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्जे को तीसरी वरीयता मिली है। बारह वर्षीय फिडे मास्टर अंश नेरुरकर जूनियर वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे।

ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई सुरक्षित और खुश रहे

भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने टीम के प्रति जताई उदारता

लंदन, एजेंसी

- भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में पहली टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा
- नेतृत्वकर्ता के रूप में अपनी भी भूमिका की तैयारी कर रहे गिल

भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कभी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व करने का सपना नहीं देखा था। उन्होंने स्वयं के लिए ऐसी टीम संस्कृति बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जहां हर खिलाड़ी 'सुरक्षित और खुश' रहे। बदलाव के दौर से गुजर रहा भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीमों के बीच पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाना है।

गिल ने 'स्काईस्पोर्ट्स' से कहा मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनना चाहता हूं इसलिए सभी ट्रॉफियों के बावजूद मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई बहुत सुरक्षित और खुश रहे। लेकिन गिल जानते हैं कि यह काम कहना जितना आसान है, करना उतना आसान नहीं है। उन्होंने कहा मुझे पता है कि यह बहुत मुश्किल हो सकता है, विशेषकर सभी प्रतिस्पर्धा और जितने मैच हम खेलते हैं उसे देखते हुए, अलग-अलग टीम होती हैं। लेकिन अगर मैं ऐसा कर पाया तो मुझे लगता है कि यह मेरा लक्ष्य होगा।

गिल ने कहा इसलिए एक सुरक्षित माहौल बनाए रखना और खिलाड़ी को उसकी क्षमताओं और योग्यताओं में सुरक्षित महसूस कराना मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है जो एक नेतृत्वकर्ता को करना चाहिए। गिल ने माना कि सात मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा ने उनके लिए एक स्पष्ट रास्ता तय किया है। उन्होंने कहा ऐसा लग सकता है कि वह आक्रामक नहीं है लेकिन रोहित अपनी रणनीति के मामले में बहुत आक्रामक हैं। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो मैचों से पहले, श्रृंखला के दौरान और श्रृंखला के बाद भी अपने संवाद में बहुत स्पष्ट रहते हैं कि वह खिलाड़ियों से क्या चाहते हैं।

गिल ने कहा कि वह अपने पूर्ववर्ती रोहित के रास्ते पर चलना चाहते हैं जिन्होंने हमेशा टीम को व्यक्तिगत खिलाड़ियों से आगे रखा। उन्होंने कहा रोहित भाई ने जिस तरह का माहौल बनाए रखा, भले ही रोहित भाई आपको अपशब्द कह रहे हों, आप इसे अपने दिल पर नहीं लगाएंगे। यह उनका व्यक्तित्व है। मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छी विशेषता है। गिल ने कहा वह दृढ़ है लेकिन भले ही वह आप पर कठोर हो, आप जानते हैं कि यह उनके दिल से नहीं आ रहा है। यह टीम के नजरिए से आ रहा है। पच्चीस वर्षीय गिल ने कहा कि उन्होंने रोहित के साथ टीम के भविष्य के बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा यह एक ऐसी बातचीत है जो मैंने रोहित भाई के साथ कई बार की है कि आदर्श रूप से अगले पांच, सात या 10 या 15 वर्षों में हम भारतीय क्रिकेट टीम की संस्कृति को कहां देखना चाहेंगे? गिल ने यह भी कहा कि उन्होंने विराट कोहली के नेतृत्व से बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा जब मैं विराट के नेतृत्व में खेला तो मुझे लगता है कि टेस्ट मैचों में क्षेत्ररक्षण या विचारों या उनकी सोच के साथ उनकी सक्रियता कुछ ऐसी थी जो मुझे पसंद थी और मैंने उसे अपनाया। अगर उन्हें लगता है कि यह योजना काम नहीं कर रही है तो वह तुरंत एक और योजना बना लेते हैं, गेंदबाज को बताते हैं कि वह उनसे क्या चाहते हैं। गिल ने नेतृत्व की भूमिका संभालने से पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ अपनी बातचीत का सार भी दिया।

भारतीय कप्तान ने कहा वे बस यही चाहते हैं कि मैं एक नेतृत्वकर्ता के रूप में खुद को अभिव्यक्त कर सकूं।

नई दिल्ली स्थित आईजी स्टेडियम में पहलवान नेहा शर्मा, मुस्कान नांदल और मुस्कान मलिक, कोच मंदीप सिंह के साथ आगामी यू-20 एशियाई चैम्पियनशिप के लिए ट्रायल जीतने के बाद। ● एजेंसी

विश्व चैंपियनशिप में मुस्कान दिखाएंगी दम

नई दिल्ली, एजेंसी

कैडेट विश्व चैंपियन मानसी लाठेर ने रविवार को महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में ट्रायल जीतकर किर्गिस्तान के बिश्केक में पांच से 13 जुलाई तक होने वाली अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की। इस साल मार्च में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मानसी ने फाइनल में दिल्ली की सृष्टि को हराया।

पिछले महीने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज मंगोलिया ओपन में 59 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुस्कान ने यहां के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 57 किग्रा के ट्रायल को जीतकर चैंपियनशिप के लिए अपना टिकट पक्का किया। मुस्कान ने फाइनल में महाराष्ट्र की अश्लेषा कल्याण को पटखनी दी। मुस्कान नाम की एक अन्य पहलवान ने 65 किग्रा के ट्रायल के फाइनल में महाराष्ट्र की ही रोशनी को शिकस्त दी।

क्वालीफाई करने वाली अन्य महिलाएं

पहलवानों में श्रुति (50 किग्रा), सारिका (53 किग्रा), रीना (55 किग्रा), नेहा शर्मा (57 किग्रा), अंजलि (62 किग्रा), हर्षिता (72 किग्रा) और काजल (76 किग्रा) शामिल हैं। **पुरुषों की फ्रीस्टाइल** और ग्रीको रोमन शैली के ट्रायल 14 जून को लखनऊ में आयोजित किए गए। **फ्रीस्टाइल टीम :** अंकुश (57 किग्रा), अनुज (61 किग्रा), अश्वनी (65 किग्रा), सौरभ (70 किग्रा), विवेक (74 किग्रा), अमित (79 किग्रा), सचिन (86 किग्रा), सचिन (92 किग्रा), विशाल (97 किग्रा) और जशपूरन (125 किग्रा)। **ग्रीको रोमन :** नितिन (55 किग्रा), सूरज (60 किग्रा), वरुण (63 किग्रा), योगेश (67 किग्रा), आकाश पुनिया (72 किग्रा), सचिन (77 किग्रा), प्रिंस (82 किग्रा), रोहित (87 किग्रा), नमन (97 किग्रा), और जोगिंदर राठी (130 किग्रा)।

बीजिंग पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में भाग लेगी 16 सदस्यीय भारतीय टीम

नयी दिल्ली : भारत की 16 सदस्यीय टीम 17 से 25 जून तक बीजिंग में होने वाले 2025 पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में भाग लेगी। इस टीम में जैनब खातून, सीमा रानी, झंडू कुमार, जॉबी मैथ्यू, मनीष कुमार और कस्तूरी जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। इन सभी ने हाल ही में संपन्न राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रभावित किया था। भारतीय टीम में शामिल 16 खिलाड़ियों में से सात महिलाएं हैं। खिलाड़ियों के लिए रविवार को भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की पूर्व अध्यक्ष दीपा मलिक, वर्तमान पीसीआई महासचिव जयवंत हमनवर और भारत पैरा पावरलिफ्टिंग के अध्यक्ष जेपी सिंह मौजूद थे। सिंह ने कहा, ''भारत हर टूर्नामेंट के साथ वैश्विक पैरा पावरलिफ्टिंग बिरादरी में खुद को एक ताकत के रूप में स्थापित कर रहा है। हमारे खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं।

ऑस्ट्रेलिया की हार पर भड़के पूर्व तेज गेंदबाज जॉनसन

सिडनी, एजेंसी

- बोले-हेजलवुड का राष्ट्रीय टीम की बजाय आईपीएल को प्राथमिकता देना चौंकाने वाला था

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की बजाय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को प्राथमिकता देने के लिए हमवतन जोश हेजलवुड की आलोचना करते हुए कहा कि इससे लोग उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठायेंगे। हेजलवुड उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्थगित होने के बाद दोबारा शुरू होने पर भारत लौटने का फैसला किया था।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार इस खिताब को जीता। हेजलवुड ने आईपीएल सत्र में 22 विकेट लिये। उन्होंने फाइनल में पंजाब के आक्रामक सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य को चलता किया। हेजलवुड लॉर्ड्स में खेले गए डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी के अहम खिलाड़ी थे। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस मैच में सिर्फ दो विकेट चटका पाये। दक्षिण अफ्रीका शनिवार को पांच विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

मिचेल जॉनसन जोश हेजलवुड

जॉनसन ने 'वेस्ट ऑस्ट्रेलियन' में लिखा हमने हाल के वर्षों में हेजलवुड की फिटनेस को लेकर समस्या देखी है। राष्ट्रीय टीम की तैयारियों के बजाय विलंबित इंडियन प्रीमियर लीग में वापसी को प्राथमिकता देने के उनके फैसले ने लोगों को चौंका दिया है।'' जॉनसन ने खुद भी आईपीएल के छह सत्र का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने इस दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स, किंग्स इलेवन पंजाब (पंजाब किंग्स) और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया है।

विश्वकप तीरंदाजी : गाथा व पृथिका ने ट्रायल जीते

पुणे, एजेंसी

तीरंदाजी विश्व कप चरण चार और विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल में उलटफेर देखने को मिला। अनुभवी अभिषेक वर्मा और तीन बार के ओलंपियन अतनु दास टीम में जगह बनाने से चूक गए, जबकि तीन किशोर सहित चार खिलाड़ियों ने पहली बार टीम में जगह बनाई। बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में महाराष्ट्र की 15 वर्षीय गाथा खडके और शरवारी शेंडे शामिल थीं जिन्होंने चार सदस्यीय महिला रिकर्व टीम में जगह बनाई।

ये दोनों अनुभवी दीपिका कुमारी और अंकिता भकत से पीछे रहीं। क्रमशः युवा और कैडेट विश्व चैंपियनशिप में भी भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली शरवारी और गाथा ने दुनिया की पूर्व नंबर एक दीपिका (तीसरे) और अंकिता (चौथे) को पछाड़कर क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष दो स्थान हासिल किए थे। हालांकि एलिमिनेशन दौर में दीपिका ने गाथा को पछाड़ दिया और 16.5 अंक के साथ ट्रायल में शीर्ष पर रहीं। अंकिता (13.75), गाथा (13) और शरवारी (11.75) ने टीम में अन्य तीन स्थान हासिल किए। ये चारों मैड्रिड में विश्व कप चरण चार (8-13 जुलाई) में हिस्सा लेंगी जबकि केवल शीर्ष तीन तीरंदाजी ही ग्वांगझू (5-12 सितंबर) में विश्व चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। अतनु सिर्फ 0.5 अंक से पुरुष रिकर्व में चयन से चूक गए।

मेसी की इंटर मियामी गोल रहित ड्रॉ खेली

मियामी गार्डन्स : लियोनल मेसी अतिरिक्त समय में लंबी दूरी से मारे शॉट पर गोल करने में नाकाम रहे जिससे उनकी टीम इंटर मियामी और मिस्र के अल आहली के बीच क्लब विश्व कप का पहला मैच गोल रहित ड्रॉ रहा।

अर्जेन्टीना के आठ बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता मेसी ने शनिवार रात हुए मुकाबले में अंतिम लम्हों में दायें छोर पर लंबी दूरी से शॉट मारा लेकिन विरोधी गोलकीपर मोहम्मद एलशेनावी ने गोता लगाते हुए उनके प्रयास को नाकाम कर दिया। एलशेनावी के हाथ से छूने के बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। इससे पहले 60वें मिनट में भी मेस्सी की फ्री किक गोल पोस्ट से टकरा गई थी। अल आहली को इससे पूर्व पहले हाफ में गोल करने का शानदार मौका मिला लेकिन गोलकीपर ऑस्कर उस्तानी ने मध्यांतर से ठीक पहले ट्रेजेगे की पेनल्टी को रोक दिया।

क्लब विश्व कप में लियोनेल मेसी फ्री किक लेते हुए। ● एजेंसी

भारत को प्रो लीग में मिली लगातार छठी हार

एफआईएच प्रो लीग

एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी

- ऑस्ट्रेलिया ने 2-3 से शिकस्त दी, नीदरलैंड और अर्जेंटीना से पहले ही मिल चुकी है मात

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन जारी रहा। रविवार को उसे ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत पहले ही नीदरलैंड और अर्जेंटीना से मैच हार चुका है। यह सभी मुकाबले हालांकि करीबी रहे थे। अपना 400वां मैच खेलने वाले पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह अपनी टीम को प्रेरित करने में असफल रहे। भारत के लिए संजय (तीसरे मिनट) और दिलप्रीत सिंह (36वें मिनट) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए टिम ब्रैंड (चौथे), ब्लैक गोवर्स (पांचवें) और कूपर बर्न्स (18वें मिनट) ने गोल किए।

भारत ने सकारात्मक शुरुआत करते हुए दबदबा बनाया। मैच के तीसरे मिनट में ही संजय के गोल से बढ़त हासिल कर ली। संजय ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर के रिबाउंड पर गोल किया। टीम की यह खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई क्योंकि एक मिनट के बाद ही ऑस्ट्रेलिया ने बराबरी का गोल दाग दिया। भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक टिम ब्रैंड के प्रयास को रोकने में नाकाम रहे। इसके एक मिनट (मैच के पांचवें मिनट) के बाद ही गोवर्स ने सर्कल के पास से गोल कर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया इसके बाद मैच पर पूरी तरह हावी हो गया। टीम ने अगले कुछ मिनटों में चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये। बर्न्स ने मैच के 18वें मिनट में गोल कर टीम को 3-1 से आगे कर दिया। पाठक ने इसके बाद कुछ शानदार बचाव करते हुए ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को और बड़ी होने से रोक दिया। उन्होंने इस दौरान 24वें मिनट में डेविस एटकिंसन के प्रयास पर कमाल का बचाव किया। भारतीय टीम को मैच के 27 वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम ने दोनों मौकों को जाया कर दिया। मध्यांतर के बाद मैच के 36वें मिनट में शिलानंद लाकड़ा और अभिषेक की मदद से बनाये मौके को दिलप्रीत सिंह ने गोल में बदल कर मैच में भारत को वापसी दिलाने की कोशिश की लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय रक्षापंक्ति पर दबाव बनाये रखा। ऑस्ट्रेलिया को आखिरी 10 मिनट में तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन पाठक ने तीनों मौकों पर अच्छा बचाव किया। भारतीय टीम अब 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

भारत के जुगराज सिंह (बाएं) व ऑस्ट्रेलिया के कूपर बर्न्स (दाएं) गोल का प्रयास करते हुए। ● एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया ने हराया

लंदन : भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी लेकिन अंतिम मिनट में गोल खाकर 1-2 से हार गई। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की लगातार दूसरी हार है।

टीम को इससे पहले शुक्रवार 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। वैष्णवी फाल्के के मैदानी गोल की मदद से भारतीय टीम ने मैच के तीसरे मिनट में ही बढ़त कायम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने मैच के 37वें मिनट में एमी लॉटन के गोल से स्कोर बराबर कर लिया। मैच नियमित समय में बराबरी की तरफ बढ़ रहा लेकिन 60वें मिनट में लैक्सी पिकरिंग ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारतीय खेमे को हताश कर दिया। भारतीय टीम अब मंगलवार को अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगी।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 50 मैदान विकसित होंगे

दंतेवाड़ा, एजेंसी

- प्रशासन की पहल पर सचिन का फाउंडेशन पूरा करेगा काम

छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा नक्सल प्रभावित जिले के ठप्पे को खत्म कर रहा है। स्थानीय प्रशासन की अनोखी पहल की बदौलत खेल केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना रहा है। प्रशासन की इस पहल को महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है।

जिले में नक्सलियों का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है, इसलिए प्रशासन ने मान देशी फाउंडेशन और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के साथ मिलकर 'मैदान कप' की शुरुआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पीटीआई को बताया इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। पिछले साल राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था। दुदावत ने कहा कि इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था।

उन्होंने कहा इसी तर्ज पर हमने सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के सहयोग से खेल प्रतिभाओं को और बढ़ावा देने के लिए बच्चों और युवाओं को समर्पित खेल के मैदान उपलब्ध कराने के लिए मैदान कप शुरू करने का फैसला किया। दुदावत ने कहा कि पहले चरण में 50 गांवों में इतने ही खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

वाराणसी के नमो घाट पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले एक सप्ताह तक चलने वाले विशेष योग शिविर की शुरुआत जोश और ऊर्जा से हुई। गंगा तट पर आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और योगाभ्यास किया। सूर्योदय की स्वर्णिम किरणों के बीच युवाओं का अनुशासित योग प्रदर्शन न सिर्फ शारीरिक और मानसिक संतुलन का प्रतीक बना, बल्कि यह भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत करता दिखा। एजेंसी

पॉलीग्राफी टेस्ट झूठ पकड़ने की वैज्ञानिक तकनीक

पॉलीग्राफी टेस्ट, जिसे आमतौर पर लाई डिटेक्टर टेस्ट कहा जाता है, एक ऐसी वैज्ञानिक तकनीक है जिसका उपयोग किसी व्यक्ति के झूठ बोलने या सत्य कहने का पता लगाने के लिए किया जाता है। यह परीक्षण व्यक्ति की शारीरिक प्रतिक्रियाओं जैसे कि हृदयगति, रक्तचाप, पसीना और श्वास दर को रिकॉर्ड करता है जब उससे प्रश्न पूछे जाते हैं। यह तकनीक विशेष रूप से आपराधिक मामलों में संदिग्धों या गवाहों की सच्चाई की जांच करने के लिए इस्तेमाल की जाती है। हालांकि यह परीक्षण अदालत में साक्ष्य के रूप में मान्य नहीं होता, फिर भी जांच एजेंसियों के लिए यह एक सहायक उपकरण के रूप में कार्य करता है।



पॉलीग्राफी टेस्ट क्या है

- पॉलीग्राफी टेस्ट मनोवैज्ञानिक विश्लेषण होता है, जिसमें मशीन के माध्यम से व्यक्ति की शारीरिक प्रतिक्रियाएं मापी जाती हैं। इसमें एक प्रशिक्षित परीक्षक व्यक्ति से प्रश्न पूछता है और उसकी प्रतिक्रिया के दौरान हृदयगति, रक्तचाप, त्वचा की विद्युत चालकता (पसीना) और श्वास दर को रिकॉर्ड करता है। माना जाता है कि जब कोई झूठ बोलता है तो उसका शरीर तनाव में आ जाता है, जिससे ये संकेत बदलते हैं।

इसकी जरूरत क्यों होती है

- पॉलीग्राफी टेस्ट की आवश्यकता तब पड़ती है जब किसी अपराध की जांच में ठोस साक्ष्य नहीं मिलते या जब किसी व्यक्ति की बातों पर संदेह होता है। जांच एजेंसियां इस टेस्ट के जरिए यह समझने की कोशिश करती हैं कि कोई व्यक्ति झूठ बोल रहा है या नहीं। हालांकि यह परीक्षण सत्य का अंतिम प्रमाण नहीं है, लेकिन यह जांच को दिशा देने में सहायक हो सकता है। यह परीक्षण अक्सर हाई प्रोफाइल मामलों, आतंकवाद, हत्या, बलात्कार या धोखाधड़ी जैसे अपराधों में उपयोग किया जाता है।

कानूनी पहलू

- भारतीय कानून के अनुसार, पॉलीग्राफी टेस्ट केवल व्यक्ति की सहमति से ही किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने सेल्वी बनाम स्टेट ऑफ कर्नाटका (2010) के फैसले में स्पष्ट किया है कि बिना सहमति के पॉलीग्राफी, नार्को और ब्रेन मैपिंग जैसे टेस्ट करवाना व्यक्ति के मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 20(3) – आत्म-साक्षी न बनने का अधिकार) का उल्लंघन है। यदि कोई व्यक्ति सहमति देता है, तो भी कोर्ट की अनुमति आवश्यक होती है।

अपराध के खुलासे में भूमिका

- पॉलीग्राफी टेस्ट सीधे अपराध सिद्ध नहीं करता, यह जांच के दौरान उपयोगी सूचनाएं दे सकता है। इससे जांचकर्ता समझ सकते हैं कि कौन-से बयान संदेहास्पद हैं और किन बिंदुओं पर जांच की जरूरत है। यह टेस्ट संदिग्ध की मानसिक स्थिति का संकेत देता है, जिससे गहन पूछताछ की जा सकती है।

जांच में सहायक

- पॉलीग्राफी टेस्ट अपराध जांच में एक सहायक उपकरण है, लेकिन इसे वैज्ञानिक प्रमाण या कानूनी साक्ष्य के रूप में नहीं माना जाता। इसकी उपयोगिता तभी है जब इसे कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए किया जाए और इसकी रिपोर्ट को विवेकपूर्ण ढंग से देखा जाए।

एक नजर

अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास को बम की धमकी

मुंबई। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कार्यालय को फोन कर परिसर में बम की धमकी दी गई, लेकिन तलाशी के बाद वहां कुछ भी नहीं मिला। पुलिस ने रविवार को बताया कि महावाणिज्य दूतावास को शनिवार रात आठ बजे अज्ञात फोन आया, जिसमें धमकी दी गई। पुलिस को सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया। तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

सरकोजी से लीजन ऑफ ऑनर पदक लिया वापस

पेरिस। फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी से उनका 'लीजन ऑफ ऑनर' पदक वापस ले लिया गया है। उन्हें राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार और प्रभाव का दुरुपयोग करने का पिछले साल दोषी पाया गया था। यह निर्णय जर्नल ऑफ़िसियल में जारी एक आदेश के ज़रिए लिया गया, जो सरकार की प्रमुख कानूनी जानकारी प्रकाशित करता है। यह 'लीजन ऑफ ऑनर' के नियमों के अनुरूप है। सरकोजी 2007 से 2012 तक राष्ट्रपति रहे। पद छोड़ने के बाद से वह कई कानूनी मामलों के केंद्र में रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंक रोधी छापेमारी जारी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को पुंछ जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवाद रोधी अभियान के तहत कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि सुरनकोट तहसील के सौजियां और आसपास के क्षेत्रों में आठ स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। यह कार्रवाई पाकिस्तान से जुड़े आतंकियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने और उनके स्थानीय समर्थकों द्वारा युवाओं को उकसाकर विध्वंसक गतिविधियों में शामिल किए जाने की साजिश को नाकाम करने के उद्देश्य से की जा रही है।

सऊदी में 7 साल जेल के बाद पत्रकार को फांसी

दुबई। सऊदी अरब में 2018 में गिरफ्तार आतंकवाद और राजद्रोह के दोषी प्रमुख पत्रकार को फांसी दे दी गई है। सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार, देश की सर्वोच्च अदालत ने पत्रकार तुर्की अल-जासेर की मौत की सजा बरकरार रखी, जिसके बाद शनिवार को उन्हें फांसी दी गई। अधिकारियों ने 2018 में अल-जासेर के घर पर छापा मारकर उन्हें गिरफ्तार करके कंप्यूटर और फोन जब्त कर लिए थे। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उनके खिलाफ मुकदमे की सुनवाई कब हुई और कितने समय तक चली।

इजराइल-ईरान में संघर्ष जारी, वार्ता रद्द

इजराइल ने दी जोरदार हमले की धमकी, ईरानी मिसाइलों ने दिया वायु रक्षा प्रणाली को चकमा

दुबई, एजेंसी

इजराइल ने रविवार को तीसरे दिन भी ईरान में हवाई हमले किए और इससे भी अधिक जोरदार हमले की धमकी दी। वहीं, ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलें दागनी जारी रखीं, जिसमें से कुछ मिसाइलें इजराइली वायु रक्षा प्रणाली को चकमा देकर मध्य इलाके में इमारतों पर गिरीं। इस बीच, ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में होने वाली परमाणु वार्ता रद्द कर दी गई।

शुक्रवार को इजराइल द्वारा ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर की बमबारी में कई शीर्ष जनरलों और परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने के बाद क्षेत्र में लंबे संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है। इजराइल ने कथित तौर पर एक गैस प्रतिष्ठान को निशाना बनाया, जिससे ईरान के प्रतिबंधित ऊर्जा उद्योग पर व्यापक हमले की संभावना बढ़ गई है और इसका असर वैश्विक बाजारों पर पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल की कार्रवाई के प्रति पूर्ण समर्थन व्यक्त किया है। साथ ही ईरान को चेतावनी दी कि वह नए परमाणु समझौते पर सहमत होकर ही तबाही से बच सकता है। रविवार को तेहरान तथा देश के अन्य हिस्सों से भी नए विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं, लेकिन ईरान ने इसकी कोई जानकारी नहीं दी कि कितने लोग हताहत हुए हैं।

तेल अवीव पर ईरान की मिसाइलों को रोकती इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली।

वहीं, संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा था कि 78 लोग मारे गए हैं तथा 320 घायल हैं। इजराइल की बचाव सेवा मैगन डेविड एडोम के अनुसार इजराइल में शनिवार रात भर और रविवार को हुए ईरानी हमलों में 10 लोग मारे गए हैं।

चीन के विदेश मंत्री ने कहा कि परमाणु स्थलों पर हमले ने एक खतरनाक मिसाल कायम की है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल के अब तक के हमले आने वाले दिनों में हमारी सेना द्वारा किये जाने वाले हमलों की तुलना में कुछ भी नहीं हैं। वहीं, ईरान ने हमेशा कहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। अमेरिका तथा अन्य देशों का आकलन है कि ईरान ने 2003 के बाद से कोई हथियार विकसित नहीं किया है।

यदि इजराइली हमले बंद हो जाएं तो हमारी जबावी कार्रवाई भी रुक जाएगी : ईरानी विदेश मंत्री

दुबई। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को कहा कि अगर उनके देश पर इजराइल के हमले बंद हो जाएं तो हमारी जवाबी कार्रवाई भी रुक जाएगी। अराघची ने तेहरान में राजनयिकों के समक्ष यह टिप्पणी की। शुक्रवार को इजराइली हमले शुरू होने के बाद वह पहली बार सार्वजनिक तौर पर नजर आए। उन्होंने कहा, अगर आक्रामण बंद हो जाते हैं तो हमारी जवाबी कार्रवाई भी बंद हो जाएगी। इजराइल की ओर से इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

इजराइल ने ईरानियों को हथियार बनाने वाले कारखाने को खाली करने को कहा, नए हमलों की आशंका

दुबई। इजराइल सेना ने ईरानियों को हथियार बनाने वाले कारखानों को खाली करने की चेतावनी दी, जिसके बाद नए हमलों की आशंका बढ़ गई है। सैन्य प्रवक्ता कर्नल अविचे अद्राई ने 'एक्स' पर ईरान को फारसी भाषा में चेतावनी जारी की। अद्राई ने पूर्व में गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध के बीच गाजा पट्टी, लेबनान और यमन में अन्य हमलों का संकेत दिया था। उनकी यह चेतावनी ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर इजराइल अपने हमले बंद कर दे तो तेहरान भी इजराइल पर अपने हमले बंद कर देगा।

इजराइल ने ईरान के रक्षा मुख्यालय को बनाया निशाना

दुबई। इजराइल ने रविवार को ईरान पर व्यापक हमला किया और उसके ऊर्जा उद्योग तथा रक्षा मुख्यालय को निशाना बनाया, वहीं ईरान ने भी इजराइल के खिलाफ जवाबी हमले तेज करते हुए मिसाइलों की बौछार कर दी। दो दिन पहले इजराइल द्वारा तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को रोकने के उद्देश्य से किए गए हमलों के बाद दोनों देश हमला और जवाबी हमला करने में लगे हैं। इजराइल पर ईरान के मिसाइल हमलों के बीच तेहरान में भी विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। इजराइल के आपातकालीन अधिकारियों ने कहा कि ईरान के हमले से देश भर में कई स्थानों पर लोगों की मौत हुई है। इजराइली आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि गैलिली क्षेत्र में एक इमारत पर हमले के चलते चार लोगों की मौत हो गई, वहीं मध्य इजराइल में हमले में दो महिलाओं और 10 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। ईरान में हताहत हुए लोगों की संख्या के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

अमेरिका को निशाना बनाने की न सोचे ईरान : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

- बोले- ईरान पर इजराइल के किए हमले से कोई लेना-देना नहीं

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का ईरान पर इजराइल के किए गए हमले से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने अमेरिकी हितों को निशाना बनाने के खिलाफ ईरान को चेतावनी भी दी।

ट्रंप ने शनिवार रात 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि ईरान पर इजराइल की ओर से किए जा रहे हमले से अमेरिका का किसी भी प्रकार से लेना-देना नहीं है। अगर हम पर ईरान की तरफ से किसी भी तरह का हमला किया गया तो अमेरिकी सशस्त्र बल पूरी ताकत से ईरान पर टूट पड़ेंगे और वो हश्र करेंगे जो

आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। हालांकि हम ईरान और इजराइल के बीच आसानी से समझौता करवाकर इस खूनी संघर्ष को खत्म करवा सकते हैं।

इराक ने अमेरिका से इजरायल को हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने से रोकने का किया आग्रह

बगदाद। इराक ने अमेरिका से इजरायली विमानों को इराकी हवाई क्षेत्र में घुसकर हमले करने से रोकने की अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया है। इराक के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के प्रवक्ता सबाह अल-नुमान ने शनिवार को कहा कि इराक सरकार ने अमेरिका से द्विपक्षीय समझौतों और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत अपनी जिम्मेदारियां निभाने की मांग की है। इराक ने दोहराया कि वह अपने हवाई क्षेत्र के किसी भी उल्लंघन या उसे ईरान या अन्य पड़ोसी देशों पर इजरायली हमलों के लिए इस्तेमाल किये जाने का सख्त विरोध करता है। इराक ने संकट का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए अब तक अत्यधिक संयम बरता है। इराक को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता के किसी भी उल्लंघन पर जवाब देने का पूरा अधिकार है। इराक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में शिकायत दर्ज की, जिसमें इजरायल के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने की निंदा की गयी।

ईरान के साथ एकजुटता से खड़ा है पाकिस्तान : शरीफ

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बात कर एकजुटता व्यक्त की और इजराइल के हमले को स्पष्ट तौर पर उकसावे का कृत्य बताया। शरीफ ने शनिवार को पेजेशकियन से टेलीफोन पर बातचीत में ईरान के खिलाफ इजराइल के हमलों की कड़ी निंदा की।



उन्होंने कहा कि यह हमला ईरान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। शरीफ ने 'एक्स' पर कहा, आज ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियन से बात की और इजराइल के अकारण आक्रमण के सामने ईरान के लोगों के साथ पाकिस्तान की अटूट एकजुटता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत ईरान को आत्मरक्षा का अधिकार है। उन्होंने इजराइल के हमलों को क्षेत्रीय, वैश्विक शांति तथा स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बताया।

अमेरिका में ट्रंप के विरुद्ध सड़कों पर उतरे लोग

फिलाडेल्फिया (अमेरिका), एजेंसी

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरोध में शनिवार को पूरे अमेरिका में प्रदर्शनकारी सड़कों, पार्कों और चौकों पर एकत्र हुए। उन्होंने शहरों और कस्बों में मार्च निकाला तथा लोकतंत्र व आप्रवासी अधिकारों की रक्षा के समर्थन के साथ सत्ता-विरोधी नारे लगाए।

नो किंग्स नामक इन प्रदर्शनों के आयोजकों ने कहा कि सैंकड़ों जगहों पर लाखों लोगों ने विरोध प्रदर्शनों में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों और कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मियों के बीच छिट-पुट झड़प की खबरें आईं। हालांकि लॉस एंजिलिस में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया। पोर्टलैंड में अधिकारियों ने आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन भवन के सामने विरोध प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ आंसू गैस का इस्तेमाल किया। यूटा के साल्ट लेक सिटी में पुलिस 1 मार्च के दौरान हुई गोलीबारी की जांच कर रही है, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया था।

लोकतंत्र व आप्रवासी अधिकारों की रक्षा के समर्थन के लिए अमेरिका में सड़कों पर प्रदर्शन करते लोग

पुलिस प्रमुख ब्रायन रेड के अनुसार, इस घटना के संबंध में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह कहना जल्दबाजी होगी कि गोलीबारी राजनीति से प्रेरित थी या नहीं और इसमें शामिल लोग एक-दूसरे को जानते थे या नहीं। हमलावर मार्च कर रहे हजारों लोगों के समूह के साथ-साथ चल रहा था। न्यूयॉर्क, डेनवर, शिकागो, ऑस्टिन और लॉस एंजिलिस में बड़ी संख्या में लोगों ने विरोध मार्च में हिस्सा लिया। अटलांटा में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। 'सिएटल टाइम्स' की खबर के अनुसार, सिएटल के अधिकारियों ने अनुमान लगाया कि शहर की सबसे बड़ी रैली में 70,000 से अधिक लोग शामिल हुए।

अमेरिका ने आव्रजन नीतियां ठीक से लागू नहीं कीं : जेपी मॉर्गन

न्यूयॉर्क/सैन फ्रांसिस्को। जेपी मॉर्गन चेस के चेयरमैन और सीईओ जेमी डिमन ने योग्यता आधारित आव्रजन के लिए समर्थन जताते हुए कहा है कि अमेरिका ने आव्रजन नीतियों को ठीक से लागू नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपरिहार्य है। यह अपरिहार्य नहीं है क्योंकि हम बेहतर हैं। यह अपरिहार्य है क्योंकि (हमारे पास) दुनिया की सबसे अच्छी सेना है, दुनिया का सबसे समृद्ध राष्ट्र है, दुनिया की सबसे अच्छी अर्थव्यवस्था है, सबसे अच्छी प्रौद्योगिकी है, उस प्रौद्योगिकी की जड़ें हैं, हमारे पास जो आजादी हैं। यही वह है जो लोगों को यहां खींच कर लाया है।

पुलिसकर्मी ने भारतीय मूल के व्यक्ति की दबाई गर्दन, मौत

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया में पुलिस अधिकारी द्वारा गिरफ्तार करने का प्रयास करते समय गर्दन को घुटने से दबाने की वजह से लगी चोट के बाद अस्पताल में भर्ती 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत हो गई। रविवार को जारी मीडिया की खबर से यह जानकारी मिली। खबरों के अनुसार एडिलेड के मोडबरी नॉर्थ में रहने वाले गौरव कुंदी की गुरुवार को मौत हो गई। कुंदी को कुछ दिन पहले दिमागी चोट के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिसकर्मी ने रॉयस्टन पार्क में पेनहैम रोड पर कुंदी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया था। पुलिसकर्मी ने आरोप लगाया था कि उसने कुंदी और एक महिला के बीच 'झगड़ा' होते हुए देखा था। घटना से जुड़े एक वीडियो में पुलिसकर्मी को कुंदी से साथ जबरदस्ती करते हुए देखा जा सकता है जबकि वह और उनकी पत्नी अमृतपाल कौर पुलिस की इस हरकत का चीख-चीखकर विरोध कर रहे थे। कुंदी चिल्ला-चिल्लाकर कह रहे थे, मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। वहीं कौर इस पूरी घटना का वीडियो बना रही थीं और बोल रही थीं कि पुलिस अनुचित तरीके से कार्रवाई कर रही है।

तिरुवनंतपुरम में आपात स्थिति में उतरा ब्रिटेन का एफ-35 लड़ाकू विमान

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

ईंधन खत्म होने के बाद शनिवार रात ब्रिटिश एफ-35 लड़ाकू विमान को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा। सूत्रों ने रविवार को बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि विमान ने एक विमानवाहक पोत से उड़ान भरी थी और यह रात करीब साढ़े नौ बजे सुरक्षित उतर गया।

इस संबंध में सूत्र ने कहा कि हवाई अड्डा प्राधिकारियों ने सुचारू एवं सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए आपातकालीन स्थिति की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पायलट ने कम ईंधन की सूचना दी और उतरने की अनुमति मांगी। पूरी स्थिति से शीघ्रता और पेशेवर तरीके से निपटा गया। विमान फिलहाल हवाई अड्डे पर ही खड़ा है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार के संबंधित अधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद ही विमान में ईंधन भरा जाएगा।

सुरक्षा कारणों से आपात लैंडिंग की दी अनुमति : वायुसेना

नई दिल्ली। ब्रिटिश एफ-35 लड़ाकू विमान के शनिवार रात केरल में हुए आपात लैंडिंग के बीच भारतीय वायुसेना ने रविवार को कहा कि वह इस घटना से पूरी तरह से अवगत है और उड़ान सुरक्षा कारणों से विमान को लैंडिंग की सुविधा प्रदान की गई है। भारतीय वायुसेना के प्रवक्ता ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि एफ-35 के मार्ग परिवर्तन की यह सामान्य घटना है। मामले से भारतीय वायुसेना पूरी तरह से अवगत है और उसने उड़ान सुरक्षा कारणों से विमान को उतारे जाने की सुविधा दी। उन्होंने कहा कि सभी तरह की सहायता दी जा रही है और भारतीय वायुसेना सभी एजेंसियों के साथ समन्वय में है। विमान फिलहाल हवाई अड्डे पर है।

शिखर सम्मेलन | ईरान पर इजराइल के हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई पृष्ठभूमि में शामिल

संघर्ष और व्यापार युद्ध के साए में जी 7 नेता कनाडा में जुटे

बैंफ (कनाडा), एजेंसी

दुनिया की कुछ सबसे बड़ी आर्थिक शक्तियों के नेता रविवार को कनाडा के रॉकीज में जी7 की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। यह सम्मेलन इजराइल- ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सहयोगियों और प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ लगाए जा रहे उच्च सीमा शुल्क की पृष्ठभूमि में हो रही है।

ईरान पर इजराइल के हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई ने कई वैश्विक नेताओं को हतप्रभ कर दिया है। उनका मानना है कि यह एक अधिक अस्थिर विश्व का नवीनतम संकेत है, क्योंकि ट्रंप अमेरिका को विश्व के पुलिसमैन की भूमिका से मुक्त करना चाहते हैं। जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना होने से पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कहा कि उन्होंने संकट को कम करने के प्रयासों पर ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ-साथ अन्य वैश्वि नेताओं के साथ चर्चा की है।

ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर वैश्विक नेताओं ने जताई चिंता

ब्रिटेन पश्चिम एशिया में लड़ाकू विमान और अन्य सैन्य सहायता भेज रहा है। स्टॉर्मर ने कहा, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर हमारी चिंताएं लंबे समय से हैं। हम इजराइल के आत्मरक्षा के अधिकार को मान्यता देते हैं, लेकिन मैं इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हूं कि इसे कम करने की जरूरत है। क्षेत्र विशेष समेत व्यापक स्तर पर तनाव बढ़ने का बहुत बड़ा खतरा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शिखर सम्मेलन में ''गहन चर्चा'' जारी रहेगी। शिखर सम्मेलन के मेजबान के रूप में, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बैठक के अंत में संयुक्त वक्तव्य या विज्ञप्ति जारी करने की वार्षिक परंपरा को छोड़ने का निर्णय लिया है। अन्य नेता ट्रंप से बात कर उन्हें शुल्क लगाने से रोकने के लिए मनाने की कोशिश करेंगे। इसलिए यह शिखर सम्मेलन एकता के प्रदर्शन के बजाय द्विपक्षीय वार्ताओं की श्रृंखला बनकर रह जाएगा।

शिखर सम्मेलन के केंद्र बिंदु में अमेरिकी राष्ट्रपति

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप शिखर सम्मेलन के केंद्र बिंदु में हैं। ट्रंप पहले कनाडा को 51वां राज्य बनाने और ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी दे चुके हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों रविवार को कनाडा जाने से पहले बेहद प्रतीकात्मक कदम के तौर पर ग्रीनलैंड पहुंचे, जहां उन्होंने आर्कटिक क्षेत्र के नेता और डेनमार्क के प्रधानमंत्री से डेनिश हेलीकॉप्टर में मुलाकात की। मैक्रों के कार्यालय ने कहा कि ग्रीनलैंड की यात्रा इस बात की याद दिलाती है कि पेरिस संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और सीमाओं की सुचिता बनाए रखने के सिद्धांतों का समर्थन करता है, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र में निहित है। ट्रंप रविवार देर रात को अल्बर्टा के कनानास्किस पहुंचेंगे। रविवार को अन्य नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठकें संभव हैं, लेकिन शिखर सम्मेलन कार्यक्रम सोमवार से पहले शुरू नहीं होगा।